THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH
स्वतंत्र वार्ता
epaper.vaartha.com
वर्ष-29 अंक : 219 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) कार्तिक अमावस्या 2081 गुरुवार, 31 अक्टूबर-2024
प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ❊ पृष्ठ : 8+8 मूल्य : 8 रुपये



# सीट शेयरिंग पर यूबीटी खुश नहीं

## इन सीटों पर उद्धव ठाकरे और कांग्रेस ने एकसाथ उतारे उम्मीदवार



मुंबई, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में नामांकन दाखिल होने के बाद भी महाविकास अघाड़ी के भीतर सियासी टकराव की स्थिति बनी हुई है। समझौते से ज्यादा उम्मीदवार उतारने पर संजय राउत ने कांग्रेस पर निशाना साधा है।

**राउत ने कहा है कि सांगली पैटर्न से बचने की जरूरत है**

दरअसल, लोकसभा चुनाव 2024 में सांगली सीट शिवसेना (उद्धव) को मिली थी, लेकिन कांग्रेस के बागी विशाल पाटिल यहां से मैदान में उतर गए। विशाल की वजह से इस सीट पर शिवसेना (उद्धव) तीसरे नंबर पर पहुंच गई। चुनाव बाद विशाल कांग्रेस में आ गए।

**संजय राउत ने और क्या कहा?**

शिवसेना (उद्धव) के प्रवक्ता संजय राउत ने कहा है कि अभी दलों ने गठबंधन धर्म का पालन नहीं किया है। कई ऐसी सीटों पर भी उम्मीदवार उतार दिए गए हैं, जहां समझौता हो गया था। हालांकि, नामांकन वापिस लेने का वक्त अभी बचा है। हमारी कोशिश है कि सबको मनाया जाए। राउत ने कहा कि 90 प्रतिशत सीटों पर आपसी समझौता हो गया है, लेकिन 10 प्रतिशत सीटों पर तकरार है। हम इसे सुलझाने में लगे हैं, ताकि सांगली का पैटर्न फिर से न दोहराया जाए। राउत ने इस दौरान देवेंद्र फडणवीस पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि देवेंद्र फडणवीस के ऊपर विश्वास मत रखना। टाटा एयरबस के बारे में फडणवीस बात कर रहे हैं। इस प्रोजेक्ट का 40 हजार करोड़ नागपुर में आने वाला था, लेकिन वो गुजरात चला गया। फडणवीस जब अपने नागपुर के लिए काम नहीं कर पाए तो फिर आगे की बात क्यों ही कर रहे हैं?

**किन सीटों पर फंसा है पेच**

सांगली में कांग्रेस के भीतर ही बगावत है। यहां से पृथ्वीराज अधिकृत रूप से मैदान में हैं, लेकिन सांसद विशाल पाटिल की भाभी जयश्री भी यहां से ताल ठोक रही हैं। इसी तरह मिराजे की सीट पर भी पेच फंसा हुआ है। कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) के बीच विदर्भ और मुंबई की सीटों पर भी पेच फंसा हुआ है। रामटेक सीट पर उद्धव ठाकरे और कांग्रेस दोनों ने उम्मीदवार उतार दिए हैं। कांग्रेस के सिंबल पर यहां से चंद्रपाल चौकसे तो शिवसेना (यूबीटी) के सिंबल पर विशाल बरबेटे चुनाव लड़ रहे हैं।

इसी तरह नासिक मध्य सीट पर भी उद्धव की सेना और कांग्रेस दोनों ने उम्मीदवार उतारे हैं। शिवसेना (यूबीटी) ने यहां बसंतराव गीते को सिंबल सौंपा है। कांग्रेस के टिकट पर गुलाम गौस मैदान में उतरे हैं। बांद्रा पूर्व सीट पर भी कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) दोनों ने उम्मीदवार उतार दिए हैं। कांग्रेस ने यहां से अर्जुन सिंह को सिंबल दिया है, वहीं शिवसेना (यूबीटी) की तरफ से वरुण सरदेसाई मैदान में हैं।

## गुरेज में विधायक नाजिर अहमद खान की रैली पर भीड़ का हमला

### 12 लोग घायल, पुलिस ने दर्ज किया मामला

जम्मू, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। उत्तर कश्मीर के बांदीपोरा जिले के तुलाइल के गुजरान इलाके में विधायक गुरेज नाजिर अहमद खान की रैली पर हुए हमले में कम से कम एक दर्जन लोग घायल हो गए और कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। अधिकारियों के अनुसार, भीड़ ने गुजरान में रैली पर हमला किया, जिसमें एक दर्जन लोग घायल हो गए और कई वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां से तीन को श्रीनगर के अस्पताल में रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, लेकिन अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने धुएं के गोले छोड़े, जिससे स्थिति नियंत्रण में आ गई।

## कांग्रेस नेता को चुनाव प्रचार के दौरान पड़ा दिल का दौरा, अस्पताल में भर्ती



मुंबई, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस नेता परेश धननी को दिल का दौरा (हार्ट अटैक) पड़ गया है। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक गुजरात कांग्रेस नेता परेश धननी महाराष्ट्र के नासिक में पार्टी के चुनाव प्रचार में व्यस्त थे। इसी दौरान उन्हें दिल का दौरा पड़ा। हालांकि यह दिल का दौरा मामूली था।

अस्पताल में उनकी एंजियोप्लास्टी कराई गई और अब उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। बता दें कि गुजरात कांग्रेस के नेता परेश धननी ने राजकोट से बीजेपी के पुरुषोत्तम रुपाला के खिलाफ हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव लड़ा था। पुरुषोत्तम रुपाला क्षत्रियों पर अपनी विवादास्पद टिप्पणियों पर असंतोष का सामना कर रहे थे। परेश धननी ने2002 में अमरेली विधानसभा सीट से पुरुषोत्तम रुपाला को हरा दिया था। परेश धननी इससे पहले गुजरात विधान सभा में विपक्ष के नेता के रूप में काम कर चुके हैं।

## घर में घुसकर तीन महिलाओं पर तेंदुए ने किया हमला

पिथौरागढ़, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। पिथौरागढ़ के ग्राम सभा सलकोट में बुधवार सुबह एक तेंदुए ने घर में घुसकर तीन महिलाओं को घायल कर दिया। महिलाओं का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह लगभग 5:00 बजे तेंदुआ एक घर में घुस गया। तेंदुए के हमले में पदमा देवी (50) पत्नी कृष्णा राम, कस्तूरा देवी (40) पत्नी जीवन लाल और मीना देवी (30) पत्नी फकीर राम पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। महिलाओं की चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके के पहुंचे और लोगों ने शोर मचाया तो तेंदुआ जंगल की ओर भाग गया। तीनों महिलाओं को जिला अस्पताल पिथौरागढ़ में भर्ती किया गया है।

## 'हम कोई एहसान नहीं कर रहे और इसमें न कोई हिंदू-मुसलमान है', पटाखे बैन पर केजरीवाल का जवाब



नई दिल्ली, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जहां दिल्ली के 64000 सफाई कर्मचारियों के लिए बड़ा एलान किया है, वहीं दिल्ली-एनसीआर में लगे पटाखा बैन पर जो सवाल उठ रहे हैं उनका भी जवाब दिया। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री से जब प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पटाखा बैन को लेकर सवाल किया तो उन्होंने कहा कि यह तो सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट सभी ने कहा है कि दीपावली रोशनी का त्योहार है, खुशियों का त्योहार है न कि पटाखों का।

**'हम अपने ऊपर एहसान कर रहे हैं'**


प्रदूषण के मद्देनजर हमें दीये जलाकर मोमबत्ती जलाकर हम अपना त्योहार मनाएं। पटाखे नहीं जलाने चाहिए, पटाखों से प्रदूषण होता है। केजरीवाल ने आगे कहा कि पटाखे न जलाकर ऐसा नहीं है कि हम किसी पर एहसान कर रहे हैं। हम अपने ऊपर ही एहसान कर रहे हैं। प्रदूषण होगा तो हम ही उससे भुगतेंगे, हमारे छोटे-छोटे बच्चे भुगतेंगे। इसमें कोई हिंदू-मुसलमान और कोई धर्म की बात नहीं है, सबकी सांसें जरूरी हैं।

## सुंदरगढ़ में दो गुटों के बीच झड़प में तीन महिला समेत पांच की मौत, घायलों का अस्पताल में इलाज जारी

भुवनेश्वर, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। ओडिशा के सुंदरगढ़ में घुमंतू गुटों के बीच झड़प में तीन महिलाएं समेत पांच लोगों की मौत हो गई। इस झड़प में चार अन्य घायल भी हुए हैं। यह घटना मंगलवार देर रात करमाडीही गांव में घटी। दरअसल, झड़प एक व्यक्ति के एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर को लेकर शुरू हुई थी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रतिद्वंद्वीसमूह ने पांच लोगों की हत्या कर दी। पश्चिमी रेंज की डीआइजी ब्रिजेश रे ने कहा कि चारों घायलों का सुंदरगढ़ जिला मुख्यालय अस्पताल में इलाज जारी है। प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, दूसरे समूह के कुछ लोग धारदार हथियारों के साख गांव में घुस गए थे और दूसरे गुट के सदस्यों पर हमला करने लगे। इस मामले की जांच जारी है।

दोषियों को पकड़ने के लिए पुलिस की दो टीमें बनाई गई हैं। घटनास्थल पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, फॉरेंसिक टीम और डॉग स्कॉड मौजूद हैं।

## सलमान खान को फिर मिली धमकी, दो करोड़ रुपये की भी की गई मांग, मुंबई पुलिस ने दर्ज की एफआईआर




मुंबई, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को फिर एक बार जान से मारने की धमकी मिली है। इस बार धमकी देने वाले ने उनसे दो करोड़ रुपये की भी मांग की है। मुंबई पुलिस ने बुधवार को एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

मुंबई ट्रैफिक पुलिस को मंगलवार को एक संदेश मिला, जिसमे कहा गया कि अगर अभिनेता ने दो करोड़ रुपये नहीं दिए तो उसे जान से मार दिया जाएगा। पुलिस ने तुरंत अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी। इससे पहले भी मुंबई पुलिस की व्हाट्सएप हेल्पलाइन डेस्क को सलमान खान को जान से मारने की धमकी मिली थी। इस दौरान बॉलीवुड अभिनेता से पांच करोड़ रुपये की मांग की गई थी।

इस मामले में पुलिस ने जमशेदपुर से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था। मैसेज भेजने वाले ने जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गैंग के हवाले से कहा था कि अगर सलमान खान जिंदा रहना चाहते हैं और लॉरेंस बिश्नोई गैंग से दुश्मनी खत्म करना चाहते हैं तो उन्हें पांच करोड़ रुपये देने होंगे। इसे हल्के में लेने की गलती न करें। मैसेज में कहा गया कि अगर उन्होंने पैसे नहीं दिए तो उनका हाल बाबा सिद्दीकी से बुरा होगा।

## बिग बॉस फेम चाहत पांडे की मां की बढ़ी मुसीबतें कोर्ट ने संपत्ति कुर्क करने के दिए आदेश



दमोह, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। जिला न्यायाधीश अमर गोयल ने टीवी सीरियल कलाकार और बिग बॉस के मौजूदा सीजन की सहभागी चाहत पांडे की मां भावना पांडे कार की किस्त जमा न करने पर उनके खिलाफ संपत्ति कुर्क करने का आदेश दिया है। उन्होंने वर्ष 2019 में एक फाइनेस कंपनी से 8 लाख 50 हजार रुपए की एक कार जिसमें से उन्होंने 4 लाख 62 हजार रुपए की राशि जमा नहीं की। इस पर उनके खिलाफ नोटिस जारी किए गए थे। इसके बाद भी उन्होंने राशि जमा नहीं की। जिसके चलते अब वह बकाया राशि 13 लाख 20 हजार रुपए हो गई है। जबकि भावना पांडे ने राशि जमा नहीं की तो फाइनेंस कंपनी ने कोर्ट की शरण ली थी। कंपनी के अधिवक्ता अनुपम भारती ने बताया कि भावना पांडे पेशे से शासकीय शिक्षक हैं। उन्होंने एक कार फाइनेंस कराई थी। जिसकी किस्तें उन्होंने जमा नहीं कराई। इससे पहले कंपनी ने नोटिस जारी किया था।







THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com




वर्ष-29 अंक : 219 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) कार्तिक अमावस्या 2081 गुरुवार, 31 अक्टूबर-2024 प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✻ पृष्ठ : 8+8 मूल्य : 8 रुपये

## अवकाश की सूचना



दीपावली के उपलक्ष्य में 31 अक्टूबर को स्वतंत्र वार्ता कार्यालय में अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 2 अक्टूबर को प्रकाशित होगा।

– प्रबंधक

## दीपावली की शुभकामनाएं

स्वतंत्र वार्ता के सुधी पाठकों, एजेंटों, विज्ञापनदाताओं और शुभचिंतकों को दीपावली की शुभकामनाएं।

– प्रधान संपादक

# सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भारी भीड़

### मौजूदा ट्रेनों में जोड़े जाएंगे अतिरिक्त कोच

### > दिवाली और छठ पूजा से पहले गांव जाने को बेताब लोग > 850 विशेष ट्रेनें


हैदराबाद, 30 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की संख्या में भारी वृद्धि देखी जा रही है, क्योंकि यात्री अपने परिवार के साथ दिवाली और छठ पूजा मनाने की तैयारी कर रहे हैं। भारी मांग को देखते हुए दक्षिण मध्य रेलवे (एससीआर) ने त्यौहारी भीड़ को प्रबंधित करने और यात्रियों के लिए सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक उपाय शुरू किए हैं।



दक्षिण मध्य रेलवे के सीपीआरओ ए. श्रीधर, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त देबश्मिता बनर्जी।

यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए सिकंदराबाद से शुरू होने वाले 6 प्रमुख मार्गों सहित लोकप्रिय मार्गों पर कुल 850 विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी। इसके अलावा, मांग को पूरा करने के लिए प्रतीक्षा सूची वाले यात्रियों के लिए मौजूदा ट्रेनों में अतिरिक्त कोच जोड़े जाएंगे। ये सेवाएं पटना, संतरागाछी और मुजफ्फरपुर जैसे प्रमुख गंतव्यों को कवर करती हैं, जहां त्यौहारी सीजन के दौरान भारी भीड़ होती है। अकेले सिकंदराबाद-पटना मार्ग पर विशेष ट्रेनें काजीपेट, रामागुंडम, नागपुर और प्रयागराज जैसे महत्वपूर्ण स्टेशनों पर रुकेंगी, जो प्रवासी श्रमिकों और छुट्टियों के यात्रियों की जरूरतों को पूरा करेंगी। भीड़भाड़ कम करने के लिए, एससीआर ने सिकंदराबाद स्टेशन और मार्ग के अन्य प्रमुख स्टेशनों पर अतिरिक्त कर्मचारी तैनात किए हैं। एससीआर के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ए. श्रीधर ने कहा कि यात्रियों की सहायता के लिए हेल्प डेस्क चालू हैं और भीड़ को प्रभावी ढंग से नियंत्रित करने के लिए सुरक्षाकर्मी तैनात हैं। अंतिम समय में बुकिंग और पूछताछ की सुविधा के लिए अतिरिक्त टिकट काउंटर स्थापित किए गए हैं। प्रमुख स्टेशनों पर 14 अतिरिक्त काउंटरों के साथ सामान्य टिकटिंग संचालन को मजबूत किया गया है।

साथ ही मांग के आधार पर काउंटरों की संख्या बढ़ाने की योजना है। व्यस्त समय के दौरान कतारों और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और टिकट चेकिंग स्टाफ को भी तैनात किया जाता है। सिकंदराबाद की वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त देबश्मिता सी. बनर्जी ने कहा कि आरपीएफ ने भीड़ को नियंत्रित करने और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 250 कर्मियों के साथ उपाय किए हैं। इनमें व्यापक सीसीटीवी निगरानी, प्लेटफॉर्म और ट्रेनों में घूमने वाले क्षेत्रों में जनशक्ति की तैनाती, उपद्रवियों के खिलाफ कड़ी निगरानी और यात्रियों के लिए सुरक्षा जागरूकता अभियान शामिल हैं। त्योहारी भीड़ को देखते हुए अधिकारियों ने यात्रियों को सलाह दी है कि वे टिकट जल्दी बुक करें और देरी से बचने के लिए प्रस्थान समय से पहले स्टेशन पर पहुंचें। एससीआर ने यात्रियों से काउंटरों पर भीड़ कम करने के लिए ऑनलाइन बुकिंग सेवाओं का उपयोग करने का भी आग्रह किया है।




# उड़ानों में बम धमकियों का गंभीरता से आकलन करेगी समिति

### बीसीएएस ने जारी किए नए निर्देश

नई दिल्ली, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय उड़ानों में बम होने की धमकी की गंभीरता का आकलन करने के लिए नए दिशानिर्देशों में कुछ महत्वपूर्ण बातें शामिल की हैं। अब सोशल मीडिया पर धमकी देने वाले का नाम, भू-राजनीतिक स्थिति और और विमान में वीआईपी आदि का भी ध्यान रखा जाएगा। नागरिक उड्डयन ब्यूरो (बीसीएएस) ने यह नए दिशानिर्देश जारी किए हैं, ताकि सुरक्षित हवाई यात्रा में सुधार किया जा सके। हाल के दिनों में 510 से ज्यादा घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को बम से उड़ानें की धमकियां मिलीं, जो बाद में झूठी साबित हुईं। ये धमकियां ज्यादातर गुमनाम सोशल मीडिया खातों से आई थीं, जिससे उड़ानों के संचालन में काफी दिक्कते आईं। साथ ही उड़ानों को वित्तीय संकटों का भी सामना करना पड़ा। मौजूदा अभ्यास के अनुसार, जब किसी उड़ान में बम की धमकी आती है, तो एक समिति बनाई जाती है। जिसे बम धमकी आकलन समिति (बीटीएसी) कहा जाता है। यह समिति तय करती है कि धमकी असली है या झूठी। इस समिति में बीसीएएस, सीआईएसएफ, स्थानीय पुलिस, एयरपोर्ट और एयरलाइन और अन्य एजेंसियों के अधिकारी शामिल होते हैं। नए दिशानिर्देशों के अनुसार बीटीएसी एक बहु स्तरीय दृष्टिकोण अपनाएगी, ताकि सोशल मीडिया पर दी गई धमकी की विश्वसनीयता और गंभीरता का आकलन किया जा सके। समिति खतरों का विश्लेषण करेगी और देखेगी कि क्या धमकी देने वाला किसी आतंकवादी संगठन से जुड़ा है। इसले अलावा, अगर उड़ान में कोई वीआईपी है तो इस बात को भी ध्यान में रखेगी।

एक वरिष्ठ विमानन सुरक्षा अधिकारी ने पीटीआई को बताया कि पिछले दिनों में 400 से ज्यादा बम धमकियों को झूठा बताया गया है। इससे यात्रियों और उड़ानों को राहत मिली। उन्होंने पहले हर धमकी को गंभीरता से लिया जाता था, जिससे संसाधनों पर दबाव पड़ता था। अब नए दिशानिर्देशों से प्रक्रिया में यह सुनिश्चित किया जाएगा कि बम की धमकी की प्रत्येक घटना का सही तरीके से मूल्यांकन किया जाएगा, जिससे सुरक्षित हवाई यात्रा में सुधार हो सके।

# ईसी की फटकार के बाद अब बीजेपी का कांग्रेस पर हमला

नई दिल्ली, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत के चुनाव आयोग ने हाल ही में हरियाणा विधानसभा चुनावों में अनियमितताओं के कांग्रेस के आरोपों को खारिज कर दिया। साथ ही इन आरोपों को 'निराधार, गलत और तथ्यों से रहित' बताया। अब इस मुद्दे को लेकर भाजपा ने कांग्रेस को लोकतंत्र विरोधी पार्टी बताया। साथ ही कहा कि आपातकाल वाली पार्टी एक स्वस्थ लोकतंत्र को पचा नहीं सकती है। कांग्रेस ने चुनाव आयोग से कई शिकायतें की थीं, जिनमें आठ अक्तूबर को मतगणना प्रक्रिया में धीमी गति के आरोप भी शामिल थे। इस दिन हरियाणा और जम्मू-कश्मीर चुनावों के परिणाम घोषित किए गए थे। कांग्रेस ने 26 विधानसभा क्षेत्रों के कुछ मतदान केंद्रों पर मतगणना के दौरान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) की कंट्रोल यूनिट (सीयू) पर 99 प्रतिशत बैटरी स्थिति प्रदर्शित होने पर भी स्पष्टीकरण मांगा था। कांग्रेस ने हरियाणा चुनाव में 26 शिकायतें की थीं। मतगणना के लगभग 20 दिन बाद चुनाव आयोग ने मंगलवार को 1600 पन्नों में आरोप का जवाब दिया। चुनाव आयोग ने कांग्रेस के आरोपों पर कि कांग्रेस और अन्य राजनीतिक दलों को वोटिंग और काउंटिंग जैसे संवेदनशील समय पर इस तरह के सनसनीखेज आरोप लगाने को लेकर चेताया।






सुविचार

जीवन में प्रयास सदैव कीजिए 'लक्ष्य' मिले या 'अनुभव' दोनों ही अमूल्य है।

# हैदराबाद के शोधकर्ता ने रचा इतिहास

## भारत के पहले स्तन कैंसर जीनोमिक एटलस बनाने की ऐतिहासिक पहल का बना हिस्सा

हैदराबाद, 30 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद के आनुवंशिक शोधकर्ता शहर और अन्य जगहों से लगभग 1,000 स्तन कैंसर ट्यूमर के रोगियों की जीनोमिक मैपिंग को पूरा करने और एक अद्वितीय भारतीय स्तन कैंसर जीनोमिक एटलस (आईबीसीजीए) तैयार करने की एक प्रमुख देशव्यापी पहल का हिस्सा हैं। भारतीय स्तन कैंसर के मामलों की जीनोमिक प्रोफाइलिंग का कार्यक्रम, जो पहले से ही चल रहा है, अपनी तरह का पहला कार्यक्रम है और इसे वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) के तहत भारत में कई आनुवंशिक प्रयोगशालाओं द्वारा शुरू किया जा रहा है, जिसमें हैदराबाद स्थित कोशिकीय एवं आणविक जीवविज्ञान केंद्र (सीसीएमबी) के शोधकर्ता भी शामिल हैं।



सीसीएमबी के वरिष्ठ वैज्ञानिकों ने कहा कि समग्र स्तन कैंसर जीनोमिक एटलस का उद्देश्य भारत-विशिष्ट कैंसर जीनोमिक संसाधन तैयार करना है तथा इस प्रक्रिया में नैदानिक महत्व की क्रियाशील आणविक विशेषताओं का पता लगाना है। स्तन कैंसर पर ध्यान केंद्रित करने का कारण यह है कि यह बीमारी भारतीय महिलाओं में बहुत तेज़ी से नंबर एक कैंसर बन गई है। स्तन कैंसर जीनोमिक एटलस पर एक नोट में सीएसआईआर ने कहा कि भारतीय आबादी में स्तन कैंसर से जुड़ी मृत्यु दर में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। ट्यूमर के जीनोमिक लक्षण वर्णन से डॉक्टरों, वैज्ञानिकों को कैंसर रोगियों के नैदानिक प्रबंधन में सुधार करने में मदद मिलेगी।

जीनोमिक कैंसर एटलस के एक भाग के रूप में, हैदराबाद और पूरे भारत के 50 से अधिक चिकित्सक, 35 वैज्ञानिक और 12 अस्पताल, भारतीय रोगियों के कैंसर संबंधी 400 टेराबाइट से अधिक डेटा तैयार करने की प्रक्रिया में हैं। प्रसिद्ध विज्ञान पत्रिका नेचर (फरवरी, 2024) में शोधकर्ताओं ने कहा कि एटलस की सफलता मानवता के 20 प्रतिशत हिस्से को प्रभावित करेगी। उन्होंने कहा कि 1,000 स्तन कैंसर रोगियों के पहले समूह से बहुत सारा डेटा मिलने की उम्मीद है, जो प्रभावशाली शोध को सक्षम करने के लिए उच्च गुणवत्ता वाले डेटा बनाने के महत्व को रेखांकित करता है।

# ड्रग टेस्ट की चुनौती पर कांग्रेस-बीआरएस नेताओं में टकराव

हैदराबाद, 30 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस और बीआरएस नेताओं के बीच ड्रग टेस्ट चुनौतियों को लेकर टकराव जारी है और वे एक-दूसरे पर इसका सामना करने का साहस न होने का आरोप लगा रहे हैं। बीआरएस विधायक पदी कौशिक रेड्डी ने कांग्रेस सांसद अनिल कुमार यादव और एमएलसी बालमुरी वेंकट पर पलटवार किया, जिन्होंने उन्हें ड्रग टेस्ट की चुनौती दी थी। उन्होंने उन्हें तारीख, समय और स्थान बताने की चुनौती दी। हाल ही में अनिल कुमार यादव और बालमुरी वेंकट ने कई बीआरएस नेताओं पर नशीली दवाओं के सेवन में लिप्त होने का आरोप लगाया और उन्हें नशीली दवाओं की जांच कराने की चुनौती दी।

जवाब में कौशिक रेड्डी ने चुनौती स्वीकार कर ली। मंगलवार को दोनों कांग्रेस नेताओं ने गचीबावली स्थित एआईजी अस्पताल का दौरा किया और दावा किया कि बीआरएस नेता उनकी चुनौती स्वीकार करने के बाद डर गए। एक वीडियो बयान में, बीआरएस विधायक पडी कौशिक रेड्डी ने सांसद अनिल कुमार यादव के इस मुद्दे पर दृष्टिकोण की निंदा की। कौशिक रेड्डी ने कहा कि अनिल हमें सूचित किए बिना अस्पताल में आए, चोरों की तरह चुपके से अंदर घुसे। अगर उन्होंने मीडिया और हमें सूचित किया होता, तो हमारे सभी 28 विधायक एआईजी अस्पताल में इंतजार कर रहे होते।

उन्होंने कांग्रेस सांसद को सार्वजनिक ड्रग टेस्ट के लिए तारीख और स्थान तय करने की चुनौती दी। उन्होंने कहा कि अपने कैबिनेट मंत्रियों और विधायकों के साथ आइए, हम भी वहां होंगे, साथ ही बीआरएस के विधायक और सांसद भी टेस्ट कराने के लिए वहां होंगे।

# डिजिटल गिरफ्तारी के नाम पर 4.21 लाख की ठगी



हैदराबाद, 30 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। एक पूर्व सरकारी कर्मचारी को साइबर जालसाजों ने 4.21 लाख रुपये का चूना लगा दिया, उन्हें 'डिजिटल गिरफ्तारी' के तहत रखा गया और धन शोधन मामले में उनकी कथित भूमिका के लिए कानूनी कार्रवाई की धमकी दी गई। 6% वर्षीय महिला को सबसे पहले एक अजनबी व्यक्ति का फोन आया, जिसने खुद को भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण का अधिकारी बताया। फिर संदिग्ध ने कॉल को किसी दूसरे व्यक्ति को ट्रांसफर कर दिया, जिसने खुद को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) का अधिकारी बताया।

पीड़िता को बताया गया कि उसके आधार कार्ड का उपयोग करके एक बैंक खाता खोला गया था और मुंबई में उसके नाम पर एक सिम कार्ड भी सक्रिय किया गया था। हैदराबाद साइबर क्राइम पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि फर्जी सीबीआई अधिकारी ने महिला को धमकाते हुए कहा कि वह मनी लॉन्ड्रिंग गतिविधि में शामिल है और जांच का सामना कर रही है। उस व्यक्ति ने महिला से कहा कि वह डिजिटल रूप से गिरफ्तार है और जांच पूरी होने तक वह घर से बाहर नहीं निकल सकती। इसके बाद जालसाजों ने उसे क्राइम ब्रांच और सीबीआई द्वारा अधिकृत एक पत्र भेजा। अधिकारी ने कहा कि उसे व्हाट्सएप कॉल पर जुड़ने और जांचकर्ताओं के साथ सहयोग करने का निर्देश दिया गया था।

तथाकथित जांच के दौरान, पीड़ित महिला को 4,21,357 रुपये एक खाते में ट्रांसफर करने के लिए धोखा दिया गया, यह आश्वासन देते हुए कि बाद में इसे वापस कर दिया जाएगा। बाद में महिला को एहसास हुआ कि उसके साथ धोखाधड़ी की गई है और उसने पुलिस से संपर्क किया। मामला दर्ज कर लिया गया है।

# दिवाली पर अलर्ट पर अग्निशमन विभाग

## अधिकारियों, कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द

हैदराबाद, 30 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना राज्य आपदा प्रतिक्रिया और अग्निशमन विभाग ने दिवाली के त्यौहार के मद्देनजर पूरे राज्य में अपने सभी कर्मचारियों को अलर्ट पर रखा है ताकि पटाखों या बिजली की रोशनी से होने वाली किसी भी आग दुर्घटना से निपटा जा सके। अग्निशमन नियंत्रण कक्ष में काम करने वाले अधिकारियों और स्टेशनों पर काम करने वाले लोगों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं और उन्हें चौबीसों घंटे अलर्ट पर रखा गया है।

पटाखे जलाने, दीये या मोमबत्ती जलाने तथा शॉर्ट सर्किट के कारण आवासीय क्षेत्रों, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों और कंपनियों सहित विभिन्न स्थानों से आने वाली आपातकालीन कॉलों पर प्रतिक्रिया करने तथा आकस्मिकताओं से निपटने के लिए एक विस्तृत कार्य योजना तैयार की गई तथा उसे सभी अग्निशमन केन्द्रों को भेजा गया।

टीएसडीआरएफडी के एक अधिकारी ने कहा कि स्थानीय अधिकारियों ने उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों की पहचान की है और इस सर्वेक्षण के आधार पर पूरे राज्य में व्यवस्था का मसौदा तैयार किया गया है। जिन केंद्रों पर पटाखा दुकानों को कारोबार करने की अनुमति है, उन्हें उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों के रूप में वर्गीकृत किया गया है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए वहां एक दमकल गाड़ी तैनात की गई है। औद्योगिक केंद्रों को दूसरे उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों के रूप में वर्गीकृत किया गया है और आग की दुर्घटनाओं की पिछली घटनाओं के अनुसार वाहनों को तैनात किया गया है। विभाग ने पूरे राज्य में त्योहार के लिए व्यापार के लिए लगभग 6,500 अस्थायी लाइसेंस जारी किए।

अधिकारियों ने बताया कि दिवाली के दौरान शाम 6 बजे से आधी रात के बीच आग लगने की शिकायतों में वृद्धि देखी गई, जब लोग सिलसिलेवार बल्ब, भारी फैंसी लाइटिंग या पटाखे जलाकर दुकानों को सजाते हैं। ऐसे प्रतिष्ठान, जहाँ बड़ी मात्रा में ज्वलनशील पदार्थ संग्रहीत होते हैं, वहाँ आग लगने की दुर्घटनाएँ अधिक होती हैं। एक अधिकारी ने कहा कि प्रबंधन को अग्नि सुरक्षा पर सावधानी बरतनी चाहिए। बड़ी दुर्घटना की स्थिति में कार्य योजना तैयार करने के लिए टीजीएसपीडीसीएल और एचएमडब्ल्यूएसएंडएसबी अधिकारियों के साथ एक बैठक भी आयोजित की गई।

# एनआरआई के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी

## विधायक को धमकाने का आरोप

करीमनगर, 30 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। करीमनगर पुलिस ने बुधवार को चोप्पाडांडी के विधायक मेडिपल्ली सत्यम को धमकाने और 20 लाख रुपये मांगने के आरोप में एक एनआरआई के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया। पुलिस के अनुसार, यासा अखिलेश रेड्डी ने विधायक को धमकी भरे फोन किए। रंगारेड्डी के बोडुप्पल के भवानीनगर निवासी अखिलेश लंदन में रह रहे हैं। पुलिस ने बताया कि विधायक को 28 सितंबर को एक अज्ञात नंबर (447886696497) से वॉट्सऐप कॉल आया। कॉल करने वाले ने 20 लाख रुपए मांगे और पैसे का इंतजाम न करने पर राजनीतिक रूप से दोषी ठहराने की धमकी दी। आरोपी ने विधायक को जान से मारने की भी धमकी दी, जिसके बाद विधायक ने कोठापल्ली पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसने बीएनएस की धारा 308, 351(3), (4) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच में पता चला कि अखिलेश रेड्डी ने ही विधायक को धमकी भरे कॉल किए थे और पैसे मांगे थे। करीमनगर ग्रामीण एसीपी वेंकटरमण ने बताया कि पुलिस ने इसके बाद ब्यूरो ऑफ इमिग्रेशन के जरिए लुकआउट सर्कुलर जारी किया।


### पूर्व तट रेलवे

सूचना सं. eT-West-WAT-35-2024, दिनांक : 25.10.2024

कार्य का नाम : वाल्टियर मंडल की KK-II लाइन पर सहायक मंडल अभियंता/ किरन्दुल के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत ORN-3 पुलों, पुल संख्या 1133, 1196 और पुल संख्या 1045 (ORN-4) का पुनर्वास।

विज्ञापित मूल्य (₹): 65,66,893.90, EMD (₹): 1,31,300.00, कार्य पुरा होने की अवधि: 12 (बारह महीने)।

निविदा बंद होने की तिथि व समय : दिनांक 19.11.2024 को 1500 बजे

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक / कुरियर / फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 10 (दस) दिन पहले वेबसाइट का पुनः अवलोकन करें।

मण्डल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), वाल्टियर

PR-682/P/24-25

### पूर्व तट रेलवे

(1) सूचना सं. : eT-WAT-SOUTH-37-2024 दिनांक : 21.10.2024

कार्य का नाम : (1) मण्डल अभियन्ता/साउथ/ वाल्टियर के अधीन एल्युमिनो थर्मिक प्रक्रिया से शॉर्ट वेल्डेड (Short Welded) पैनलों में अथवा अन्य रूप से RDSO अनुमोदित वेल्डिंग अंश एवं तकनीक द्वारा यातायात की स्थिति से मुक्त CESS / ट्रैक पर 60 KG/60 EI-R260 ग्रेड रेल के फ्यूजन वेल्डिंग के वेल्डिंग अंश की आपूर्ति एवं परिवहन। (2) मण्डल अभियन्ता/साउथ/वाल्टियर के अधिकार क्षेत्र के अधीन एल्युमिनियम थर्मिक/ SKV प्रक्रिया द्वारा 60 KG. 90 UTS रेल के लिए वेल्डिंग अंश की आपूर्ति एवं परिवहन।

विज्ञापित मूल्य : ₹ 71,05,884.64, EMD : ₹ 1,42,100/-

(2) सूचना सं. : eT-WAT-SOUTH-38-2024 दिनांक : 21.10.2024

कार्य का नाम : सहायक मण्डल अभियन्ता/MYD/ वाल्टियर के अधिकार क्षेत्र के अधीन एल्युमिनियम थर्मिक/ SKV प्रक्रिया द्वारा 52 KG 90 UTS रेल के लिए वेल्डिंग अंश की आपूर्ति एवं परिवहन।

विज्ञापित मूल्य : ₹ 62,85,729.60, EMD : ₹ 1,25,700/-

कार्य पुरा होने की अवधि : 08 (आठ) महीने (क्रम सं. 1 हेतु) एवं 06 (छह) महीने (क्रम सं. 2 हेतु)।

निविदा बंद होने की तिथि व समय : 19.11.2024 को 1500 बजे (दोनों निविदा के लिए)।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक / कूरियर / फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 10 (दस) दिन पहले वेबसाइट का पुनः अवलोकन करें।

मण्डल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), वाल्टियर

PR-678/P/24-25

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India

यूनियन बैंक आफ इण्डिया, क्षेत्रीय कार्यालय, विशाखापटनम

शुद्धिपत्र

प्रमुख दैनिक समाचारपत्रों जैसे, दि हिंदू, स्वतंत्र वार्ता तथा ईनाडु में दि.25.10.2024 को, प्रकाशित, सूचीबध्दता या एम्पैनलमेन्ट नोटिस हेतु निविदाएं, विज्ञापन के संदर्भ में संशोधन निम्न प्रकार है वास्तुकारों की सूचीध्दता हेतु निविदाएं, के स्थान पर, कृपया ठेकेदारों (सिविल सहित) एवं वास्तुकारों की सूचीबध्दता हेतु निविदाएं पढ़ें तत्संबंधित निविदा का अन्य विवरण अपरिवर्तित रहेगा।

हस्ता./- क्षेत्रीय प्रमुख, विशाखापटनम




























VIJAY KUMAR
(Appointed Jewellery valuer by Govt of India)

VIJAY VITHALDAS
PVT LTD
HANDCRAFTING FINE JEWELLERY SINCE 1864

Vithaldas Chambers
6-3-1090/2, Rajbhavan Road
Somajiguda, Hyderabad-500082
Telangana, India

+91 78 9396 9900
+91 91 3333 0147
+91 40 6610 1654
+91 40 6610 4642

8-2-293/82/NG/A
Nandagiri Co-op. Society Ltd.
Nandagiri Hills, Jubilee Hills
Hyderabad-500033,Telangana, India

+91 40 6529 3029

H. Vithaldas
JEWELLERS

SATISH KUMAR - RAHUL JHAVERI

VITHALDAS CHAMBERS
# 6-3-1090/2, Rajbhavan Road,
Somajiguda, Hyderabad-82, T.S. Ph: 040- 66103079
Email: vithaldasjewellers@gmail.com


स्वतंत्र वार्ता

गुरुवार, 31 अक्टूबर- 2024

# कितना खरा उतरेंगी प्रियंका ?

केरल के वायनाड जैसी लोकसभा सीट जीत के लिहाज से प्रियंका गांधी वाड्रा के लिए बेहद मुफीद मानी जा रही है। इसके बावजूद उनके सामने चुनौतियां कम नहीं हैं। राजनीति में उनका मौजूदा मुकाम देखते हुए जीत-हार की बजाय उनसे कुछ और ही सवाल पूछा जाना चाहिए। बहरहाल, अभी तो उनकी मुट्ठी बंद है, जब खुलेगी तो पता चलेगा कि लाख की है कि खाक की। लेकिन वे अपने कुछ बेहतरीन भाषण से अपनी प्रतिभा को दिखाने में पीछे नहीं हैं। जानकारों के अनुसार वे अपनी दादी, पिता और भाई से भी ज्यादा प्रभावी भाषण दे रही हैं। पार्टी उनकी क्षमताओं से लाभान्वित हो सकती है। इसलिए अंदाजा लगाया जा सकता है कि जब उनका राजनीतिक करियर खिलेगा, तो उनके नाम कुछ सार्थक उपलब्धियां निकलेंगी। एक सांसद के रूप में अगर वे तथ्यों और आंकड़ों के साथ सदन में खड़ी होंगी तो सरकार के लिए समस्या भी बन सकती हैं। भारतीय राजनीति में एक नेता में जो गुण देखे जाते हैं उसमें सबसे प्रमुख है सांगठनिक काम। दूसरा है गठजोड़ की रणनीति को लागू करना। और तीसरा है प्रचार-कार्य और जनसम्पर्क। यह तीसरा काम प्रियंका अपनी मां और भाई के निर्वाचन क्षेत्रों में 1990 के दशक से ही कर रही हैं। सांगठनिक और गठजोड़ की रणनीति का काम वे पिछले पांच साल से कर रही हैं। बहरहाल, राष्ट्रीय राजनीति में कदम रखते ही प्रियंका ने यूपी में कांग्रेस के काम को बढ़ाने का गुरुतर दायित्व उठा लिया था। इस मामले में उनकी हिम्मत की दाद देनी पड़ेगी, क्योंकि यहां उनकी सफलता की संभावनाएं बहुत कम थीं। हुआ वही, जिसका डर था। उनकी तमाम कोशिशें असफल रहीं। फिर 2022 के विधानसभा चुनाव में 'लड़की हूं, लड़ सकती हूं' जैसा आकर्षक लगने वाला नारा भी काम नहीं आया। यूपी में कांग्रेस का संगठन और जनाधार कमजोर होने की वजह से उनकी नाकामी नजरअंदाज की जा सकती है। लेकिन उनकी दूसरी विफलता जब पंजाब में दिखाई दी तो लोगों ने कहना शुरू कर दिया कि पंजाब में उनके पास अपनी रणनीतिक और सांगठनिक कुशलता दिखाने का पूरा मौका था। लेकिन वहां भी ऐतिहासिक असफलता उनके हाथ लगी। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को बुरी तरह मात खानी पड़ी। जाहिर है कि अभी तक सांगठनिक और रणनीतिक काम में अलग-अलग कारणों से उन्हें बड़ी नाकामी का सामना करना पड़ा है। वायनाड से यदि वे जीतती हैं तो दक्षिण भारत में कांग्रेस के कामकाज की व्यावहारिक इंचार्ज प्रियंका गांधी ही हो जाएंगी, भले ही उनका नाम इसके लिए औपचारिक रूप से घोषित किया जाए या नहीं। बहरहाल, आजकल यह जिम्मेदारी के.सी. वेणुगोपाल सम्भालते हैं। दक्षिण में प्रियंका गांधी को कर्नाटक और एक हद तक तेलंगाना छोड़कर न तो भाजपा से टकराना पड़ेगा, और न ही आम आदमी पार्टी से। लेकिन इसका मतलब यह नहीं निकाला जा सकता कि उनका काम वहां आसान होगा। दक्षिण की राजनीति की अपनी पेचीदगियां भी बहुत हैं। यहां उन्हें इंडिया गठबंधन के प्रभावशाली सहयोगियों कम्युनिस्ट पार्टी और द्रविड़ मुनेत्र कषगम के साथ प्रतियोगिता और सहयोग की द्वंद्वात्मक राजनीति से गुजरना पड़ेगा। अगर कहीं भाजपा-तेलुगुदेशम के मिले-जुले दबाव में वाईएसआर कांग्रेस ने भी इंडिया गठबंधन में आना स्वीकार कर लिया तो प्रियंका का काम कांटों भरा हो जाएगा। प्रियंका गांधी की मुट्ठी से दक्षिण की राजनीति के संदर्भ में क्या निकलेगा, यह तो भविष्य के गर्भ में है। बहरहाल, अभी तक संगठन और रणनीतिक जिम्मेदारियों में प्रियंका को नाकामी का सामना करना पड़ा है। वायनाड से जीतने के बाद वे दक्षिण में कांग्रेस के कामकाज की व्यावहारिक इंचार्ज बन सकती हैं। लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि यहां उनकी राह आसान होने वाली है।

# अमेरिकी चुनाव में भारतीय फैक्टर का क्या असर होगा ?



अशोक भाटिया

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है। देश के 50 राज्यों के मतदाता मतदान के जरिए अगले चार साल के लिए राष्ट्रपति चुनेंगे। 5 नवंबर को होने वाले चुनाव में मतदाता अमेरिकी संसद यानी कांग्रेस के सदस्यों के लिए भी मतदान करेंगे। कांग्रेस सदस्य कानूनों को पारित करने में अहम भूमिका निभाते हैं। यह मुकाबला मौजूदा उपराष्ट्रपति और डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस और पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन पार्टी के प्रत्याशी डोनाल्ड ट्रंप के बीच होना है। इस चुनाव में जीतने वाला व्यक्ति व्हाइट हाउस से देश का नेतृत्व करेगा। राष्ट्रपति का कार्यकाल जनवरी 2025 से शुरू होकर चार साल चलेगा। राष्ट्रपति के पास कुछ कानून स्वयं पारित करने की शक्ति है, लेकिन अधिकांशतः उन्हें कानून पारित करने के लिए संसद के साथ मिलकर काम करना पड़ता है।

अमेरिकी मीडिया की मानें तो इस बार इन चुनावों में इंडिया फैक्टर छाया हुआ है। जीते कोई भी पर व्हाइट हाउस में भारतीय मूल का दाखिला तय है। अमेरिकी राजनीति में भारतीय मूल के नेताओं के प्रभाव पर जो चर्चा अमेरिका में आज चल रही है, उम्मीद है कि वह अगले कुछ दशकों तक चलेगी।अमेरिका में 'इंडिया इम्पैक्ट', इंडिया फैक्टर संबंधी यह चर्चा उनकी जीत के बाद और आगे भी होती रहेगी कि अमेरिकी राजनीति में भारतीयों का साफ दिखता असर पर्याप्त तेजी से बढ़ रहा है, वह आगे क्या रंग लाएगा। फिलहाल, यह तो तय है कि अगर ट्रंप जीतते हैं तो उप राष्ट्रपति जेडी वेंस की पत्नी के रूप में भारतीय मूल की उषा वेंस व्हाइट हाउस में रहेंगी और अगर उपराष्ट्रपति बनने वाली पहली भारतीय मूल की महिला कमला हैरिस चुनाव में जीत हासिल करती हैं, तो वे भी राष्ट्रपति भवन में भारतीय मूल का प्रतिनिधित्व करेंगी।

सबब यह कि व्हाइट हाउस में किसी भारतीय अमेरिकी का पहुंचना तय है। अमेरिका के सेंसस ब्यूरो के मुताबिक 2020 में भारतीय मूल के अमेरिकियों की संख्या ४४ लाख से ज्यादा और २०२३ में ४८ लाख थी, जबकि अन्य स्रोत कहते हैं कि यह संख्या इस साल ५२ लाख पार कर चुकी है, जिसमें से २६ लाख से ज्यादा मतदाता हैं। भारतीय मूल के मतदाता कुल अमेरिकी मतदाता के करीब डेढ़ फीसदी ही हैं, लेकिन ये एक महत्वपूर्ण वोटिंग ब्लॉक हैं। विश्लेषक कहते हैं कि यहां के चुनावी गणित के अनुसार इतने मतदाता बहुत महत्व रखते हैं। इन्हीं के चलते भारतीय अमेरिकी समुदाय का असर सीनेट चुनावों में बढ़ा है। इस चुनाव के नतीजों पर भारतीय अमेरिकियों का असर साफ दिखेगा।लेकिन यह तय है कि इस बार अमेरिका की अगुवाई कौन करेगा- ये तय करने में वहां रहने वाले भारतीय मूल के लोग अहम भूमिका निभाने वाले हैं। इसे इस तरह समझा जा सकता है- हाल में आए द न्यूयॉर्क टाइम्स और सिएना कॉलेज के एक सर्वे में डोनाल्ड ट्रंप और कमला हैरिस को बराबर वोट मिलने की भविष्यवाणी की गई है। ऐसे में अगर अमेरिका में रह रहे डेढ़ फीसदी भारतीय मूल के वोटरों ने एकतरफा वोट कर दिया तो किसी का भी खेल बन या बिगाड़ सकता है?

भारतीय अमेरिकी यहां की राजनीति में इसलिए अधिक प्रभावी हैं क्योंकि भारतीय मूल के लोगों को प्रवासियों के बीच में सबसे ज्यादा शिक्षित और प्रभावशाली समझा जाता है। इनका व्यावसायिक और सामाजिक दायरा भी विस्तृत है। वॉशिंगटन में भारतीय अमेरिकियों की कुल आबादी का मात्र 2 फीसदी है, लेकिन राजनीति और प्रशासन में भारतीय अमेरिकी 5 फीसदी से ज्यादा हिस्सेदारी है। भारतीय अमेरिकियों की औसत घरेलू आय लगभग 1.53.000 अमेरिकी डॉलर है, यह कमाई दूसरे समुदायों की तुलना में दोगुने से भी ज्यादा है। निःसंदेह यह संपन्न समुदाय पार्टियों को चंदा देने तथा राजनीतिक सक्रियता में भी आगे हैं। दक्षिण एशियाई देशों के यथा पाकिस्तान, बांग्लादेश वगैरह के मतदाताओं पर भी भारतीय मतदाताओं के रुझान का असर होता है। उनके झुकाव का आंशिक ही सही पर अफ्रीकी, हिस्पैनिक, चीनी मतदाताओं पर भी असर पड़ता है। कुल मिलाकर भारतीय मतदाता अमेरिकी राजनीति और वहां के चुनावों को अब इस स्तर पर प्रभावित कर रहे हैं, जो महज सैद्धांतिक और आंकड़ों तक ही सीमित नहीं, बल्कि व्यावहारिक स्तर पर दिखने लगा है और कई महत्वपूर्ण तथा बड़े राज्यों में उनकी पकड़ से साफ नजर आने लगा है, वे परिणामों को प्रभावित कर सकते हैं। आखिर लोकतंत्र कहीं का भी हो, चुनाव प्रक्रिया में भले ही कुछ अंतर हो, प्रणाली में परिवर्तन हों लेकिन अंततः लोकतंत्र संख्याओं का ही खेल है।

कमला हैरिस के भारत कनेक्शन को आगे कर डेमोक्रेट भारतीय मूल के वोटरों को जोड़ने में लगे हैं तो ट्रंप भी अपने साथ विवेक रामास्वामी और निक्की हेली को खड़ा दिखा रहे हैं, जिनकी जड़ें भारत से जुड़ी हैं। ट्रंप ने सीनेटर जेडी वेंस को उप-राष्ट्रपति उम्मीदवार बनाया है- जिनकी पत्नी उषा वेंस का भारत से कनेक्शन है। लेकिन, डोनाल्ड ट्रंप और कमला हैरिस दोनों अच्छी तरह जानते हैं कि भारतीय मूल के अमेरिकियों का वोट हासिल करने के लिए सिर्फ सांकेतिक भारत कनेक्शन काफी नहीं है- वहां रहने वाले भारतीय अमेरिकियों की बुनियादी चिंताओं को दूर करना भी जरूरी है।पिछली बार अमेरिकी भारतीयों ने 71 फीसद मतदान किया इस बार 96 प्रतिशत मतदाता मत देने की बात कह रहे हैं।

अमेरिका में भारतीयों की संख्या ही नहीं सक्रियता भी बढ़ी है। २०१५ में रिपब्लिकन हिंदू कोअलिशन या आरएचसी गठित हुई तो 2016 में 'इंडियन अमेरिकन इम्पैक्ट'। बाद में ऐसे ही कुछ और संगठन बने जो भारतीय मूल के अमेरिकी नेताओं के लिए सर्वे, पार्टी के लिए वालंटियर्स बनाने, चुनावी रणनीति बनाने, प्रचार में मदद करने, भारतीय अमेरिकी मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित करने लगे हैं।सबसे बड़ी बात यह कि वे इन नेताओं के लिए चुनावी फंड भी जुटाते के आलावा भारत से कलाकार बुलाकर इस वर्ग को आकर्षित करना हो या अपने झुकाव के अनुसार, रिपब्लिकन अथवा डेमोक्रेट के नेताओं का कार्यक्रम कराकर अपने मतदाताओं को प्रभावित करना हो, ये बड़े जोर-शोर से कर रहे हैं।

डेमोक्रेटिक पार्टी ने दक्षिण एशियाई मतदाताओं का समर्थन पाने के लिए इंडियन अमेरिकन इम्पैक्ट जैसे संगठनों की भारी मदद ली है, इस बार 'लोटस फॉर पोटस' यानी अमेरिकी राष्ट्रपति के लिए कमल माने कमला का नारा इन्हीं की कोशिशों से चल निकला। रिपब्लिकन हिंदू कोअलिशन पहले ट्रंप के साथ था, पर इस बार यह कमजोर है, उसके बावजूद इसके प्रभाव से इंकार नहीं किया जा सकता। कमला हैरिस के समर्थन में चित्तियों यानी चाची मौसियों से बना 250 चित्तियों की 'चित्ती ब्रिगेड' ने बहुत काम किया है। बताया जाता है कि अमेरिकी राजनीति में अमेरिकी भारतीयों का दखल 1950 से ही था, 1957 में दिलीप सिंह सौंद रिपब्लिकन से तो तकरीबन पांच दशक बाद 2005 में बॉबी जिंदल डेमोक्रेट से अमेरिकी कांग्रेस में आए। लेकिन असली जलवा तो 2013 के बाद शुरू हुआ जब अमेरिकी राजनीति के आसमान पर कई भारतीय अमेरिकी चमके। अमी बेरा 2013 में डेमोक्रेट से कांग्रेस के लिए चुने गए और पिछले दस साल से कैलिफोर्निया के छठे डिस्ट्रिक्ट से लगातार जीतते आ रहे हैं या फिर 2017 में सांसद बनी प्रमीला जयपाल जिन्होंने अपनी सीट लगातार चार बार जीती है, इसके अलावा रो खन्ना, राजा कृष्णमूर्ति, कमला हैरिस अथवा 2023 में श्री थानेदार का अमेरिकी संसद में प्रवेश बताता है कि भारतीयों का दबदबा है और रहेगा क्योंकि भले ही रिपब्लिकन से ट्रंप उम्मीदवार हों, लेकिन विवेक रामास्वामी अथवा निक्की हेली का असर कहीं से कम नहीं, यही हाल डेमोक्रेट्स पार्टी में भी है।

सब कुछ होने के बावजूद अमेरिकी भारतीय समुदाय का अधिकतर हिस्सा काफी नया है। इनका मात्र दशक पूर्व से अमेरिकी राजनीति में दखल बढ़ने का एक स्पष्ट कारण है।

इनकी पिछली पीढ़ी ने तकनीक, मेडिसिन-वाणिज्य, व्यापार और कतिपय अन्य क्षेत्रों में अपने को बरसों खपाकर देश में बेहतर जगह और पुख्ता पहचान बनाई, अब अगली पीढ़ी इससे आगे अमेरिका की सरकार में प्रतिनिधित्व चाहती है।अमेरिका के राष्ट्रपति की कुर्सी पर चाहे रिपब्लिकन डोनाल्ड ट्रंप बैठे या फिर डेमोक्रेट कमला हैरिस, दोनों के लिए भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिकों को साधे रखना जरूरी भी है और मजबूरी भी।

# अखिलेश महाराष्ट्र में तंग दिल क्यों ?



अजय कुमार

सियासत भी अजब-गजब है यहां नेता साथ होकर भी अलग-अलग नजर आते हैं और अलग-अलग होते हुए भी साथ-साथ नजर आना चाहते हैं। विचारों की बात तो बेईमानी हो गई है। राजनीति का इससे अधिक गिरगिटी रंग क्या हो सकता है जो समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के नेता इंडी गठबंबधन के नाम पर साथ-साथ होने का दम भरते हैं,लेकिन चुनाव मैदान में यूपी से लेकर महाराष्ट्र तक अपनी ढपली,अपना राग छेड़ते नजर आते हैं। यूपी के उप चुनाव में सपा ने कांग्रेस को एक भी सीट नहीं दी,वहीं महाराष्ट्र विधान सभा चुनाव में कांग्रेस के गठबंधन वाले महाअघाड़ी गठबंधन ने समाजवादी पार्टी को ठेंगा दिखा दिया। बस फर्क यह है कि यूपी में समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस को एक भी सीट नहीं दी तो कांग्रेस ने चुनाव रेस से अपने को साइड लाइन कर लिया,लेकिन महाराष्ट्र में जब सपा को एक भी सीट नहीं देकर हासिये पर खड़ा किया गया तो समाजवादी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में बगावती रूप अख्तियार कर लिया। समाजवादी पार्टी महाराष्ट्र में नौ सीटों पर चुनाव लड़ना चाह रही थी। गौरतलब हो, महाविकास अघाड़ी और सपा के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर 29 अक्टूबर मंगलवार को नामांकन के अंतिम समय तक बात नहीं बन पाई। महाविकास अघाड़ी से 288 सीटों में से पांच सीटों की उम्मीदें लगाए बैठी सपा ने तिलमिला कर नौ सीटों पर अपने प्रत्याशियों का नामांकन कराकर कांग्रेस और उनके सहयोगी दलों को आईना दिखा दिया। हालांकि, पार्टी के सूत्रों के मुताबिक यह तय हो गया है कि इसमें सपा के मौजूदा विधायक अबु आजमी और रईस शेख महाविकास अघाड़ी के तहत चुनाव लड़ेंगे। शेष सात उम्मीदवार सपा ने उतारे हैं। अब चार नवंबर को नाम वापसी के बाद महाविकास अघाड़ी में सपा की स्थिति साफ हो सकेगी। सपा ने जिन सीटों पर प्रत्याशी उतारे हैं उसमें धुले सिटी और मालेगांव सेंट्रल में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पिछले दिनों जनसभा करके महाराष्ट्र चुनाव अभियान की शुरुआत की थी। पिछले चुनाव में सपा ने मुंबई की मानखुर्द शिवाजीनगर और ठाणे की भिवंडी ईस्ट सीटें जीती थीं। सपा इसके साथ तीन और सीट मांग रही थी। वहीं, यूपी में सपा से चोट खाई कांग्रेस हरियाणा की तरह महाराष्ट्र में भी सपा को तवज्जो नहीं दे रही है। कहा जा रहा है सपा ने दबाव की राजनीति अपनाते हुए पांच सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारने की घोषणा पहले ही कर दी थी लेकिन अब उसने कुल नौ सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। सपा के प्रत्याशियों की बात की जाये तो उसने मानखुर्द शिवाजीनगर और भिवंडी ईस्ट के साथ-साथ मालेगांव सेंट्रल से शान-ए-हिंद निहाल अहमद, धुले सिटी से इरशाद जागीरदार, भिवंडी वेस्ट से रियाज आजमी, तुलजापुर से देवानंद साहेबराव रोचकरी, परांडा से रेवण विश्वनाथ भोसले, औरंगाबाद पूर्व से डॉ. अब्दुल गफ्फार कादरी सय्यद और भायखला से सईद खान को उम्मीदवार बनाया गया है। खैर, यहां अखिलेश की चर्चा उनके एक बयान को लेकर भी हो रही है। दरअसल, गठबंधन सियासत को लेकर समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव हमेशा से बड़ा दिल दिखाने का दावा करते रहे हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में जब कांग्रेस और बसपा के बीच बातचीत की खबरों पर बात हुई तब भी अखिलेश ने कहा था कि भाजपा को हराने के लिए हम बड़ा दिल दिखाने को तैयार हैं।

# इज़राइल और ईरान, घात-प्रतिघात का खेल ?

विजय सहगल

शनिवार, 26 अक्टूबर 2024, भारतीय समयानुसार तड़के 4 बजे इज़राइल ने एक सौ से भी ज्यादा लड़ाकू विमानों के साथ, 3 घंटे चली हवाई हमले की कार्यवाही मे, ईरान के 20 सैन्य ठिकानों पर जोरदार बमबारी कर हमला किया। दो हजार किमी से भी ज्यादा दूरी तय कर इज़राइल के युद्धक लड़ाकू विमानों के ईरान पर किए गये इस जोखिम से भरे साहसिक हमले मे ईरान के तीन प्रान्तों - तेहरान, कुजेस्तान और इलम के सैनिक ठिकानों को निशाना बनाया जिसमे चार ईरानी सैनिक मारे जाने की सूचना है। ईरान द्वारा इज़राइल पर किए हमले के जवाब मे कई सप्ताह से इज़राइली हमले का अंदेशा और आशंका प्रकट की जा रही थी। इज़राइल के रक्षा प्रवक्ता डेनियल हगारी के अनुसार इज़राइल के इस समन्वित हमले को ईरान द्वारा 1 अक्टूबर को इज़राइल पर हमले की जवाबी कार्यवाही बतलाया। ये पहली बार है जब इज़राइल ने ईरान पर सीधे हमला को स्वीकारा है।

विदित हो कि, 1 अक्टूबर 2024 को ईरान ने इज़राइल पर 200 से भी ज्यादा बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला कर तेहरान मे हमास नेता इस्माइल हानियाह, हिज्बुल्लाह प्रमुख हसन नसरल्ला और ईरान रिवोल्यूशनरी गार्ड के जनरल अब्बास की इज़राइल द्वारा की गयी हत्याओं का बदला लिया था। ईरान के इस हमले मे इज़राइल ने अधिकतर ईरानी मिसाइलों को हवा मे ही मार गिरा कर, अपनी अभेद सुरक्षा तैयारियों का प्रदर्शन किया था। इज़राइल की सेनाओं द्वारा ईरान पर योजनबद्ध सेनाओं के आपसी तालमेल को इतने अच्छे तरीके से अंजाम दिया गया कि उनके सारे हवाई जहाज अपने अपने लक्ष्यों को सफलता पूर्वक बेध कर सकुशल अपने अपने हवाई अड्डों पर सुरक्षित बापस आ गये। इसे कोढ़ मे खाज ही कहा जायेगा कि ईरान के अशांत दक्षिण पूर्वी प्रांत सिस्तान-बलूचिस्तान मे शनिवार को ही विद्रोही गुटों द्वारा एक हमले मे ईरान के 10 पुलिस अधिकारियों को मौत के घाट उतार दिया।

ईरान पर हमले के एक दिन पहले इज़राइल ने सीरिया, लेबनान और इराक पर भी हमले कर सीरियाई राडार सिस्टम को नष्ट कर दिया था ताकि इज़राइल द्वारा ईरान पर हवाई हमलों पर नज़र न रखी जा सके। इज़राइल के ईरान पर इन हवाई हमलों मे इज़राइल की दो महिला पायलट भी शामिल थी, इज़राइल सेना द्वारा इस आशय के एक वीडियो भी रविवार को जारी किया। इज़राइल की उस बहादुर महिला पायलट के हौसले को इस बात से समझा जा सकता है जिसमे उसने कहा कि इज़राइल का कोई भी दुश्मन इज़राइल की सेना की पहुँच से बाहर नहीं है। इज़राइल सेना के लेफ्टिनेंट कर्नल ने अपनी महिला पायलट की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि जिस तरह से आपने सावधानीपूर्वक, योजनाबद्ध तरीके से, साहस और सटीकता के साथ जो ऐतिहासिक ऑपरेशन किया है, हमे आप पर नाज़ है। पूरा इज़राइल आपके साथ खड़ा है। हम आपकी सुरक्षित घर बापसी का इंतजार कर रहे है। महिला पायलट ने अपने सेना अधिकारी के इस समर्थन के लिए आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद कहा। इज़राइल की महिला पायलट और सेनाधिकारी के इस वार्तालाप पर इज़राइल के लोग भावुक और संवेदना से परिपूर्ण और जोश से भरे हुए है। यहाँ ये दर्शाना भी आवश्यक है कि अमेरिका ने खुलकर इज़राइल का साथ देते हुए ईरान को चेतावनी दी कि यदि उसने इज़राइल पर पुनः हमले किए तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे।

एक बात तो निश्चित है कि मध्य पूर्व के क्षेत्र मे अराजकता और अस्थिरता फैलाने मे ईरान का बहुत बड़ा हाथ है। उसने गाजा मे हमास, लेबनान मे हिज्बुल्ला और यमन मे हूती आतंकवादी संगठनों को आर्थिक एवं सैन्य हथियारों की मदद दे कर अपने देश को सीधे युद्ध क्षेत्र, बनने देने से रोक कर गाजा, लेबनान और यमन के कंधे पर बंदूक रख कर उनके नागरिकों के जान माल को दांव पर लगाया है। आतंकवादी संगठन हमास को पराश्रय और बढ़ावा देकर जिस ईरान ने 7 अक्टूबर 2023 को अकारण इज़राइल पर अचानक हमला कर उसके 1300 निर्दोष नागरिकों की निर्मम और वीभत्स तरीके से हत्या की जिसमे महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे एवं 240 नागरिकों को अगवा किया गया था। हमास के उग्रवादियों द्वारा ईरान के समर्थन से इज़राइल पर 7 अक्टूबर 2023 को हुए इस हमले के जवाब मे फिलिस्तीन के अब तक 42847 नागरिकों की मौत हो चुकी है और लाखों लोग विस्थापित हो दाने दाने के लिए मुंहताज है। गाजा पट्टी के घर, मकान, स्कूल, अस्पताल, ऑफिस कार्यालय पूरी तरह खंडहरों मे बदल कर बर्वाद हो चुके है। चंद आतंकी और मूर्ख व्यक्तियों की नासमझी की कीमत पूरे गाजा वासियों को अपनी जान माल की कीमत देकर जो नुकसान उठाना पड़ा, उसका सिर्फ अनुमान ही लगाया जा सकता है जिसकी भरपाई मे फिलिस्तीन को दशकों लग जाएंगे।

आर्थिक क्षेत्र की दृष्टि से दुनियाँ के शेयर मार्केट मे उच्छाल देखने को मिला क्योंकि अमेरिका की इक्छा अनुसार और विश्व के देशों की अपेक्षा अनुसार इज़राइल ने ईरान के न्यूक्लियर संस्थानों और तेल के कुओं को अपने हवाई हमलों की जद से बाहर रखा जिसके कारण तेलों के दामों मे ईरान पर हमलों के बावजूद स्थिरता बनी रही। इज़राइल ने सिर्फ, ईरानी सैनिक और नौसैनिक ठिकानों पर हमला कर ईरान की सैनिक अधोसंरचना को तहस नहस किया। इज़राइली सेना द्वारा बताया गया कि उसके विमानों ने केवल उन्ही केन्द्रों को निशाना बनाया जिनका उपयोग ईरान, इज़राइल पर दागी जाने वाली मिसाइलों के बनाने मे करता था। उसने सतह से हवा मे मार करने वाली मिसाइलों पर भी हमले किए। अब आगे देखना होगा कि ईरान की, इज़राइली हमलों पर आगे क्या प्रतिक्रिया होगी। बैसे ईरान ने इज़राइली हमले का कडा जवाब देने की सौगंध खाई है। ईरान के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि इज़राइल के घातक हमलों का मजबूत और प्रभावी तरीके से जवाब दिया जायेगा। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के प्रमुख हुसैन सलामी ने इज़राइली हमलों का अंजाम भुगतने की चेतावनी दी। दुनियाँ सहित भारत भी पश्चिमी एशिया मे बढ़ते तनाव पर चिंता व्यक्त की और दोनों ही देशों को क्षेत्र की शांति के लिए संयम बरतने की सलाह दी। भारतीय विदेश मंत्रालय ने इज़राइल और ईरान को बातचीत करने और कूटनीति की राह पर लौटने का आग्रह किया. उन्होने आगे कहा कि शत्रुता किसी भी पक्ष के हित मे नहीं है।

# गंभीर चुनौती बनते ड्रग्स के मामले


डॉ.वेदप्रकाश

नशा जीवन के लिए तो घातक है ही यह राष्ट्र विकास में भी बाधक है। दिनोंदिन नए नए रूप में नशा परोसा जा रहा है। तंबाकू,बीड़ी,सिगरेट,भांग और शराब आदि से होते हुए नशे के मामले अब हेरोइन, कोकीन, मेथम्फेटामाइन और मार्फीन जैसे खतरनाक ड्रग्स की ओर बढ़ रहे हैं,यह चिंताजनक है। पिछले कुछ दिनों में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में ड्रग्स के कई बड़े मामले पकड़े जा चुके हैं। हाल ही में गुजरात से 5000 करोड़ की व दिल्ली के वसंत कुंज नामक क्षेत्र से लगभग 5600 करोड़ रुपए की 500 किलोग्राम कोकीन पकड़ी गई जिसमें अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स तस्करों की सक्रियता मिली है। इस मामले में पकड़े गए लोगों के द्वारा जानकारी मिलने पर अमृतसर से भी 10 करोड़ की कोकीन बरामद की गई है। कुछ दिन पहले ही वसंत कुंज से ही गुजरात एटीएस द्वारा 20 करोड़ की चार किलोग्राम ड्रग्स के साथ अफगानी युवक को गिरफ्तार किया गया। कुछ दिन पहले ही नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और गुजरात एटीएस ने मध्य प्रदेश भोपाल के बगरोदा औद्योगिक क्षेत्र में बंद पड़ी फैक्ट्री में मादक ड्रग्स मेफेड्रोन बनाने का कारखाना पकड़ा है। छापे में 907 किलो मेफेड्रोन ड्रग्स ठोस और तरल रूप में मिली है जिसकी कीमत लगभग 1814 करोड़ रुपए है। छत्तीसगढ़ में जशपुर जिले के तपकरा थाना क्षेत्र में भी 26 किलो गांजा सहित लुधियाना के पांच तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

आंकड़ों की बात करें तो वर्ष 2021 में गुजरात के समुद्र तटीय क्षेत्र से 21 हजार करोड़ की ड्रग्स पकड़ी गई थी। फरवरी 2022 में भारतीय नौसेना और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने संयुक्त अभियान में 221 किलोग्राम मेथम्फेटामाइन पकड़ी। वहीं अक्टूबर 2022 में केरल के समुद्र तटीय क्षेत्र से 200 किलोग्राम हाई ग्रेड हेरोइन पकड़ी गई। गुजरात के कच्छ, जामनगर, सौराष्ट्र आदि क्षेत्र समुद्र तटीय हैं। वर्ष 2023 में भी कच्छ के समुद्र तटीय क्षेत्र से 80 किलोग्राम कोकीन पकड़ी गई। फरवरी 2024 में भारतीय नौसेना और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने गुजरात के समुद्र तटीय क्षेत्र से 3089 किलोग्राम चरस, 158 किलोग्राम मेथम्फेटामाइन और 25 किलोग्राम मार्फीन पकड़ी। इसके अतिरिक्त पंजाब ड्रग्स का प्रमुख केंद्र बन चुका है, हिमाचल और जम्मू क्षेत्र में भी सीमापार से ड्रग्स तस्करी के अनेक मामले सामने आ रहे हैं। ये कुछ ऐसे मामले हैं जो सामने आए हैं और जिनमें व्यापक स्तर पर अभियान छेड़ते हुए धरपकड़ की गई है लेकिन इससे यह भी अनुमान होता है कि देश में व्यापक स्तर पर ड्रग्स का कारोबार चल रहा है। जिस प्रकार विभिन्न मामलों में अलग-अलग प्रदेशों व देशों के लोगों की संलिप्तता उजागर हो रही है,उससे यह भी स्पष्ट होता है कि यह एक संगठित और व्यापक कारोबार बन चुका है। ध्यातव्य है कि किसी भी प्रकार का नशा जहां एक ओर किसी व्यक्ति के स्वास्थ्य अथवा जीवन के लिए घातक है वहीं समाज और राष्ट्र के विकास में भी बाधक है। नागरिक किसी भी समाज एवं राष्ट्र की अमूल्य निधि एवं उसके विकास की मूल कड़ी होते हैं। यदि यह नागरिक ही नशे अथवा ड्रग्स की चपेट में आ जाएंगे तो फिर राष्ट्र विकास कैसे संभव है? जुलाई 2022 को लोकसभा में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री द्वारा वर्ष 2016 से 2020 के बीच देश में नकली शराब पीने से मरने वालों का आंकड़ा 6172 बताया गया था। वर्ष 2021 में जहरीली शराब से सबसे अधिक मौतें उत्तर प्रदेश, पंजाब और मध्य प्रदेश में हुई थी। नशे से होने वाली मौतों का यह आंकड़ा प्रतिवर्ष बढ़ता ही जा रहा है। आज चिंताजनक यह भी है कि घुसपैठ, ड्रोन, वायुमार्ग, समुद्री मार्ग आदि के जरिए भिन्न-भिन्न रूपों में पड़ोसी देशों से नशा भारत में भेजा जा रहा है। क्या यह वैश्विक पटल पर ताकतवर बनते भारत को कमजोर करने की एक बड़ी साजिश नहीं है? आज नशे के मकड़ जाल में लगभग पूरा देश फंसता जा रहा है। यह भी सर्वविदित है कि नशे का अवैध कारोबार अधिकतर समुद्र तटीय प्रदेशों से होकर देशभर में फैल रहा है। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अनुसार अंतरराष्ट्रीय तस्कर लगभग 60 से 70 फीसद ड्रग्स समुद्री मार्ग से भारत में पहुंचा रहे हैं। यद्यपि गृह मंत्रालय प्रत्येक मोर्चे पर ड्रग्स तस्करों के नेटवर्क को ध्वस्त करने की रणनीति पर तेजी से काम कर रहा है तथापि ड्रग्स तस्करी के मामले गंभीर चुनौती बनते जा रहे हैं। प्रतिवर्ष उच्चस्तरीय ड्रग्स निवारण समिति द्वारा हजारों करोड़ रुपए की ड्रग्स नष्ट की जा रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अनेक बार युवा भारत की बात कहते हैं। ऐसा लगता है कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर युवा भारत को ड्रग्स के जरिए खोखला करने का भी प्रयास हो रहा है। ड्रग्स तस्कर मोटी कमाई के लिए छात्रों और युवा वर्ग को नशे की दलदल में धकेल रहे हैं। विगत दिनों छपे एक समाचार के अनुसार ये तस्कर उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश व देश के अन्य विश्वविद्यालयों में ड्रग्स खपा रहे हैं। यहां यह भी समझने की आवश्यकता है कि देश के विद्यालय और महाविद्यालय युवाओं के शिक्षा और विभिन्न गतिविधियों के केंद्र हैं।

# पोस्ट दीपावली कचरा ज्ञान



रामविलास जांगिड

हद से ज्यादा पढ़े-लिखे पति ने पत्नी को समझाना शुरू किया- हे मेरी देवी! हर साल घर की सफाई का कार्य बेहद थकावट भरा होता है। लोग अपने काम और घर के अन्य कार्यों के साथ-साथ दीपावली की सफाई में इतनी ऊर्जा खर्च कर देते हैं कि वे मानसिक और शारीरिक रूप से थक जाते हैं। सुनो! पड़ोसी से बेहतर घर सजाने और अधिक साफ-सुथरा दिखाने का दबाव कई बार दीपावली के मूल भाव को कम कर देता है। इस कारण लोग आवश्यकता से अधिक खर्च और मेहनत कर देते हैं, जिसका उद्देश्य केवल दिखावा ही बन जाता है। आओ, घर की साफ-सफाई को छोड़कर मोबाइल और टीवी की दुनिया में घुस जाएं। दीपावली का असल उद्देश्य केवल बाहरी सफाई करना नहीं है बल्कि अंतर्मन को भी उज्ज्वल और निर्मल बनाना है। यह त्योहार अच्छाई की बुराई पर विजय और ज्ञान के अज्ञान पर प्रकाश डालने का प्रतीक है। इस अवसर पर स्वयं का आत्मचिंतन करना, अपनी गलतियों से सीखना और आत्मा को शुद्ध करना अत्यधिक महत्वपूर्ण है। इसलिए आओ हम अपने मन के अंदर झांके और मन की सफाई पर ध्यान दें। पति महोदय ने अपना बयान जारी रखा- घर की सफाई के नाम पर हर साल हम बड़ी मात्रा में कचरा उत्पन्न करते हैं। पुराने सामान को हटाना और नई चीजों की खरीदारी करना एक पर्यावरणीय एवं अर्थशास्त्रीय समस्या बन गया है। यदि हम दीपावली पर हर साल घर की सजावट या सामान बदलने की बजाय उनका सही इस्तेमाल करें तो पर्यावरण को भी नुकसान कम होगा। आओ, घर की साफ-सफाई को छोड़कर मोबाइल और टीवी की दुनिया में घुस जाओ। सुनो! इतनी ज्ञान की बातें करते-करते मेरी पीठ में दर्द हो गया है, थोड़ी मदद करोगी? पति महोदय के द्वारा ज्ञान की उल्टी करने पर पत्नी ने पति का कान पकड़कर समझना शुरू किया- सुनो देवता! इतना भारी ज्ञान देने का काम मत करो। इतने भारी भरकम ज्ञान देने से आपके पीठ की नस फट जाएगी। बस ये बाकी का घर भी साफ कर लो, दर्द खुद ठीक हो जाएगा! देखो, खिड़की के ये पर्दे उतारो। इन्हें अच्छे से धोकर सुखाना और फिर ढंग से प्रेस करके इन्हें फिर से लटकाना। समझे! और हां आज छुट्टी का दिन है तुम्हारा! तुम्हें आराम भी करना चाहिए। पहले घर की अच्छे से सफाई कर लो। मेरे लिए बढ़िया चाय बना दो। पंखे के जाले साफ कर दो। फिर आराम से चैन की नींद सो सकते हो! और हां साफ-सफाई करने के लिए किसी बाहर से आदमी बुलाने की मुझे कोई जरूरत नहीं है। मुझे आप पर पूरा भरोसा है! सुनो, मैं सोच रही हूं कि इस दीवाली पर सारा पुराना सामान निकाल दूं। लेकिन मुझे तुम्हारे जैसा पुराना सामान अच्छा लगता है, भागने की कोशिश मत करना।

ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात् पूर्णमुदच्यते।
धर्म-दर्शन-अध्यात्म
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते।

# लक्ष्मी पूजा में गोमती चक्र सहित 10 चीजें रखने की है परंपरा



## देवी लक्ष्मी की तस्वीर

दीपावली पर महालक्ष्मी की ऐसी तस्वीर पूजा में रखें, जिसमें देवी भगवान विष्णु के साथ गरुड़देव पर विराजित हैं। भगवान गणेश, देवी सरस्वती के साथ महालक्ष्मी वाली तस्वीर भी पूजा में रख सकते हैं।



## चरण चिह्न

लक्ष्मी पूजन में देवी के चरण चिह्न भी रखना चाहिए। ये चरण चिह्न सोने, चांदी, पीतल या फिर कागज के भी हो सकते हैं। इनकी विधिवत पूजा करें और पूजा के बाद घर की तिजोरी में रख सकते हैं।



## श्रीयंत्र

श्रीयंत्र को शुभ, पूजनीय और पवित्र माना गया है। मान्यता है कि श्रीयंत्र देवी लक्ष्मी का प्रतीक है। इसकी वजह से घर में सकारात्मकता बनी रहती है। लक्ष्मी पूजा के बाद इसे घर के मंदिर में रख सकते हैं।



## कुबेर देव की मूर्ति

दीपावली पर महालक्ष्मी के साथ ही कुबेर देव की भी पूजा करनी चाहिए। कुबेर धन के देवता और देवताओं के कोषाध्यक्ष माने गए हैं। दीपावली पूजा के बाद इनकी प्रतिमा भी घर के मंदिर में रख सकते हैं।



## लघु नारियल

ये नारियल आम नारियल से थोड़ा छोटा होता है, इस कारण इसे लघु नारियल कहते हैं। दीपावली पर लघु नारियल की पूजा करने की परंपरा है। पूजा के बाद लाल कपड़े में बांधकर इस नारियल को तिजोरी में रख सकते हैं।





## गोमती चक्र

गोमती नदी से एक विशेष प्रकार के सफेद पत्थर मिलते हैं, इन पर चक्र का निशान बना दिखता है, इन्हें गोमती चक्र कहते हैं। लक्ष्मी पूजा में गोमती चक्र भी खासतौर पर रखे जाते हैं।



## मोती शंख

ये एक दुर्लभ और बहुत ही सुंदर शंख है। दीपावली की पूजा में देवी लक्ष्मी के साथ ही मोती शंख की भी पूजा करें। बाद में इसे तिजोरी में रख सकते हैं।



## पारद लक्ष्मी प्रतिमा

दिवाली की पूजा में देवी लक्ष्मी की पारे से बनी मूर्ति रखने की भी परंपरा है। पारे से बनी लक्ष्मी प्रतिमा बहुत शुभ और पवित्र मानी गई है।




## पीली कौड़ी

महालक्ष्मी समुद्र से प्रकट हुई हैं और कौड़ियां भी समुद्र से ही मिलती है। इसी वजह से लक्ष्मी पूजा में पीली कौड़ियां रखने की परंपरा है। लक्ष्मी पूजा में 1, 5, 11 या 21 अपनी श्रद्धा के अनुसार पीली कौड़ियां रख सकते हैं।




## कमलगट्टा

लक्ष्मी पूजा में कमल का फूल खासतौर पर रखा जाता है। लक्ष्मी जी कमल के आसन पर भी विराजती हैं। कमल के पौधे से ही कमल गट्टा भी मिलता है। कमल गट्टे से बनी माला से लक्ष्मी मंत्र का जप करते हैं। पूजा में लक्ष्मी जी के साथ ही कमल गट्टे की माला भी रखते हैं।



## लक्ष्मी माता की आरती



ओम जय लक्ष्मी माता, मैया जय लक्ष्मी माता।
तुमको निशिदिन सेवत, हरि विष्णु विधाता॥
ओम जय लक्ष्मी माता॥
उमा, रमा, ब्रह्माणी, तुम ही जग-माता, मैय्या तुम ही जग माता।
सूर्य-चंद्रमा ध्यावत, नारद ऋषि गाता॥
ओम जय लक्ष्मी माता॥

दुर्गा रुप निरंजनी, सुख सम्पत्ति दाता, मैय्या सुख संपत्ति पाता।
जो कोई तुमको ध्याता, ऋद्धि-सिद्धि धन पाता॥
ओम जय लक्ष्मी माता॥
तुम पाताल-निवासिनि, तुम ही शुभदाता, मैय्या तुम ही शुभ दाता।
कर्म-प्रभाव-प्रकाशिनी, भवनिधि की त्राता॥
ओम जय लक्ष्मी माता॥

जिस घर में तुम रहतीं, सब सद्गुण आता, मैय्या सब सद्गुण आता।
सब संभव हो जाता, मन नहीं घबराता॥
ओम जय लक्ष्मी माता॥
तुम बिन यज्ञ न होते, वस्त्र न कोई पाता, मैय्या वस्त्र न कोई पाता।
खान-पान का वैभव, सब तुमसे आता॥
ओम जय लक्ष्मी माता॥

शुभ-गुण मंदिर सुंदर, क्षीरोदधि-जाता, मैय्या क्षीरगदधि की जाता।
रत्न चतुर्दश तुम बिन, कोई नहीं पाता॥
ओम जय लक्ष्मी माता॥
महालक्ष्मीजी की आरती, जो कोई जन गाता, मैय्या जो कोई जन गाता।
उर आनन्द समाता, पाप उतर जाता॥
ओम जय लक्ष्मी माता॥

## दिवाली लक्ष्मी पूजा शुभ चौघड़िया मुहूर्त 2024

प्रातः मुहूर्त (चर, लाभ, अमृत)
06:33 से 10:42 तक
अपराह्न मुहूर्त (चर)
04:13 से 05:36 तक
अपराह्न मुहूर्त (शुभ)
12:04 से 01:27 तक

## लक्ष्मी पूजा मुहूर्त

05:36 से 06:16
अवधि
00 घण्टे 41 मिनट
प्रदोष काल
05:36 से 08:11
वृषभ काल
06:20 से 08:15

## इस वर्ष मिलेगा इन राशि वालों को स्वर्ग सा जीवन

### वृषभ राशि

वृषभ राशि वालों के लिए छोटी दिवाली जीवन में सकारात्मक समय की शुरुआत करेगी। आप अपने लक्ष्यों पर फोकस बढ़ाएंगे। अनुभव से ज्ञान मिलेगा। कारोबार अच्छा चलेगा। धन लाभ होगा। संपत्ति से लाभ होगा। दुश्मन परास्त होंगे। धूमधाम से दिवाली मनाएंगे। घर के मुख्य द्वार पर चौमुखी दीपक जलाएं।

### कर्क राशि

कर्क राशि वाले जातक उत्साह और ऊर्जा से लबरेज रहेंगे। कामों में सफलता मिलती जाएगी और



आप आगे बढ़ते जाएंगे। अटका धन मिलने से बड़ी राहत मिलेगी। सहकर्मियों से रिश्ते बेहतर होंगे। नया घर, गाड़ी खरीदने का सपना पूरा होगा।

### सिंह राशि

सिंह राशि वालों के लिए छोटी दिवाली भाग्य को रोशन करने वाली साबित होगी। परिवार में आनंद का माहौल रहेगा। प्रोफेशनल लाइफ में तरक्की करेंगे। कई महत्वपूर्ण निर्णय लेंगे और उनका लाभ भी पाएंगे। बिजनेस में मुनाफा होगा। व्यापार का विस्तार करने का विचार बनाएंगे।

### धनु राशि

धनु राशि वालों के लिए नरक चतुर्दशी से अच्छे दिनों की शुरुआत होगी। आपके काम पूरे होंगे। जीवन में खुशियां व सम्मान बढ़ेगा। लव पार्टनर से प्रेम बढ़ेगा। विवाह करने का निर्णय ले सकते हैं। नौकरी में मेहनत का पूरा फल मिलेगा। आज गाय की सेवा करें, हरा चारा खिलाएं।

### कुंभ राशि

कुंभ राशि वालों के लिए तो अब शुभ समय की शुरुआत हो रही है। पुरानी समस्याएं धीरे-धीरे खत्म होंगी। कारोबारियों को बड़ा ऑर्डर मिल सकता है। कोई रुका हुआ काम पूरा होने की खुशी रहेगी। परिजन आपका साथ देंगे।




Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-29 अंक : 219 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) **कार्तिक अमावस्या 2081 गुरुवार, 31 अक्टूबर-2024**

प्रधान संपादक - **डॉ. गिरीश कुमार संघी** हैदराबाद नगर ※ **पृष्ठ : 8+8 मूल्य : 8 रुपये**

KEDIA सेजस्थान

महा दिवाली

सिर्फ 4 दिन में

15 लाख

रेट बढ़ेगी !

FIXED PRICE GUARANTEED

NO MIDDLE-MEN

दिवाली बाद करोड़ों में मिलेगी कोठी !

गिनती की कुछ ही कोठी बची हैं।

FIXED PRICE & RENTAL

| PRODUCT TYPE | UNIT TYPE | SIZE | FIXED PRICE | PROPOSED RENTAL (AFTER POSSESSION) |
|---|---|---|---|---|
| WALK-UP APARTMENT | 2 BHK (GF) | 1350 Sq Ft | 63.45 LACS | 22,000 |
| | 3 BHK (SF) | 1900 Sq Ft | 70.50 LACS | 25,000 |
| | 3 BHK (FF) | 1900 Sq Ft | 77.55 LACS | 28,000 |
| KOTHI | 3 BHK BIG | 2000 Sq Ft | 84.60 LACS | 30,000 |
| | 4 BHK BIGGER | 2325 Sq Ft | 98.70 LACS | 40,000 |
| | 4 BHK BIGGEST | 3200 Sq Ft | 1.41 CRORE | 50,000 |

KEDIA सेजस्थान

KOTHI & WALK-UP APARTMENT

अजमेर रोड़, जयपुर

POSSESSION: DEC. 2025

बड़ी-बड़ी कोठी, बड़े-बड़े फ्लैट



KEDIA®

1800-120-2323

78770-72737

info@kedia.com

www.kedia.com

www.rera.rajasthan.gov.in

RERA No. RAJ/P/2023/2387

SCAN QR FOR
- LOCATION
- ROUTE MAP
- SITE 360 TOUR
- E-BROCHURE
- WALKTHROUGH

*T&C Apply

# मुख्यमंत्री रेवंत ने जाति जनगणना के लिए कांग्रेस की प्रतिबद्धता पर जोर दिया

हैदराबाद, 30 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)।मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने कांग्रेस सरकार की सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक जाति सर्वेक्षण को लागू करने की प्रतिबद्धता की पुष्टि की है, जैसा कि उनके नेता राहुल गांधी ने वादा किया था।

तुक्कुगुडा में 17 सितंबर को आयोजित जनसभा में तेलंगाना के लोगों को कांग्रेस नेता सोनिया गांधी द्वारा दिए गए आश्वासन को याद करते हुए रेवंत रेड्डी ने राजनीतिक चुनौतियों के बावजूद गांधी परिवार के अपने वादों को पूरा करने के इतिहास पर जोर दिया। "राहुल गांधी के वादे को पूरा करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है," उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वह, टीपीसीसी अध्यक्ष महेश गौड़ और सभी उपस्थित लोग कांग्रेस की विरासत के संरक्षक हैं, न कि व्यक्तिगत व्यक्तित्व। बुधवार को गांधी भवन में जाति जनगणना बैठक को संबोधित करते हुए रेवंत रेड्डी ने कांग्रेस पार्टी के उत्पाद के रूप में अपनी भूमिका को स्पष्ट करते हुए कहा कि उन्हें पार्टी नेताओं के विश्वास और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के प्रयासों से जनादेश मिला है। उन्होंने कहा, "इस पर बहस की कोई गुंजाइश नहीं है, कोई भी व्यक्ति जो मतभेद पैदा कर रहा है, वह पार्टी के प्रति वफादार नहीं है।" रेवंत रेड्डी ने कांग्रेस के मूल्यों



के साथ उनके जुड़ाव के लिए निरंजन को बीसी आयोग के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त करने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि सरकारी अधिकारी नीतियों को लागू करने के लिए जिम्मेदार हैं, लेकिन कांग्रेस कैडर और नेतृत्व को जाति जनगणना की सफलता सुनिश्चित करने के लिए घनिष्ठ समन्वय बनाए रखना चाहिए। उन्होंने प्रक्रिया की निगरानी के लिए जिलों में 33 पर्यवेक्षकों को नियुक्त करने का सुझाव दिया।

उन्होंने कहा, "तेलंगाना मॉडल एक राष्ट्रीय उदाहरण होना चाहिए, जो भारत के लिए राहुल गांधी के दृष्टिकोण को साकार करने में मदद करे।" उन्होंने जनगणना पूरी करने के लिए 30 नवंबर की लक्ष्य तिथि निर्धारित की। मुख्यमंत्री ने तेलंगाना की जाति जनगणना को केंद्र सरकार के साथ एक "मॉडल दस्तावेज़" के रूप में साझा करने की योजना की रूपरेखा भी बताई, ताकि भविष्य की राष्ट्रीय जनगणना पद्धतियों को संभावित रूप से आकार दिया जा सके। उन्होंने हाल ही में भर्ती अभियान सहित प्रमुख पहलों को बाधित करने के विपक्ष के प्रयासों को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रतिरोध के बावजूद, सरकार ने दस महीनों के भीतर 50,000 से अधिक नौकरी नियुक्ति पत्र जारी किए, जिसमें पिछड़े और कमजोर वर्गों का उचित प्रतिनिधित्व था, जिसमें 57.11% बीसी, 15.38% एससी, 8.87% एसटी और 8.84% ईडब्ल्यूएस उम्मीदवार शामिल थे, साथ ही खेल कोटे के तहत चयन भी किया गया। यह भी दोहराया कि कांग्रेस सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने में दृढ़ है और आंतरिक व्यवधानों को बर्दाश्त नहीं करेगी।

## मुख्यमंत्री ने दिवाली की शुभकामनाएं दीं

हैदराबाद, 30 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने दिवाली के अवसर पर तेलंगाना के लोगों को शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि तेलंगाना राज्य ने 10 साल के विनाशकारी शासन से छुटकारा पा लिया है और लोगों की सरकार ने सभी वर्गों के लोगों के जीवन में रोशनी लाई है, जिसका उद्देश्य सर्वांगीण विकास और सभी का कल्याण है।

मुख्यमंत्री ने कामना की कि लोग बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के रूप में मनाए जाने वाले रोशनी के त्योहार को हर्षोल्लास के साथ मनाएं। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि त्योहार के दौरान हर घर में खुशी और उल्लास भरा रहेगा। सीएम रेवंत रेड्डी ने सभी युवाओं और बुजुर्गों से पर्यावरण को कोई नुकसान पहुंचाए बिना त्योहार मनाने और आग दुर्घटनाओं से बचने के लिए उचित सावधानी बरतने की अपील की।

## 10 नवंबर से डाउनलोड होंगे हॉल टिकट

हैदराबाद, 30 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। ग्रुप-III सेवा भर्ती परीक्षा के लिए हॉल टिकट टीजीपीएससी की वेबसाइट से 10 नवंबर से परीक्षा के पहले दिन यानी 1% नवंबर तक डाउनलोड किए जा सकते हैं। टीजीपीएससी ने अभ्यर्थियों से कहा कि वे परीक्षा के प्रथम सत्र के लिए डाउनलोड किए गए हॉल टिकट की उसी प्रति का उपयोग शेष सत्रों के लिए भी करें। उम्मीदवारों को अंतिम चयन प्रक्रिया पूरी होने तक अपने हॉल टिकट और सभी सत्रों के प्रश्नपत्र अनिवार्य रूप से सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गए हैं। टीजीपीएससी ने बुधवार को कहा कि उन्हें जब भी आवश्यकता हो, उन्हें प्रस्तुत करना चाहिए और बाद में कोई डुप्लीकेट हॉल टिकट जारी नहीं किया जाएगा।

परीक्षा केंद्र में प्रवेश सुबह 8.30 बजे से और दोपहर के सत्र के लिए दोपहर 1.30 बजे से दिया जाएगा। सुबह के सत्र के लिए केंद्र के द्वार सुबह 9.30 बजे और दोपहर के सत्र के लिए दोपहर 2.30 बजे बंद कर दिए जाएंगे। टीजीपीएससी ने कहा कि गेट बंद होने के बाद किसी भी उम्मीदवार को केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। किसी भी तकनीकी समस्या के मामले में, उम्मीदवार टीजीपीएससी तकनीकी सहायता डेस्क से 040-23542185 या 040-23542187 पर संपर्क कर सकते हैं या helpdesk@tspsc.gov.in पर ईमेल कर सकते हैं।

# साइबराबाद पुलिस आयुक्तालय से पांच अधिकारी सेवानिवृत्त हुए



हैदराबाद, 30 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। साइबराबाद पुलिस आयुक्त अविनाश मोहंती ने साइबराबाद आयुक्त कार्यालय के मुख्य सम्मेलन कक्ष में पांच सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों को सम्मानित किया।

कार्यक्रम के दौरान, आयुक्त ने अधिकारियों को उनके पेंशन के कागजात सौंपे और उनसे अपने परिवार, रिश्तेदारों और दोस्तों के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताने का आग्रह किया। उन्होंने विभाग के प्रति उनकी समर्पित सेवा की सराहना की, कानून व्यवस्था बनाए रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। आयुक्त ने सेवानिवृत्त अधिकारियों को अपने विशाल अनुभव और ज्ञान को साझा करते हुए सार्थक तरीकों से समाज में योगदान जारी रखने के लिए भी प्रोत्साहित किया।

उन्होंने सेवानिवृत्ति के बाद स्वस्थ और संतुष्ट जीवन के महत्व पर जोर दिया, उन्हें व्यक्तिगत कल्याण, शौक और सामुदायिक जुड़ाव पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी। बैठक में संयुक्त सीपी (यातायात) डी. जोएल डेविस, ईओडब्ल्यू डीसीपी प्रसाद, डीसीपी (प्रशासन) रविचंदन रेड्डी, सीटीसी प्रिंसिपल एल.सी. नाइक, एसबी डीसीपी साई श्री, महिला एवं बाल सुरक्षा विंग साइबराबाद (डब्ल्यू एंड सीएसडब्ल्यू) डीसीपी सृजना कर्णम, सीटीसी डॉक्टर सुकुमार, सरिता, सीटीसी एसीपी गंगाराम, सीटीसी इंस्पेक्टर के. बसकर, एस्टेट ऑफिसर आरआई हिमाकर, एएसआई, सहकारी समिति प्रभारी जी. मल्लेशम और सेवानिवृत्त अधिकारियों के परिवार के सदस्यों ने भाग लिया।

# तेलंगाना में मेयोनेज़ पर प्रतिबंध

## एक वर्ष की अवधि के लिए बैन

हैदराबाद, 30 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। खाद्य सुरक्षा आयुक्त ने बुधवार को तेलंगाना में कच्चे अंडे का उपयोग करके मेयोनेज़ तैयार करने पर 30 अक्टूबर से तत्काल प्रभाव से एक वर्ष की अवधि के लिए प्रतिबंध लगा दिया। खाद्य सुरक्षा आयुक्त ने एक अधिसूचना में कहा कि जन स्वास्थ्य के हित में कच्चे अंडे से बने मेयोनीज के उत्पादन, भंडारण और बिक्री पर प्रतिबंध लगाया गया है।

तेलंगाना में प्रवर्तन गतिविधियों के दौरान की गई टिप्पणियों और जनता से प्राप्त शिकायतों से पता चला है कि पिछले कुछ महीनों में कई घटनाओं में खाद्य विषाक्तता के लिए अंडे से बनी मेयोनेज़ को जिम्मेदार माना गया है। मेयोनेज़



एक गाढ़ा, मलाईदार सॉस है जो अंडे की जर्दी को तेल के साथ मिलाकर बनाया जाता है, जिसे अक्सर सिरका या नींबू के रस से स्वादिष्ट बनाया जाता है। इसे आमतौर पर सैंडविच, सलाद, ऐपेटाइज़र, स्नैक्स, शावरमा और विभिन्न व्यंजनों में साइड डिश या ड्रेसिंग के रूप में इस्तेमाल किया जाता है।

इससे पहले, स्वास्थ्य मंत्री दामोदर राजा नरसिम्हा द्वारा खाद्य सुरक्षा विभाग के साथ की गई समीक्षा बैठक में मेयोनेज़ पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया था। भोजनालयों और रेस्तरां में भोजन की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए किए जा रहे उपायों पर एक प्रस्तुति के दौरान, वरिष्ठ अधिकारियों ने मेयोनेज़ पर प्रतिबंध लगाने की सिफारिश की। अधिकारियों ने स्वास्थ्य मंत्री को बताया कि केरल में खाद्य विषाक्तता के कुछ मामलों, विशेषकर चिकन व्यंजन खाने के बाद, के बाद मेयोनीज बनाने पर पहले ही प्रतिबंध लगा दिया गया है।

## मेदक में नशे में धुत व्यक्ति झील में डूबा

मेदक, 30 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। बुधवार को कथित तौर पर नशे की हालत में एक व्यक्ति पेड्डा शंकरमपेट मंडल के कमलाकापुर में एक झील में उतर गया और डूब गया। नांदेड़ के पेड्डा शंकरमपेट निवासी सुनील (31) ने अपने दोस्त के साथ शराब पार्टी की थी। बाद में वे पानी में उतरे और सुनील डूब गया। शव को बाहर निकाला गया। मामला दर्ज कर लिया गया है।

# टीजीएसपी को लेकर सरकार चिंतित

### विशेष सुरक्षा बल को सौंपी सचिवालय की सुरक्षा

हैदराबाद, 30 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री की सुरक्षा से तेलंगाना स्पेशल पुलिस (टीजीएसपी) को बाहर करने के बाद राज्य सरकार ने बुधवार को सचिवालय की सुरक्षा से भी उनकी सेवाएं वापस ले लीं। इसके बजाय, सुरक्षा की जिम्मेदारी तत्काल प्रभाव से तेलंगाना स्पेशल प्रोटेक्शन फोर्स (टीजीएसपीएफ) को सौंप दी गई है। मुख्य सचिव ए शांति कुमारी द्वारा जारी आदेशों के अनुसार सुरक्षा व्यवस्था टीजीएसपीएफ को सौंप दी गई है, जो उद्योगों, इमारतों और हवाई अड्डों जैसे प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए विशेषज्ञ और प्रशिक्षित है। नवीनतम व्यवस्था के अनुसार, सचिवालय में सशस्त्र गार्ड, गश्त, प्रवेश नियंत्रण और तोड़फोड़ विरोधी जांच आदि के लिए टीजीएसपीएफ की चार कंपनियां जिम्मेदार होंगी।

ऑक्टोपस त्वरित प्रतिक्रिया दल (क्यूआरटी) की जिम्मेदारियों को संभालना जारी रखेगा, जबकि हैदराबाद सिटी पुलिस कानून और व्यवस्था, यातायात आदि के लिए जिम्मेदार होगी। राज्य सरकार ने पहले टीजीएसपी कर्मियों को वापस बुला लिया था जो मुख्यमंत्री के आवास की सुरक्षा का हिस्सा थे। हाल ही में टीजीएसपी कांस्टेबलों और उनके परिवारों द्वारा एक पुलिस प्रणाली और बेहतर कामकाजी परिस्थितियों की मांग को लेकर किए गए विरोध प्रदर्शन के बाद दस टीजीएसपी कर्मियों को बर्खास्त कर दिया गया था जबकि लगभग 40 को निलंबित कर दिया गया था। हालांकि अधिकारियों ने प्रस्तावित 30 दिनों की व्यवस्था के बजाय 15 दिनों के काम के बाद एक बार छुट्टी की पुरानी व्यवस्था पर लौटने के आदेश जारी किए, लेकिन सरकार ने अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करने का भी फैसला किया है। कहा जा रहा है कि विभिन्न सुरक्षा सेवाओं से टीजीएसपी कर्मियों को बदलने का निर्णय सरकार द्वारा आगे और अधिक परेशानी और विरोध की आशंका का नतीजा है।

## भोंगिर में गांव के तालाब में दो लड़के डूबे

यदाद्री भोंगीर, 30 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। यदाद्री भोंगीर जिले में दिवाली के जश्न के बीच बुधवार को एक दुखद घटना घटी जब दो बच्चे गांव के तालाब में डूब गए। मुताकोंदूर मंडल के अम्मानबोलू गांव के तालाब में तैर रहे दो लड़के गहरे पानी से बाहर नहीं निकल पाए। मौके पर मौजूद लोग भी उन्हें बचाने नहीं पहुंचे। एक पीड़ित का शव बरामद कर लिया गया है, जबकि दूसरे लड़के के शव को खोजने के प्रयास जारी हैं। स्थानीय पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

# 1000 करोड़ रुपये की हेराफेरी का आरोप

हैदराबाद, 30 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस सरकार पर ग्राम पंचायतों को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए मेदक से भाजपा सांसद एम रघुनंदन राव ने कहा कि रेवंत रेड्डी सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (एमजीएनआरईजीएस) के लिए केंद्र द्वारा जारी 1000 करोड़ रुपये को अन्य कार्यों में लगा दिया है। बुधवार को यहां एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए रघुनंदन राव ने कहा कि केंद्र ने छह महीने पहले मनरेगा के लिए 1200 करोड़ रुपये जारी किए थे, लेकिन राज्य सरकार ने केवल 200 करोड़ रुपये का इस्तेमाल किया और बाकी 1000 करोड़ रुपये दूसरे कामों में लगा दिए। उन्होंने कहा कि राज्य में ग्राम पंचायतों की वित्तीय स्थिति चिंताजनक है क्योंकि वे अपने बिजली बिल का भुगतान भी नहीं कर पा रहे हैं और राज्य सरकार उन्हें दिए गए फंड का इस्तेमाल दूसरे कामों में कर रही है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अभी तक मनरेगा के तहत किए गए कार्यों के उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किए हैं, जिसके कारण केंद्र ने राज्य के लिए अतिरिक्त 600 करोड़ रुपये जारी नहीं किए हैं। इंदिराम्मा घरों पर टिप्पणी करते हुए भाजपा सांसद ने कहा कि भाजपा इंदिराम्मा समितियों के माध्यम से घरों के वितरण के खिलाफ है क्योंकि सभी सदस्यों का चयन कांग्रेस नेताओं द्वारा किया गया था। उन्होंने कहा कि इंदिराम्मा घरों का निर्माण केंद्र के धन से किया जा रहा है, इसलिए अगर सरकार इन समितियों के माध्यम से घरों को वितरित करने की कोशिश करती है, तो भाजपा इसका विरोध करेगी।

## बम की धमकी : बढ़ाई गई हवाई अड्डे की सुरक्षा

हैदराबाद, 30 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। शमशाबाद स्थित आरजीआई हवाई अड्डे पर बुधवार को सुरक्षा बढ़ा दी गई और तीन विमानों की जांच की गई, क्योंकि अधिकारियों को तीन विमानों में बम और विस्फोटक होने का संदेश मिला था। सूचना मिलते ही सीआईएसएफ के जवान हरकत में आ गए। चेन्नई जाने वाले दो विमानों और कथित तौर पर चेन्नई से आने वाले एक अन्य विमान की विस्फोटकों के लिए जांच की गई। सीआईएसएफ की एंटी सेबोटेज टीम ने बाद में इसे एक झूठी खबर बताया।

## बस की चपेट में आने से कर्मचारी की मौत

हैदराबाद, 30 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। जीडीमेटला के शाहपुरनगर में बुधवार को एक निजी बस की टक्कर से जीएचएमसी के एक कर्मचारी की मौत हो गई। जीएचएमसी सर्किल 23 में सफाई प्रभारी के रूप में कार्यरत हरि कृष्ण नामक व्यक्ति सड़क पर था, तभी एक निजी बस ने उसे टक्कर मार दी। घटना में व्यक्ति घायल हो गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के तुरंत बाद जीएचएमसी कार्यकर्ताओं ने सड़क जाम कर दिया और बस चालक के खिलाफ कार्रवाई तथा पीड़ित को मुआवजा देने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। जीडीमेटला पुलिस मौके पर पहुंची और जीएचएमसी कर्मचारियों को समझाकर शव को शवगृह में रखवाया।




























THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

## नवाब मलिक की दो टूक

मुंबई, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में कुछ सीटों और प्रत्याशियों को लेकर दोनों गठबंधनों (महायुति और महा विकास अघाड़ी) में रार की स्थिति है। ये स्थिति ऐसे स्तर पर पहुंच गई है कि दलों की तरफ से अपने गठबंधन के संयुक्त प्रत्याशी के लिए प्रचार करने से भी मना किया जा रहा है। इस कड़ी में भाजपा की तरफ से एनसीपी अजित गुट के मानखुर्द शिवाजी नगर से प्रत्याशी नवाब मलिक के लिए प्रचार करने से मना किया गया है।

इस पर एनसीपी नेता और मानखुर्द शिवाजी नगर से उम्मीदवार नवाब मलिक ने कहा, जिस निर्वाचन क्षेत्र से एनसीपी ने मुझे मैदान में उतारा है, मानखुर्द शिवाजी नगर, वहां शिंदे सेना के उम्मीदवार सुरेश पाटिल हैं। भाजपा उनका समर्थन कर रही है। ऐसी ही स्थिति मेरी बेटी के निर्वाचन क्षेत्र में भी है।

## भारत-चीन बॉर्डर पर सैनिकों के हटने की प्रोसेस पूरी

नई दिल्ली, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत-चीन बॉर्डर पर डेपसांग और डेमचोक में दोनों सैनिकों के पीछे हटने की प्रक्रिया बुधवार को पूरी हो गई। गुरुवार को दिवाली पर चीन और भारत के सैनिक एक-दूसरे को मिठाई खिलाएंगे। पेट्रोलिंग को लेकर जल्द ही ग्राउंड कमांडर के अधिकारियों के बीच बातचीत होगी। ग्राउंड कमांडर में ब्रिगेडियर और उससे नीचे के रैंक के अधिकारी होते हैं। भारत-चीन के बीच एलएसी पर पेट्रोलिंग को लेकर हुए समझौते पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 27 अक्टूबर को कहा था कि सैनिकों की वापसी पहला कदम है। अगला कदम तनाव कम करना है। ये तनाव तभी कम होगा, जब भारत को यकीन हो जाए कि चीन भी ऐसा ही चाह रहा है।

**वर्ष-29 अंक : 219** (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) **कार्तिक कृ.14 2081 गुरुवार, 31 अक्टूबर-2024**

प्रधान संपादक - **डॉ. गिरीश कुमार संघी** हैदराबाद नगर ❊ **पृष्ठ : 8+8 मूल्य : 8 रुपये**




# 28 लाख दीयों से जगमग अयोध्या

## योगी ने राम रथ खींचा, भगवान का राजतिलक किया




अयोध्या, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। रामनगरी अयोध्या दीयों से जगमग हो गई है। 55 घाटों पर 28 लाख दीये जलाए गए। इसके साथ ही नया रिकॉर्ड बन गया। पिछले साल 22 लाख दीये जलाए गए थे। सीएम योगी ने राम मंदिर में पहला दीप जलाकर दीपोत्सव का शुभारंभ किया। 1600 अर्चकों ने सरयू आरती की।

इससे पहले, भगवान राम, सीता और लक्ष्मण के साथ पुष्पक विमान से पहुंचे। योगी ने उनका स्वागत किया। भगवान रथ पर सवार हुए। योगी ने राम रथ खींचा। प्रभु राम को रामकथा पार्क लाया गया। यहां योगी ने राम की आरती उतारी और राज तिलक किया। भगवान राम के स्वागत में जगह-जगह कलाकार नृत्य करते नजर आए। रामायण के प्रसंगों पर आधारित झांकियां सड़कों पर निकाली गईं। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद यह पहला दीपोत्सव है।

## जगन की मां बोलीं-बेटी के साथ नाइंसाफी हुई

अमरावती, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम जगन मोहन रेड्डी और उनकी बहन वाईएस शर्मिला के बीच करोड़ों की विरासत को लेकर विवाद चल रहा है। इस बीच उनकी मां विजयम्मा ने अपनी बेटी के समर्थन में एक ओपन लेटर लिखा। जगन की मां लिखती हैं कि उनके लिए सभी बच्चे बराबर हैं, लेकिन बेटी के साथ नाइंसाफी हो रही है। जगन को याद रखना चाहिए कि उन्हें राजनीति में सफल बनाने वाली उनकी बहन शर्मिला ही हैं। दरअसल भाई-बहन के बीच कंपनियों के शेयर और बेंगलुरु के पास स्थित येलहंका में 20 एकड़ जमीन को लेकर खींचतान जारी है। इनकी कीमत करोड़ों में मानी जाती है। जगन मोहन रेड्डी की पार्टी वाईएसआरसीपी ने विजयम्मा के पत्र का जवाब देते हुए कहा कि जगन रेड्डी ने कभी भी संपत्ति वापस नहीं मांगी। वाईएस जगन ने सद्भावना के कारण अपनी संपत्ति अपनी बहन शर्मिला के साथ शेयर की है। वह जगन के किसी भी बिजनेस में डायरेक्टर नहीं हैं। जगन ने शर्मिला के साथ व्यवहार में दयालुता रखी, जैसा कि कोई भी भाई करता है। पिता राजशेखर रेड्डी ने पहले ही शर्मिला और जगन को संपत्ति ट्रांसफर कर दी थी। जगन ने कभी भी उन संपत्तियों को वापस नहीं मांगा। दरअसल जगन रेड्डी और बहन शर्मिला के बीच ताजा विवाद कंपनी के शेयरों के अवैध ट्रांसफर से जुड़ा है।



# डीसीपी ने अधिकारियों व पटाखा विक्रेताओं के साथ बैठक की



हैदराबाद, 30 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। डीसीपी, साउथ ज़ोन, हैदराबाद स्नेहा मेहरा ने छतरीनाका पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में आर्यकाटिका संगम में आगामी दिवाली त्योहार से पहले जोनल स्तर के पटाखा विक्रेताओं और पुलिस अधिकारियों के साथ एक समन्वय बैठक बुलाई। बैठक में शेख जहांगीर, अतिरिक्त डीसीपी, साउथ ज़ोन, पी. चंद्रशेखर, एसीपी चारमीनार, एम ए जावेद, एसीपी फलकनुमा, एन. वेंकटेश्वर राव, एसीपी मीर चौक, सीएच. चंद्रशेखर, एसीपी चत्रिनाका, ज़ोन के स्टेशन हाउस अधिकारी और आतिशबाजी विक्रेता शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए स्नेहा मेहरा ने पटाखा विक्रेताओं को जागरूक किया तथा उन्हें पटाखों को संभालने, सुरक्षात्मक गियर, सीधे संपर्क से बचने, लाइसेंस प्राप्त भंडारण, उचित वेंटिलेशन, अग्निशामक यंत्रों के बारे में निर्देश दिए तथा धूम्रपान के खिलाफ चेतावनी दी। उन्होंने उन्हें वयस्कों की देखरेख में पटाखे बेचने तथा सूचनात्मक लेबलिंग के साथ आपातकालीन तैयारियों के साथ जिम्मेदारी लेने की सलाह दी ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि बिक्री शांतिपूर्ण तरीके से तथा सुरक्षित वातावरण में हो।

उन्होंने विक्रेताओं को आवश्यक सावधानी बरतने के निर्देश दिए तथा बिना लाइसेंस के बिक्री के खिलाफ चेतावनी दी तथा भंडारण स्थानों पर उचित व्यवस्था करने तथा मालिकों को दुर्घटनाओं तथा चोटों को रोकने के लिए दिवाली के दौरान अग्नि सुरक्षा दिशानिर्देशों का पालन करना चाहिए। जोनल अधिकारी यह सुनिश्चित करने के लिए समन्वय में काम करेंगे कि दिवाली त्योहार के दौरान कोई गलती न हो तथा किसी भी अवैध गतिविधि को रोकने के लिए सख्त निगरानी तथा सुरक्षा व्यवस्था की जाए।

## सोशल मीडिया पर सीएम से सवाल पूछना पड़ा महंगा

### महबूबनगर सीआई ने हिरासत में लेकर की पिटाई

हैदराबाद, 30 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। पुलिस की ज्यादती की एक और घटना में, एक व्यक्ति, जिसने कथित तौर पर सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी से उनके चुनावी वादों पर सवाल उठाते हुए पोस्ट साझा की थी, को मंगलवार को महबूबनगर सर्कल इंस्पेक्टर अप्पैया ने हिरासत में ले लिया और उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। रिपोर्ट के अनुसार, सोशल मीडिया कार्यकर्ता वरदा भास्कर मुदिराज को मंगलवार की सुबह महबूबनगर वन टाउन स्थित उनके घर से हिरासत में लिया गया, जबकि उन्हें हिरासत में लेने का कारण भी नहीं बताया गया। बाद में पुलिस स्टेशन में सीआई अप्पैया ने कथित तौर पर भास्कर की रबर बेल्ट से पिटाई की।

भास्कर ने सीआई को सोशल मीडिया पोस्ट के बारे में समझाने की कोशिश की, लेकिन उसने उनकी एक न सुनी और उनके साथ मारपीट की। भास्कर अपने पोस्ट के जरिए मुख्यमंत्री से चुनावी वादों के बारे में सवाल कर रहे थे, जिससे स्थानीय कांग्रेस नेता नाराज हो गए और कथित तौर पर उन्हीं के निर्देश पर सीआई ने उन्हें हिरासत में लेकर उनकी पिटाई कर दी। सीआई ने आरोपों से इनकार किया और दावा किया कि भास्कर को सोशल मीडिया पोस्ट के संबंध में पूछताछ के लिए पुलिस स्टेशन बुलाया गया था।

सीआई ने दावा किया कि उसे पुलिस स्टेशन बुलाया गया और पूछताछ के बाद उसे छोड़ दिया गया। उसके साथ शारीरिक रूप से मारपीट नहीं की गई। हमारा इलाका सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील है। वह ऐसी टिप्पणियां पोस्ट कर रहा था जिससे लोग भड़क सकते थे, इसलिए उसे चेतावनी दी गई और छोड़ दिया गया। पहले भी उसे ऐसी पोस्ट शेयर न करने के लिए कहा गया था, लेकिन वह ऐसा करता रहा। इसलिए हमने उसे बुलाया और फटकार लगाई।

घटना की जानकारी मिलने के बाद पूर्व मंत्री वी. श्रीनिवास गौड़ ने बीआरएस नेताओं के साथ पुलिस थाने तक रैली निकाली और भास्कर की हिरासत और शारीरिक हमले के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस बीच, बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव ने भास्कर से फोन पर बात की और उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी पार्टी उनके साथ खड़ी है और हर संभव तरीके से उनकी मदद करेगी।

# न्यायमूर्ति देवराजू नागार्जुन ने ली शपथ

### टीजीईआरसी के बने नए अध्यक्ष

हैदराबाद, 30 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। मद्रास उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति देवराजू नागार्जुन ने बुधवार को तेलंगाना राज्य विद्युत विनियामक आयोग (टीजीईआरसी) के नए अध्यक्ष के रूप में शपथ ली। उन्होंने टी श्रीरंगा राव का स्थान लिया, जिनका कार्यकाल 29 अक्टूबर को समाप्त हो गया था। मुख्य सचिव ए शांति कुमारी ने गोपनीयता की शपथ दिलाई।

न्यायमूर्ति नागार्जुन ने कहा कि वे सभी हितधारकों के साथ समन्वय करके काम करेंगे और सभी उपभोक्ताओं को किफायती दरों पर बिजली उपलब्ध कराने की दिशा में काम करेंगे। सरकारी बिजली वितरण कंपनियों की स्थिति पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि वे बिजली वितरण कंपनियों से जुड़े मुद्दों को सुलझाने की कोशिश करेंगे। इस अवसर पर टीजीईआरसी के पूर्व अध्यक्ष टी श्रीरंगा राव, ऊर्जा सचिव संदीप कुमार सुल्तानिया और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



न्यायमूर्ति नागार्जुन का जन्म वानापर्थी में हुआ था और उन्होंने वानापर्थी शहर के आरएलडी कॉलेज से स्नातक की पढ़ाई की। उन्होंने नांदेड़ के एसएसएल लॉ कॉलेज से एलएलबी और उसके बाद उस्मानिया विश्वविद्यालय से एलएलएम किया।

उन्हें बर्कले में कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय संघर्ष समाधान पर शोध करने के लिए छात्रवृत्ति प्रदान की गई थी। उन्होंने 1986 में एक वकील के रूप में नामांकन कराया था और सिविल, आपराधिक पक्षों और राजस्व अदालतों में भी अभ्यास किया था। उन्हें 1991 में जूनियर सिविल जज के रूप में चुना गया था और बाद में 2004 में उन्हें वरिष्ठ सिविल जज के रूप में पदोन्नत किया गया था। उन्होंने मुख्य न्यायाधीश के प्रधान निजी सचिव और हैदराबाद में आंध्र प्रदेश पुलिस अकादमी के सहायक निदेशक के रूप में भी काम किया। उन्हें 2010 में जिला न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया और उन्होंने कामारेड्डी, निजामाबाद और रंगा रेड्डी कोर्ट में मेट्रोपॉलिटन सत्र न्यायाधीश के रूप में काम किया।

बाद में उन्होंने 2021 में रजिस्ट्रार (प्रशासन, भर्ती और न्यायिक) के रूप में काम किया और उन्हें उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल के रूप में नियुक्त किया गया। बाद में उन्हें मद्रास उच्च न्यायालय में स्थानांतरित होने से पहले 2022 में तेलंगाना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया।

# पीठासीन अधिकारी की कमी से आदिवासी पक्षकारों को परेशानी

कोत्तागुडेम, 30 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। भद्राचलम में उप-विभागीय मजिस्ट्रेट मोबाइल कोर्ट के लिए नियमित पीठासीन अधिकारी की कमी के कारण आदिवासी वादियों को अपने सिविल विवादों को सुलझाने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इस न्यायालय की स्थापना 1990 में तत्कालीन आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा जीओ एमएस संख्या 406 के माध्यम से की गई थी, जिसका उद्देश्य एजेंसी क्षेत्र के दूरदराज के गांवों में रहने वाले लोगों को त्वरित न्याय प्रदान करना था। यह सरकार द्वारा आवर्ती व्यय के लिए धन स्वीकृत करके स्थापित 9 मोबाइल न्यायालयों में से एक था, जिसमें मुंसिफ मजिस्ट्रेट, क्लर्क, रिकॉर्ड सहायक, एक सशस्त्र हेड कांस्टेबल और एक कांस्टेबल, रसोइया, ड्राइवर और एक वैन के पद शामिल थे। शुरुआत में न्यायालय ने आपराधिक मामलों को संभाला और 2004 से यह केवल दीवानी विवादों से निपट रहा है।

भद्राचलम बार एसोसिएशन के अध्यक्ष थोटा देवदानम ने कहा कि सरकार के लिए नियमित विशेष सहायक एजेंट सह उप-विभागीय मजिस्ट्रेट की कमी के कारण लंबित मामलों को सुलझाने में देरी हो रही है।

पिछले कई वर्षों से, मोबाइल कोर्ट के मामलों की सुनवाई पूर्ण अतिरिक्त प्रभार (एफएसी) पर बैठे अधिकारियों द्वारा की जा रही है। इस अदालत में 6,000 से अधिक मामले लंबित हैं, जिसका क्षेत्रीय अधिकार क्षेत्र अनुसूचित क्षेत्र है, जिसमें तत्कालीन खम्मम और मुलुगु जिलों के 28 मंडल शामिल हैं।

इसके अलावा, 1990 में खरीदी गई एक वैन, जिसका इस्तेमाल मोबाइल कोर्ट चलाने के लिए किया जाता था, अब बंद हो चुकी है। देवदानम ने बताया कि आवर्ती व्यय के लिए बजट स्वीकृत न होने के कारण कोर्ट चलाना मुश्किल हो गया है। सरकारों के कथित उदासीन रवैये से परेशान होकर आदिवासी महिला अप्पाला नरसम्मा ने 2014 में उच्च न्यायालय में विशेष पुनरीक्षण याचिका दायर की थी। न्यायालय ने तत्कालीन सरकार को मोबाइल न्यायालय के कामकाज में सुधार लाने की दिशा में तत्काल कदम उठाने का निर्देश दिया था।

## केसीआर तेलंगाना का इतिहास

### केटीआर ने रेवंत रेड्डी पर किया पलटवार



हैदराबाद, 30 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के टी रामा राव ने तेलंगाना के इतिहास से बीआरएस अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव का नाम मिटाने के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी के दावे पर कड़ा जवाब दिया। उन्होंने तेलंगाना राज्य आंदोलन में चंद्रशेखर राव की महत्वपूर्ण भूमिका की याद दिलाई तथा रेवंत रेड्डी के राजनीतिक अतीत की तुलना की।

रामा राव ने टिप्पणी की कि उन्होंने तेलंगाना राज्य के आंदोलन में जान फूंक दी। उन्होंने रेवंत रेड्डी पर महत्वाकांक्षा से प्रेरित होने का आरोप लगाया, जबकि चंद्रशेखर राव ने बड़े उद्देश्य के लिए पदों का त्याग कर दिया। उन्होंने कहा कि जब आपने आंदोलनकारियों पर बंदूक उठाई तो उन्होंने अपनी जान जोखिम में डाल दी।

जब आप पैसों की थैलियां लेकर हमारी उपलब्धियों को नष्ट करने की साजिश रच रहे थे, तब वह तेलंगाना का भविष्य सुरक्षित कर रहे थे। क्या आप केसीआर का नाम मिटा देंगे? केसीआर तेलंगाना का इतिहास हैं।

# वारंगल क्षेत्र में 82 नई इलेक्ट्रिक बसें जल्द होंगी शुरू




वारंगल, 30 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना राज्य सड़क परिवहन निगम (टीजीआरटीसी) जल्द ही अपने वारंगल क्षेत्र में 82 नई इलेक्ट्रिक बसें शुरू करेगा। टीजीआरटीसी अधिकारियों के अनुसार, 82 नई इलेक्ट्रिक बसें हैदराबाद, निजामाबाद, एतुरूनगरम, मंगापेट, खम्मम और भूपलपल्ली मार्गों पर चलाई जाएंगी। इलेक्ट्रिक बसों में सुपर लग्जरी (18), डीलक्स (14), सेमी डीलक्स (21) और एक्सप्रेस (29) शामिल हैं। दिल्ली स्थित जेबीएम कंपनी ने सकल लागत अनुबंध के आधार पर इन बसों को चलाने पर सहमति व्यक्त की है। ग्रेटर वारंगल क्षेत्र में बसों के रखरखाव का काम संभालने वाले वारंगल-2 डिपो में आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

अधिकारियों ने बताया कि सुपर लग्जरी बसों में 41 लोगों के बैठने की क्षमता होगी, डीलक्स बसों में 2+2 के हिसाब से 45 सीटें होंगी तथा एक्सप्रेस बसों में 2+3 के हिसाब से 55 सीटें होंगी। उन्होंने बताया कि यात्रियों के बेहतर आराम के लिए आगे और पीछे एयर सस्पेंशन होगा तथा केबिन और सैलून में एक महीने के बैकअप के साथ दो आंतरिक सुरक्षा कैमरे होंगे। इन बसों में वाहन ट्रैकिंग सिस्टम, पैनिक बजर और प्रत्येक सीट पर मोबाइल यूएसबी चार्जिंग सुविधा, 12 उच्च वोल्टेज बैटरियां और दो कम वोल्टेज बैटरियां होंगी, जो उन्हें एक बार पूरी तरह चार्ज करने पर 360 किलोमीटर की यात्रा करने में सक्षम बनाएंगी। बस में अधिकतम 80 किलोमीटर प्रति घंटे की गति लॉक है और आग लगने की घटनाओं की सूचना देने के लिए आग का पता लगाने और अलार्मिंग सिस्टम है। इसमें वाहन ट्रैकिंग, कैमरे, एलईडी डिस्प्ले बोर्ड और जीपीएस घोषणाओं के साथ एक बुद्धिमान परिवहन प्रबंधन प्रणाली भी है। यदि कोई यात्री न हो या चालक दरवाजा खुला छोड़ दे तो हॉल्ट ब्रेक प्रणाली चेतावनी देती है।









शिवराज लक्ष्मीचंद जैन ज्वेलर्स, सोमाजीगुडा में जुटी खरीद्दारों की भीड़। इन दिनों यहाँ पर धनतेरस व दिपावली के मद्देनजर आभूषणों पर भारी छूट दी जा रही है। इसका लाभ लेते हुए ग्राहक।

## खाड़ी देश से लौटे व्यक्ति ने की पत्नी की हत्या

जगीताल, 30 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। खाड़ी देश से लौटे रमेश ने बुधवार को मल्लापुर मंडल के वेंकटरावपेट में अपनी पत्नी सुनीता की कथित तौर पर हत्या कर दी। ग्रामीणों के अनुसार रमेश कुछ साल पहले रोजगार की तलाश में दुबई गया था और हाल ही में वापस लौटा है। रमेश और सुनीता दोनों अक्सर एक-दूसरे से झगड़ते रहते थे। बुधवार की सुबह भी दोनों में बहस हुई थी। बहस गंभीर हो गई तो रमेश ने सुनीता का सिर दीवार पर दे मारा। सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पता चला है कि रमेश, जिसने 10 साल पहले सुनीता से शादी की थी, दुबई से लौटने के बाद उसके चरित्र पर संदेह करने लगा और उससे झगड़ा करने लगा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जगतियाल अस्पताल भेज दिया है तथा मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मुझे ड्रग स्कैंडल में फंसाया जा रहा

### पडी कौशिक रेड्डी का आरोप

हैदराबाद, 30 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस विधायक पडी कौशिक रेड्डी ने बुधवार को मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी पर उन्हें और अन्य बीआरएस नेताओं को ड्रग स्कैंडल में फंसाने का प्रयास करके तुच्छ राजनीति में शामिल होने का आरोप लगाया। उन्होंने बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव के खिलाफ लगाए गए पिछले आरोपों की तुलना की, जो अंततः टिक नहीं पाए, उन्होंने जोर देकर कहा कि यह नवीनतम प्रयास भी उल्टा पड़ेगा।

मुख्यमंत्री द्वारा बीआरएस विधायकों, एमएलसी और सांसदों को ड्रग टेस्ट कराने की चुनौती का जिक्र करते हुए कौशिक रेड्डी ने अपनी तैयारी की घोषणा की। बुधवार को तेलंगाना भवन में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे सभी विधायक इंतजार कर रहे हैं। हमें अभी तक बुलाया नहीं गया है, लेकिन हम अपने सैंपल देने के लिए तैयार हैं।

उन्होंने याद दिलाया कि हालांकि कांग्रेस सांसद अनिल कुमार यादव और एमएलसी बालमुरी वेंकट ड्रग टेस्ट के लिए एआईजी अस्पताल गए थे, लेकिन उन्होंने बीआरएस विधायकों को इसके बारे में पहले से सूचित नहीं किया। कौशिक रेड्डी ने कहा कि अनिल हमें बताए



बिना अस्पताल में घुस आए, चोरों की तरह चुपके से। अगर उन्होंने मीडिया और हमें सूचित किया होता, तो हमारे सभी 28 विधायक एआईजी अस्पताल में इंतजार कर रहे होते।



जुमेरात बाजार जिन्सी चौराहा स्थित पूजा स्वीटस् एंड कैटरर्स द्वारा दिपावली सेल के दौरान मिठाईयां व नमकीन की खरीदारी करते हुए सम्मानित ग्राहक। अवसर पर उपस्थित प्रबंधक घाँसी महाराज व अन्य।

# जीएचएमसी के 27 सेवानिवृत्त कर्मचारियों को विदाई दी गई

हैदराबाद, 30 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। अतिरिक्त आयुक्त नलिनी पद्मावती ने कहा कि प्रत्येक कर्मचारी को उनकी सेवाओं के लिए पहचाना जाएगा। जीएचएमसी के अंतर्गत विभिन्न श्रेणियों में काम करने वाले 27 कर्मचारियों को जीएचएमसी के प्रधान कार्यालय में बुधवार को सेवानिवृत्ति विदाई बैठक में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जीएचएमसी की अतिरिक्त आयुक्त (प्रशासन) नलिनी पद्मावती ने कहा... प्रत्येक कर्मचारी को ध्यान देना चाहिए कि सेवानिवृत्ति हर कर्मचारी के लिए स्वाभाविक है, यह केवल नौकरी सेवानिवृत्ति है और उनके जीवन गंतव्य में कोई सेवानिवृत्ति नहीं है।






केबीआर पार्क स्थित भगवान गणेश की पूजा में शामिल विमला अग्रवाल,गोपाल बलदेवा,मोहन लाल मित्तल, विनोद टिकमानी, नरेंद्र अग्रवाल, अशोक लाखोटिया, प्रवीण अग्रवाल वेंकटेश्वर भोज रेड्डी, दीपक सरायवाला, विजेता तंबी, राहुल सिंघल, डॉ राधा कृष्ण विजय कुमार अग्रवाल, अशोक अग्रवाल सरायवाला,प्रमोद अग्रवाल सरायवाला, विठ्ठलदास अग्रवाल बड़े गांव वाले सुरेश कुमार अग्रवाल व अन्य।

## पॉक्सो मामले में व्यक्ति को आजीवन कारावास की सजा

हैदराबाद, 30 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद की एक स्थानीय अदालत ने बुधवार को पॉक्सो मामले में एक व्यक्ति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही उस पर 5000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। बोग्गुला सेलू (54) नामक व्यक्ति को बोवेनपल्ली पुलिस ने 2020 में नाबालिग लड़की का यौन शोषण करने और उसे गर्भवती करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। पुलिस ने मामला दर्ज किया और जांच अधिकारी सी अंजैया ने अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। मामले की सुनवाई के बाद अदालत ने सैलू को आजीवन कारावास (उसने अपना शेष जीवन जेल में बिताया) की सजा सुनाई तथा 5000 रुपये का जुर्माना लगाया।

# 5 भाई-बहनों ने सरकारी नौकरी में हासिल की सफलता

### पूरे शहर में चर्चा का विषय बना परिवार



संगारेड्डी, 30 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। रायकोड में एक दम्पति के 5 बच्चों को सरकारी नौकरी मिली है, जो एक तरह से रिकॉर्ड है। पुलिरगामा राघव रेड्डी और शोभम्मा दंपत्ति की चार बेटियां और एक बेटा है। 3 बेटियां शिक्षिका बन गई हैं, जबकि एक बेटी और इकलौता बेटा पंचायत सचिव बन गए हैं। वे अपनी उपलब्धियों के कारण पूरे शहर में चर्चा का विषय बन गए हैं।

हाल ही में शिक्षक भर्ती परीक्षा के दौरान उनमें से दो को शिक्षक पद मिल गया। सहायक शाखा डाकपाल के पद से सेवानिवृत्त हुए राघव रेड्डी भी अपने बच्चों की शिक्षा के लिए गांव में खेती करते थे। सौभाग्य से वे बचपन से ही पढ़ाई में हमेशा अच्छा प्रदर्शन करते थे। उनमें से सबसे बड़ी कविता को 2012 में शिक्षक का पद मिला, उसके बाद दो और बच्चे उसके नक्शेकदम पर चल पड़े। दिलचस्प बात यह है कि कविता के पति भी सरकारी शिक्षक हैं।

दूसरी बेटी कल्पना और तीसरी बेटी वीरमणि ने 2024 डीएससी में शिक्षक पद हासिल किया। सबसे छोटी बेटी ज्योतिरानी और बेटे कृष्ण प्रताप रेड्डी ने कुछ साल पहले पंचायत सचिव भर्ती परीक्षा पास की। राघव रेड्डी ने कहा कि उन्होंने हमेशा उन्हें सरकारी नौकरी में जाने के लिए प्रोत्साहित किया क्योंकि इससे नौकरी की सुरक्षा मिलती है और वे लोगों की सेवा भी कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि उनके बच्चों ने अपने प्रदर्शन से उन्हें गौरवान्वित किया है। प्रताप रेड्डी और ज्योतिरानी अभी भी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे थे। दंपति ने अपनी चार बेटियों की शादी कर दी और अब अपने इकलौते बेटे के लिए रिश्ता तलाश रहे हैं। ये पांच भाई-बहन संगारेड्डी जिले के युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बन गए हैं।




## दो दिन की बढ़त के बाद फिर फिसला बाजार

नई दिल्ली, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। दो दिनों की बढ़त के बाद घरेलू शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक बुधवार को फिर लाल निशान पर बंद हुए। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन सेंसेक्स 426.85 अंक गिरकर 79,942.18 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी 126 अंक कमजोर होकर 24,340.85 पर बंद हुआ। रुपया बुधवार को डॉलर के मुकाबले 4 पैसे गिरकर 84.04 रुपये (अस्थायी) के स्तर पर बंद हुआ। वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के बीच बैंकिंग और वित्तीय शेयरों में गिरावट के कारण बुधवार को बेंचमार्क इक्विटी सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट आई।

# ब्रिटेन से 102 टन सोना वापस लाया आरबीआई

## करीब 324 टन सोना बैंक ऑफ इंग्लैंड में, 510 टन गोल्ड देश में सुरक्षित



सोर्स: रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया | आंकड़े टन में

नई दिल्ली, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। धनतेरस पर, भारतीय रिजर्व बैंक ने बताया कि उसने लंदन में बैंक ऑफ इंग्लैंड के वॉल्ट से 102 टन सोना देश के भीतर सुरक्षित स्थानों पर भेज दिया है। विदेशी मुद्रा भंडार के प्रबंधन पर नई रिपोर्ट से पता चला है कि सितंबर के अंत में, आरबीआई के पास मौजूद 855 टन सोने में से 510.5 टन देश में सुरक्षित स्थान पर रखा गया है। सितंबर 2022 के बाद से, 214 टन सोना देश में लाया जा चुका है। सरकार दुनियाभर में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच सोने को सुरक्षित रखना चाहती है। सरकार में कई लोग मानते हैं कि घर में सोना रखना ज्यादा सेफ है।

**> मई में भी भारत लाया गया था 100 टन सोना**

इससे पहले 31 मई को, एक रिपोर्ट में कहा गया था कि यूके से 100 टन सोना भारत लाया गया है। 1990 के दशक की शुरुआत में भारत की आर्थिक स्थिति कमजोर हो गई थी और उसे सोना गिरवी रखना पड़ा था। यह पहली बार था, जब इतना अधिक सोना भारत में वापस आया था।

पिछली बार की तरह, आरबीआई और सरकार ने सोने को देश में लाने के लिए स्पेशल एयरक्राफ्ट और सिक्योरिटी अरेंजमेंट के साथ एक सीक्रेट मिशन चलाया। सोने के सुरक्षित रखने के लिए इस बात को ध्यान में रखा गया कि किसी भी तरह की कोई जानकारी लीक न हो।

**> आरबीआई भारत के साथ विदेश में भी रखता है सोना**

आरबीआई केवल भारत में ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी सोना रखता है। सभी देशों के केंद्रीय बैंक सोने को अलग-अलग जगहों पर रखना चाहते हैं, ताकि जोखिम कम हो सके। सबसे पहले तो सोने की सेफ्टी को ध्यान में रखा जाता है। अगर भारत में आपदा या राजनीतिक अस्थिरता से आर्थिक स्थिति खराब होती है तो इससे उबरने में विदेशों में रखा सोना काम आता है। प्राकृतिक आपदाओं से भी सोने के भंडार को नुकसान पहुंच सकता है। अलग-अलग जगह सोना रखने से यह जोखिम कम होता है।

**> कई केंद्रीय बैंकों के लिए सोने का भंडारगृह है ब्रिटेन**

ब्रिटेन का बैंक ऑफ इंग्लैंड परंपरागत रूप से कई केंद्रीय बैंकों के लिए सोने का भंडारगृह रहा है। भारत की आजादी से पहले से ही कुछ मात्रा में सोना लंदन में जमा है, क्योंकि आजादी से पहले, ब्रिटेन बैंक ऑफ इंग्लैंड में भारत का सोना रखता था। इसलिए आजादी के बाद भी, भारत ने कुछ सोना लंदन में ही रखा हुआ है। अब, 324 टन सोना बैंक ऑफ इंग्लैंड और बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स की सेफ कस्टडी में रखा गया है। बैंक ऑफ इंग्लैंड में कई देश अपना सोना रखते हैं।

## धनतेरस पर बिका 35 टन सोना चांदी की बिक्री में 30% उछाल

नई दिल्ली, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के महासचिव सुरेंद्र मेहता ने बताया, धनतेरस पर 28,000 करोड़ रुपये के 35 टन सोने की बिक्री हुई। हालांकि, बीते धनतेरस से तुलना करें तो मात्रा के लिहाज से सोने की बिक्री में 15-16 फीसदी की गिरावट रही। उस दौरान कुल 42 टन सोना बिका था। मेहता ने बताया, इस बार चांदी का प्रदर्शन चौंकाने वाला रहा और बिक्री में बीते धनतेरस के मुकाबले 30 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। उन्होंने बताया, आभूषणों के अलावा सोने के सिक्कों व बार की भी जबरदस्त मांग रही। सोने की कुल बिक्री में सिक्कों और बार का योगदान 14 टन रहा। अखिल भारतीय रत्न एवं आभूषण घरेलू परिषद के चेयरमैन संयम मेहरा ने कहा, कामकाजी दिन होने के कारण धनतेरस की सुबह बाजार में कम संख्या में लोग निकले। दोपहर दो-ढाई बजे के बाद सराफा बाजारों में भीड़ दिखने लगी। खरीदारी का रुझान अच्छा रहा। मूल्य के लिहाज से बिक्री में 18-20 फीसदी तेजी रही, जबकि मात्रा के हिसाब से 10 फीसदी कम रही। विश्व स्वर्ण परिषद के क्षेत्रीय सीईओ (भारत) सचिन जैन ने बताया, युवा खरीदारों में दो से आठ ग्राम तक के सोने के सिक्के, चेन, झुमके व कंगन जैसे हल्के वजन वाले आभूषणों का आकर्षण देखने को मिला।

# सोना 79,000 रुपये के पार एक दिन में 936 रुपए बढ़ा



नई दिल्ली, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। धनतेरस पर ऑल टाइम हाई बनाने के बाद छोटी दिवाली पर गोल्ड ने नया हाई बनाया है। आज यानी बुधवार (30 अक्टूबर) को 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत कल के दाम से 936 रुपए बढ़कर 79,681 रुपए पर पहुंच गया है। कल सोने की कीमत 78,745 रुपए थी। वहीं, चांदी की कीमत में भी 467 रुपए की तेजी है और यह 98,340 रुपए प्रति किलो की कीमत पर पहुंच गई है।

इससे पहले चांदी 97,873 रुपए पर थी। इसी महीने 23 अक्टूबर को चांदी ने 99,151 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

**4 महानगरों और भोपाल में सोने की कीमत**

**दिल्ली :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 74,550 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 81,310 रुपए है।

**मुंबई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 74,440 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 81,160 रुपए है।

**कोलकाता :** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 74,440 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 81,160 रुपए है।

**चेन्नई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 74,440 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 81,160 रुपए है।

**भोपाल :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 74,450 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 81,210 रुपए है।

**अगले धनतेरस तक 87 हजार तक जा सकता है सोना**

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटी और करेंसी हेड अनुज गुप्ता के अनुसार, जियोपॉलिटिकल टेंशन और फस्टिव सीजन शुरू होने से सोने को सपोर्ट मिल रहा है। इससे आने वाले दिनों में सोने-चांदी में बढ़त देखने को मिल सकती है। अगले घनतेरस तक सोना 87 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है।

## धनतेरस पर मुकेश अंबानी को 68.6 करोड डॉलर का फायदा

*अमीरों की लिस्ट में ऊपर चढ़े*



नई दिल्ली, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। शेयर मार्केट में गिरावट के बीच मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में तेजी दिख रही है। इससे पहले मंगलवार को भी कंपनी के शेयरों में तेजी रही थी। देश की सबसे वैल्यूएबल कंपनी का शेयर कल 0.30% तेजी के साथ बंद हुआ था। इससे कंपनी के चेयरमैन मुकेश अंबानी की नेटवर्थ में 68.6 करोड़ डॉलर यानी करीब 57,67,79,81,957 रुपये की तेजी आई। इसके साथ ही वह दुनिया के अमीरों की लिस्ट में एक स्थान ऊपर चढ़ गए हैं। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर लिस्ट में अंबानी 102 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ 16वें नंबर पर हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में 5.23 अरब डॉलर की तेजी आई है।

इस बीच अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी की नेटवर्थ में मगंलवार को 80.6 करोड़ डॉलर की तेजी आई। वह 92.4 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 18वें नंबर पर बने हुए हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में 8.10 अरब डॉलर की तेजी आई है। वह एशियाई अमीरों की लिस्ट में मुकेश अंबानी के बाद दूसरे नंबर पर हैं। दुनिया के टॉप 20 अमीरों में से इस साल तीन की नेटवर्थ में गिरावट आई है। इनमें फ्रांस के बर्नार्ड अरनॉल्ट, मेक्सिको के कार्लोस स्लिम और फ्रांस की फांस्वा बेटनकोर्ट मायर्स शामिल हैं। टेस्ला के सीईओ एलन मस्क 270 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में टॉप पर बने हुए हैं।

# यात्रियों के लिए अब ट्रेन में सामान ले जाने की सीमा! रेलवे का नया आदेश



मुंबई, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के बांद्रा टर्मिनस पर बीते दिनों हुई भगदड़ के कुछ दिनों बाद पश्चिमी रेलवे ने एक नया आदेश जारी किया है। उसका कहना है कि अगर यात्रियों का सामान उनकी संबंधित यात्रा श्रेणी के लिए स्वीकार्य व तय सीमा से अधिक होगा तो उन पर जुर्माना लगाया जाएगा। रेलवे ने लोगों से स्टेशनों पर अधिक भीड़ न लगाने का भी आग्रह किया है।

**यह हैं नए दिशा-निर्देश**

पश्चिम रेलवे ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति में कहा, 'रेलवे अपने प्रत्येक यात्री को अपनी यात्रा के दौरान एक निश्चित मात्रा में ही बिना किसी शुल्क के सामान ले जाने की अनुमति देता है, लेकिन स्कूटर और साइकिल जैसी वस्तुओं समेत 100 सेंटीमीटर की लंबाई, 100 सेमी की चौड़ाई और 70 सेमी की ऊंचाई से बड़े आकार के सामान को निःशुल्क ले जाने की अनुमति नहीं होगी।'

**'निर्धारित सामान सीमा का भी पालन करें'**

इसमें आगे कहा गया, 'पश्चिम रेलवे सभी यात्रियों से आग्रह करता है कि वे स्टेशनों पर अधिक भीड़भाड़ से बचें और ट्रेन की समय सारणी के अनुसार केवल आवश्यक होने पर ही परिसर में प्रवेश करें तथा निर्धारित सामान सीमा का भी पालन करें।'

**आठ तक रहेगा आदेश लागू**

पश्चिम रेलवे ने सभी यात्रियों से निःशुल्क सामान की अधिकतम सीमा से संबंधित नियमों का पालन करने की अपील की है। विज्ञप्ति में कहा गया कि यात्रा के विभिन्न वर्गों के लिए निःशुल्क छूट अलग-अलग होती है। अगर सामान निःशुल्क छूट से अधिक होगा, तो उसके अनुसार जुर्माना लगाया जाएगा। बता दें, यह निर्देश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है और आठ नवंबर तक लागू रहेगा। त्योहारी सीजन के दौरान पार्सल बुकिंग में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है, खासकर बांद्रा टर्मिनस, वापी, वलसाड, उधना और सूरत के पार्सल कार्यालयों में बुकिंग में अधिक वृद्धि हुई है। यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ट्रेन के निर्धारित प्रस्थान से पहले पार्सल खेप को प्लेटफार्मों पर लंबे समय तक जमा न रखने के निर्देश जारी किए गए हैं।

# भारत के विदेशी मुद्रा भंडार से 11.2 महीने का आयात संभव

**आरबीआई की रिपोर्ट में खुलासा**



नई दिल्ली, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक ( आरबीआई ) की एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार देश का विदेशी मुद्रा भंडार आयात (भुगतान संतुलन के आधार पर) को 11.2 महीने तक कवर कर सकता है। इसका मतलब है कि 11.2 महीने के कुल आयात खर्च को वर्तमान विदेशी मुद्रा भंडार का इस्तेमाल कर पूरा किया जा सकता है। जारी आरबीआई की रिपोर्ट में भारत के विदेशी मुद्रा भंडार, आयात कवर और अंतरराष्ट्रीय निवेश की स्थिति (आईआईपी) पर अपडेट दिया गया है। यह रिपोर्ट जून 2024 के अंत तक देश की बाहरी वित्तीय स्थिति की जानकारी दी है।

देश के आयात कवर का नवीनतम आंकड़ा मार्च 2024 के अंत में दर्ज 11.3 महीने के कवर से थोड़ा कम है। आयात कवर आयात के महीनों की संख्या का एक माप है जिसे विदेशी मुद्रा भंडार के वर्तमान स्तर से पूरा किया जा सकत है। यह आंकड़ों बाहरी आर्थिक झटकों के खिलाफ देश के लचीलेपन का एक महत्वपूर्ण संकेतकहै। रिपोर्ट के अनुसार, जून 2024 के अंत में, आयात (भुगतान संतुलन के आधार पर) को कवर करने वाला विदेशी मुद्रा भंडार 11.2 महीने रहा, मार्च 2024 के अंत में 11.3 महीने था। विवरण से पता चलता है कि भंडार में अल्पकालिक ऋण के अनुपात में वृद्धि हुई है। मार्च 2024 तक, अल्पकालिक ऋण (मूल परिपक्वता के आधार पर) भंडार का 19.7 प्रतिशत था। हालांकि, जून के अंत तक, यह अनुपात बढ़कर 20.3 प्रतिशत हो गया, जो देश के भंडार की तुलना में अल्पकालिक देनदारियों में मामूली वृद्धि को दर्शाता है। इसके अतिरिक्त, अस्थिर पूंजी प्रवाह का अनुपात- जिसमें संचयी पोर्टफोलियो अंतर्वाह और बकाया अल्पकालिक ऋण शामिल हैं- भंडार के सापेक्ष मामूली वृद्धि देखी गई, जो मार्च के अंत में 69.8 प्रतिशत से जून के अंत में 70.1 प्रतिशत हो गया। आरबीआई की रिपोर्ट में भारत की अंतर्राष्ट्रीय निवेश स्थिति (आईआईपी) में बदलावों पर भी प्रकाश डाला गया, जो देश की बाहरी वित्तीय परिसंपत्तियों और देनदारियों का एक व्यापक रिकॉर्ड है।

रिपोर्ट के अनुसार जून 2023 के अंत और जून 2024 के अंत के बीच भारत की बाहरी परिसंपत्तियों में 108.4 बिलियन अमरीकी डॉलर की वृद्धि देखी गई, जबकि इसी अवधि में बाहरी देनदारियों में 97.7 बिलियन अमरीकी डॉलर की वृद्धि हुई। परिसंपत्तियों और देनदारियों में यह वृद्धि देश की अंतरराष्ट्रीय व्यस्तताओं और वित्तीय लेन-देन की जानकारी देती है। कुल मिलाकर, ये अपडेट भारत की बाहरी आर्थिक स्थिति को दर्शाते हैं और वैश्विक वित्तीय गतिशीलता के बीच अपने विदेशी मुद्रा भंडार के लचीलापन की जानकारी देते हैं । आईआईपी पर आरबीआई के डेटा, आयात कवर और ऋण-से-रिजर्व अनुपात जैसे उपायों के साथ, अस्थिर वैश्विक वातावरण में भारत की आर्थिक स्थिरता का आकलन करने मामले में महत्वपूर्ण बने हुए हैं।

## हर अमेरिकी पर 84,30,591 कर्ज चुकाते-चुकाते निकल जाएगा दम!

वाशिंगटन, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। दुनिया की सबसे बड़ी इकॉनमी वाले देश अमेरिका का कर्ज 35.83 ट्रिलियन डॉलर पहुंच चुका है। देश के हर नागरिक पर 106,132 डॉलर यानी 84,30,591 रुपये कर्ज है। प्रति टैक्सपेयर यह कर्ज 271,888 डॉलर पहुंच गया है। पिछले साल अक्टूबर में अमेरिका का कर्ज 33.68 ट्रिलियन डॉलर था। दुनिया की सबसे बड़ी इकॉनमी वाले देश अमेरिका का कर्ज पिछले 24 साल में छह गुना बढ़ गया है। साल 2000 में अमेरिका पर 5.7 ट्रिलियन डॉलर का कर्ज था जो 2010 में 12.3 ट्रिलियन डॉलर और 2020 में 23.2 ट्रिलियन डॉलर पहुंचा था।

यूएस कांग्रेस के बजट दस्तावेजों के मुताबिक अगले दशक तक देश का कर्ज 54 ट्रिलियन डॉलर पहुंचने का अनुमान है। तीन महीने में ही इसमें एक ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा का इजाफा हो चुका है। यह देश की जीडीपी का करीब 125% पहुंच है। पिछले तीन साल में ही देश का कर्ज 10 ट्रिलियन डॉलर से अधिक बढ़ा है। स्थिति यह हो गई है कि अमेरिका को रोजाना 1.8 अरब डॉलर ब्याज के भुगतान में खर्च करने पड़ रहे हैं। सरकार को सालाना $1 ट्रिलियन से ज्यादा केवल ब्याज देना पड़ रहा है। यानी फेडरल टैक्स रेवेन्यू का 23% ब्याज चुकाने में जा रहा है।

**देश का कर्ज**

अमेरिका के राष्ट्रपति चुनावों में देश का कर्ज एक बड़ा मुद्दा बनकर उभरा है। सरकार की कमाई कम हो रही है और खर्च बढ़ गया है। जानकारों की मानें तो अमेरिका की इकॉनमी और नेशनल सिक्योरिटी के लिए अच्छी बात नहीं है। अगर कर्ज इसी तरह के बढ़ता गया तो अगले कुछ साल में अमेरिका का डेट-टु-जीडीपी रेश्यो 200% तक पहुंच सकता है। देश का कर्ज इकॉनमी से दोगुना पहुंच जाएगा। अगर ऐसा हुआ तो कर्ज चुकाते-चुकाते ही अमेरिका का दम निकल जाएगा। इससे सरकार को रिसर्च एंड डेवलपमेंट, इन्फ्रास्ट्रक्चर और शिक्षा पर होने वाले कुल खर्च से ज्यादा पैसा ब्याज चुकाने में देना होगा। इससे सरकार को सोशल सिक्योरिटी पर खर्च में कटौती करनी पड़ सकती है। चिंता यह है कि अमेरिका का कर्ज ऐसे वक्त में बढ़ रहा है जब देश की इकॉनमी अच्छी स्थिति में है और बेरोजगारी कम है।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




| ग्रह स्थिति | | |
|---|---|---|
| सूर्य- | तुला | मे |
| चंद्र- | कन्या | मे |
| मंगल | कर्क | मे |
| बुध- | वृश्चिक | मे |
| गुरु- | वृष | मे |
| शुक्र- | वृश्चिक | मे |
| शनि- | कुंभ | मे |
| राहु- | मीन | मे |
| केतु- | कन्या | मे |

| लग्नारंभ समय | | |
|---|---|---|
| तुला-- | 05-19 | बजे |
| वृश्चिक- | 07-28 | बजे |
| धनु---- | 09-42 | बजे |
| मकर... | 11-48 | बजे |
| कुंभ- | 13-39 | बजे |
| मीन- | 15-17 | बजे |
| मेष---- | 16-53 | बजे |
| वृष---- | 18-38 | बजे |
| मिथुन | 20-38 | बजे |
| कर्क-- | 22-50 | बजे |
| सिंह--- | 01-03 | बजे |
| कन्या-- | 03-09 | बजे |

श्री कालयुक्त संवत्सर-विक्रम संवत-2081
शक संवत- 1946 सूर्य -दक्षिणायन- ऋतु -हेमन्त
महावीर निर्वाण संवत -2550,हिजरी सन् -1444
कलियुग अवधि-432000
भोग्य कलि वर्ष-426875
सूर्योदय - 06-17
सूर्यास्त. -17-41
कलियुग संवत् -5125 वर्ष,
कल्पारभ संवत् -1972949125
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885125
दिशाशूल -- दक्षिण - जीरा खाकर घर से निकले
तिथि- चतुर्दशी 15-53 तक उपरान्त अमावस्या
मास - कार्तिक कृष्ण , गुरुवार 31 October
नक्षत्र - चित्रा 00-44 तक उपरान्त स्वाति
योग - विष्कुंभ 09-50 तक उप प्रीति
करण- शकुनि 15-53 तक उप चतुष्पाद
विशेष:-
व्रत -त्योहार - रूप चतुर्दशी अरूणोदय स्नान

विशेष:- राशिफल "हों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश क लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए ।

**राहुकाल 13:26 से 14:52 तक**

**पं महेशचन्द्र शर्मा मो.9247132654,8309517693**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शुभ.. | 06:17 - 07:41 | शुभ | अमृत | 17:41 - 19:18 | शुभ |
| रोग | 07:41 - 09:07 | अशुभ | चंचल. | 19:18 - 20:52 | शुभ |
| उत्पात | 09:07 - 10:34 | अशुभ | रोग | 20:52 - 22:26 | अशुभ |
| चंचल . | 10:34 - 11:59 | शुभ | काल | 22:26 - 23:59 | अशुभ |
| लाभ. | 11:59 - 13:26 | शुभ | लाभ | 23:59 - 01:34 | शुभ |
| अमृत. | .13:26 - 14:52 | शुभ | उत्पात | 01:34 - 03:08 | अशुभ |
| काल. | 14:52 - 16:18 | अशुभ | शुभ | 03:08 - 04:42 | शुभ |
| शुभ. | 16:18 - 17:41 | शुभ | अमृत. . | 04:42 - 06:17 | शुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** (चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,) अपने प्रति ईमानदार रहें क्योकि इसी से आप हरेक स्थिति में खुश रह पायेंगे । केवल दूसरों की परवाह करने के लिए अपनी इच्छाओं का बलिदान न करें ,जो आपको भी अच्छा लगे,वही करें । आपको यह सोचने में कुछ समस्या हो सकती है कि कहां से शुरू करूं,इसलिए सारे पहलू देखकर अपनी प्राथमिकताएं तय कर लें ।

**वृष** (ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,) खुशियाँ मनाने का समय है । आपके किसी करीबी की शादी है । इस जोड़े को आपसे बहुत शुभकामनाएँ मिलेंगी । अगर किसी से प्यार करते हैं तो उससे शादी के बारे में सोच सकते हैं । जो पहले से शादीशुदा हैं,उनके लिए पार्टी में मजे करने का समय है । आज आपको अपने स्वास्थ्य सम्बन्धी कई जांचें करानी पड़ सकती हैं।

**मिथुन** (का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,) आज आपके हर एक काम में आत्मविश्वास की झलक दिखेगी । कुछ समय पहले तक बहुत मुश्किल दिखने वाली बाधाएं आज आसानी से पार हो जाएंगी । आपकी संवाद कुशलता अब पहले से बेहतर है और आप लोगों को इसके चलते विश्वास में लेकर अपनी बात समझा पायेंगे । दिन किसी मुश्किल परियोजना पर काम करने के लिए भी उपयुक्त है ।

**कर्क** (ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,) आपका व्यक्तित्व प्रतिभाशाली और प्रभावी है ,जो आज आपके हितेषियों तथा विरोधियों सहित सबके सामने आएगा । अपने शुभचिन्तकों की बातों पर ध्यान दें और बाकी सब बातों की उपेक्षा कर दें । आपके बड़े आपका साथ देंगे और जीवन के महत्वपूर्ण लक्ष्यों पर ध्यान फोकस करने में आपकी मदद करेंगे ।

**सिंह** (मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,) बिजनेस सम्बन्धी किसी मीटिंग में आपके मनमुताबिक मोड़ आने की सम्भावना है । आप आज शांत किन्तु दृढ हैं । आपने खूब सोच समझकर फैसले लिए हैं । कार्यस्थल पर सकारात्मक बदलाव होंगें । किसी पुराने दोस्त से मुलाकात संभव है । घर पर शांत और संतुष्ट बने रहेंगे । बोद्धिक उन्नति होगी ,प्रियजनों की और से कोई खुश कर देने वाली खबर मिलेगी ।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) आप अपने आप को विभिन्न दिशाओं में आकर्षित अनुभव कर रहे हैं और समझ नही पा रहे कि क्या किया जाना चाहिए ? यह परेशानी आज और ज्यादा बढ़ेगी और आपके लिए फैसला लेना और भी मुश्किल हो जाएगा । आपको सावधानी से काम लेना होगा क्योंकि आपके फैसले लेने की क्षमता भावनाओ और दुसरे कारणों से प्रभावित हो सकती है ।

**तुला** (रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,) आपको अपनी स्थिति ,विशेषकर वित्तीय स्थिति पर अच्छी तरह विचार करने की आवशयकता है । बहुत खर्च करने में आनंद आ सकता है लेकिन इससे आपके परिवार की वित्तीय स्थिति पर भी बुरा असर पड़ सकता है ,आपको यह जानना होगा । जहां तक वित्तीय स्थिति का सवाल है,आपको ठंडे दिमाग से काम लेते हुए और परिजनों की बात भी सुननी चाहिए ।

**वृश्चिक** (तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,) आज अपने सिद्धांतों की व्याख्या और पुनर्मुल्यांकन का दिन है । आप पिछले फैसलों के लिए खुद से और अपने साथी से भी सवाल कर सकते हैं । फिर भी आप उसके प्रति बहुत अच्छे बने रहेंगे और उससे भी बदले में यही उम्मीद रखेंगे । जब पुराने विचारों से कोई काम बनता दिखाई न दे रहा हो तो नए विचारों को अपना लेने में कोई बुराई नही है ।

**धनु** (ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे) इस समय आपके जीवन में अजीब ही घटनाएँ हो रही हैं । जिससे भी आप मिलते हैं,आपके मन में उसी के लिए कोमल भावनाएं पैदा हो जाती हैं ,विशेषत विपरीत लिंग को आप बहुत आकर्षित करेंगे । साथ ही आप उस काम के बारे में भी जागरूक रहेंगे जो आपको दूसरों के लिए घर और कार्यस्थल पर करना है ।

**मकर** (भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी) वित्तीय लाभ की सूचना से आपको और आपके परिजनों को ख़ुशी होगी । इससे ये भावना आएगी कि सब अच्छा हो रहा है । आप खुशमिजाज और आकर्षक हैं,नए लोगों से मिलें । इससे आपको नए अवसर मिलेंगे जो अंतत आपके लिए फायदे का सौदा साबित होंगे । आप परिवार या घर की बनावट में कोई बदलाव लाने के बारे में सोच सकते हैं ।

**कुंभ** (गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,) इस बात की सम्भावना है कि कोई आपके आसपास आपके विचार चुराकर आने करियर में प्रगति करना चाहता है । इसीलिए किसी से बात करते हुए सावधान रहें । आपको इस समय बड़ी गंभीरता से अपने हित के बारे में सोचना है ।अपने लम्बे सहकर्मी रह चुके लोगों के साथ भी अपनी जानकारियां साझी न करें ।

**मीन** (दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची) आपको अपने कामों को पूरा करने के लिए बहुत कम साधन उपलब्ध होंगें और इससे आपके काम में बाधा पहुचेगी । इससे परेशान न हों,आपको दिन के अंत तक अपनी पसंद का काम और साधन दोनों ही मिल जायेंगे । आप प्रकृति से ही मेहनती हैं और आप जिम्मेदारियों के साथ साथ स्वतंत्रता का भी आनंद लेंगे ।

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र**



# उपचुनाव से पहले पीएम मोदी से मिले सीएम भजनलाल
## एक घंटे तक चली मंत्रणा के क्या सियासी मायने?

जयपुर, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज दिल्ली दौरे पर है। प्रदेश की सात विधानसभा सीटों पर 13 नवंबर को होने वाले उपचुनाव से पहले आज सीएम भजनलाल शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच करीब एक घंटे तक कई मुद्दों पर चर्चा हुई। ऐसे में पीएम मोदी से सीएम भजनलाल की मुलाकात के कई सियासी मायने निकाले जा रहे है। सीएम भजनलाल शर्मा बुधवार सुबह दिल्ली पहुंचे। इसके बाद वे सीधे पीएम आवास पहुंचे। जहां पर सीएम भजनलाल ने पीएम मोदी से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच करीब एक घंटे तक राइजिंग राजस्थान इनवेस्टमेंट समिट, उपचुनाव सहित कई मुद्दों पर चर्चा हुई।



**पीएम मोदी को दीपोत्सव की शुभकामनाएं**

साथ ही सीएम भजनलाल ने पीएम मोदी को दीपोत्सव की शुभकामनाएं दी। इस मुलाकात के बाद सीएम भजनलाल पार्टी के कुछ वरिष्ठ नेताओं व केंद्रीय मंत्रियों के साथ भी मुलाकात करेंगे। माना जा रहा है कि सीएम भजनलाल आज शाम तक वापस जयपुर लौट आएंगे।

**इन मुद्दों पर चर्चा**

सियासी गलियारों में चर्चा है कि एक घंटे तक चली मंत्रणा के दौरान राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट, राजस्थान उपचुनाव और ईआरसीपी परियोजना के शिलान्यास को लेकर सीएम भजनलाल ने पीएम मोदी से मुलाकात की।

राजस्थान उपचुनावः राजस्थान की सात विधानसभा सीटों पर 13 नवंबर को उपचुनाव होने है। जिनमें रामगढ़, दौसा, झुंझुनूं, देवली-उनियारा, खींवसर, चौरासी और सलूंबर सीट शामिल है। इनमें से एक ही सीट बीजेपी के पास थी। लेकिन, अब बीजेपी चाहती है कि सभी सीटों पर जीत दर्ज की जाएं। बीजेपी बागियों को मनाने में कामयाब रही है। पीएम से मुलाकात के दौरान उपचुनाव को लेकर भी चर्चा की गई। यह भी चर्चा है कि पीएम मोदी 27 अक्टूबर को जयपुर के पास दादिया गांव चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिटः जयपुर में 9 से 11 दिसंबर तक राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन होना है। इसके लिए सीएम भजनलाल शर्मा देश ही नहीं विदेशों में भी नेताओं को न्यौता दे रहे है। एक घंटे चली मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच समिट को लेकर चर्चा हुई। बता दें कि समिट का शुभारंभ भी पीएम मोदी करेंगे। ईआरसीपीः भजनलाल सरकार पीकेसी-ईआरसीपी योजना के पहले फेज का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कराने की तैयारी कर रही है। पीएम मोदी 27 अक्टूबर को जयपुर दौरे पर रहेंगे। ऐसे में वे ईआरसीपी परियोजना का शिलान्यास कर सकते हैं। माना जा रहा है कि इस मुद्दे पर भी दोनों नेताओं के बीच चर्चा हुई, ताकि भजनलाल सरकार उपचुनाव में वोटर्स को साधने का प्रयास कर सकें।

# उपचुनाव में दिखेगा वसुंधरा-पायलट का जलवा!
## बीजेपी-कांग्रेस के ये दिग्गज भी जमाएंगे रंग

जयपुर, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजस्थान में सात सीटों पर उपचुनाव में नामांकन दाखिल होने के बाद आज नामांकन वापसी की प्रक्रिया भी पूरी हो जाएगी, लेकिन चुनाव प्रचार दिवाली बाद ही जोर पकड़ेगा। भाजपा और कांग्रेस के कुछ बड़े नेताओं ने प्रचार शुरू कर दिया है, तो कई दिग्गजों का प्रचार के लिए क्षेत्र में इंतजार हो रहा है। हालांकि, पार्टी सूत्रों का कहना है कि सभी बड़े नेता प्रचार में उतरेंगे। दिवाली बाद इनके दौरे कराने को लेकर रूट चार्ट तैयार किए जा रहे हैं।

कांग्रेस में पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी, प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा सहित अन्य कुछ प्रदेश कांग्रेस के बड़े नेता उपचुनाव वाली सीटों पर प्रचार के लिए नहीं पहुंचे हैं। बताया जा रहा है कि कांग्रेस अपने नेताओं के दौरे तय कर रही है, उनमें इन बड़े नेताओं के नाम भी





हैं। चार नवंबर के बाद यह नेता प्रचार करने अलग-अलग सीटों पर जाएंगे।

वहीं, भाजपा में भी पूर्व सीएम वसुंधरा राजे, डिप्टी सीएम दिया कुमारी, प्रदेश प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल का चुनाव वाली सीटों पर जाना बाकी है। चुनाव को लेकर हुई बैठकों में भी राजे शामिल नहीं हुईं। एक तरह से राजे पूरी चुनाव प्रक्रिया से अभी तक दूरी बनाए हुए हैं। उधर, प्रदेश प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल उपचुनाव की घोषणा से पहले तो विधानसभा क्षेत्रों में गए थे, लेकिन घोषणा के बाद प्रचार करने नहीं गए हैं। उनको पिछले दिनों जयपुर आना था, लेकिन वह दौरा भी रद्द हो गया। डिप्टी सीएम दिया कुमारी भी दिवाली बाद ही चुनाव प्रचार में उतरेंगी।

**ये बड़े नेता संभाल रहे चुनावी कमान**

भाजपा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ सहित अन्य कुछ बड़े नेताओं ने दौरे शुरू कर दिए हैं। ये नेता पार्टी उम्मीदवारों की नामांकन सभाओं को संबोधित कर चुके हैं। कांग्रेस में भी प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, पूर्व सीएम अशोक गहलोत कुछ सीटों पर चुनावी दौरे कर नामांकन सभा कर चुके हैं। इनके अलावा भी कांग्रेस-भाजपा के कई नेता अलग-अलग सीटों पर चुनावी कमान संभाले हुए हैं।

**प्रदेश स्तर के नेताओं के हाथों में चुनावी कमान**

विधानसभा उपचुनाव में प्रचार के लिए भाजपा और कांग्रेस के प्रदेश स्तरीय नेताओं के हाथों में भी चुनावी कमान रहेगी। प्रचार के लिए प्रदेश से बाहर के नेताओं को नहीं बुलाया जाएगा। भाजपा और कांग्रेस ने प्रचार के लिए स्टार प्रचारकों की सूची भी जारी कर दी है। इस सूची में सभी प्रदेशस्तरीय नेता हैं।

# आलीशान होटल, करोड़ों की जमीनें, कई किलो सोना-चांदी, महंगी कारें, पांच बैंकों में खाते
## करोड़पति रसद अधिकारी जयमल राठौड़ जिसकी दिवाली मनेगी जेल में

उदयपुर, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। आय से अधिक संपत्ति के मामले में उदयपुर के रसद अधिकारी जयमल राठौड़ की जमानत अर्जी को उदयपुर की एडीजे.3 कोर्ट ने खारिज कर दिया है। जज प्रवीण कुमार ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए जमानत अर्जी को अस्वीकार कर दिया। राठौड़ खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के संभागीय उपभोक्ता संरक्षण अधिकारी हैं और उनके खिलाफ एंटी करप्शन ब्यूरो द्वारा जांच जारी है।



एसीबी ने राठौड़ के घर, दफ्तर और होटल पर छापेमारी की। जहां से उन्हें 2 किलो सोना, 14 किलो चांदी, महंगी शराब की बोतलें, 3 लाख रुपये नकद, लेपर्ड के नाखून, हिरण के सींग और संपत्ति के कई दस्तावेज मिले। जांच में उनके और उनके परिवार के पास करोड़ों रुपये की संपत्ति का खुलासा हुआ है। इसके अलावा एक आलीशान होटल और कई जगहों पर खेती की एवं पक्की जमीन के दस्तावेज भी मिले हैं।

राठौड़ के बड़े बेटे हनुत सिंह के नाम 95 हजार की अपाचे बाइक, 13.50 लाख की महिंद्रा एक्सयूवी कार और 20 लाख की किआ सेल्टॉस है। छोटे बेटे हर्षवर्धन के पास एक एक्टिवा स्कूटी मिली है। हालांकि, राठौड़ के आईसीआईसीआई बैंक खाते में केवल 4961 रुपये पाए गए हैं। आंकड़ों के अनुसार, राठौड़ ने वर्ष 2015 में अपनी पत्नी के नाम पर 29.49 लाख रुपये में दो जमीनें खरीदीं और उन्हें 2018 में 49.52 लाख रुपये में बेचकर 21.02 लाख रुपये की कमाई की। इसके अतिरिक्त. भीलवाड़ा में उन्होंने चार पुश्तैनी जमीनें बेचकर 46.79 लाख रुपये कमाए।

इस मामले में राठौड़ के नाम सिर्फ पांच बैंकों में खाते हैं, जिनमें कुल 2.95 लाख रुपये जमा हैं। जमानत अर्जी खारिज होने के बाद अब यह देखना होगा कि एसीबी की जांच में और क्या तथ्य सामने आते हैं और राठौड़ की संपत्तियों की असलियत क्या है। राठौड़ के खिलाफ एक शिकायत मिलने के बाद जांच शुरू की गई थी।

## पहाड़ियों पर रहते हैं 300 परिवार
# अब ड्रोन संभालेगा मोर्चा बीमारियों का करेगा खात्मा



सिरोही, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। ड्रोन आबू रोड से अरनुआ गांव (पिंडवाड़ा) तक उड़ेगा। यह ऐसा गांव है, जहां पहुंचने के लिए मुख्य मार्ग से आठ किलोमीटर कच्चा रास्ता तय करना पड़ता है। इस गांव के करीब 300 परिवार पहाड़ियों पर रहते हैं। अब ड्रोन के जरिए गांव तक दवाइयां पहुंचाने के साथ वहां से रोगों की जांच के नमूने आबूरोड सेंटर लाए जाएंगे। ड्रोन उड़ान भरते हुए 32 किलोमीटर रास्ता 25 मिनट में तय कर अरनुआ गांव पहुंचेगा। दवाई व नमूना लाने व ले जाने में ड्रोन 400 फीट ऊंचाई पर उड़ान भरेगा। इसमें दो किलो वजनी दवा ले जा सकते हैं। कार्यक्रम में आबू-पिण्डवाडा विधायक समाराम गरासिया, आबू-रेवदर विधायक मोतीराम कोली, एम्स के निदेशक डॉ. गोवर्द्धन दत्त पुरी सहित एम्स के अधिकारी शामिल हुए। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिरोही के राजकीय मेडिकल कॉलेज में क्रिटिकल केयर ब्लॉक का वर्चुअल शिलान्यास किया। जिसका जिला स्तरीय कार्यक्रम महाविद्यालय के हॉल में आयोजित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने वर्चुअल संबोधित करते हुए कहा कि देश में चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। आज स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित 13 हजार करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया गया है। यहां मेडिकल कॉलेज में कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री के के विश्नोई ने कहा कि राज्य व केन्द्र सरकार आमजन के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए बेहद गंभीर है, इसके लिए विभिन्न नवाचार भी किए जा रहे हैं। साथ ही विभिन्न योजनाओं के माध्यम से भी आमजन को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आमजन के स्वास्थ्य के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की राहत प्रदान करने के लिए बजट का एक बड़ा हिस्सा स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार पर खर्च किया जा रहा है।

# जूली ने उठाया सवाल तो जागी सरकार
## गो-तस्कर के खिलाफ दायर करेगी 'रिव्यू पीटिशन'

जयपुर, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजस्थान में भजनलाल सरकार ने जैसे ही गाय को 'अवारा' कहने पर प्रतिबंध लगाया, वैसे ही इस निर्णय पर संग्राम शुरू हो गया है। क्योंकि सुप्रीम कोर्ट से गो-तस्करी के आरोपी को जमानत मिलने के बाद नेता विपक्ष टीकाराम जूली ने सवाल उठाते हुए कहा था कि 'मुंह में राम, बगल में छूरी' यह है बीजेपी वालों की असलियत। दरअसल, अब राज्य सरकार गो-तस्करी के आरोपी के खिलाफ 4 नवंबर को रिव्यू पीटिशन दायर करने जा रही है।



सुप्रीम कोर्ट ने यूपी निवासी नाजिम को इसलिए जमानत दे दी क्योंकि राज्य सरकार ने मामले में गंभीर लापरवाही बरती थी। राज्य सरकार को नोटिस मिलने के बाद भी किसी वकील को निर्देश नहीं मिले थे कि मामले में पैरवी कौन करेगा। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट ने आरोपी नजीम खान को जमानत देते हुए कहा कि राज्य सरकार को नोटिस 8 अक्टूबर को मिल गया था, लेकिन ना तो किसी का वकालतनामा आया और ना राज्य की ओर से पैरवी के लिए कोई वकील पेश हुआ है। ऐसे में यह पता नहीं है कि प्रार्थी के खिलाफ पूर्व के 7 मामलों में मौजूदा स्थिति क्या है और वर्तमान मामले की स्थिति क्या है। जस्टिस सूर्यकांत व उज्ज्वल भुइयां की खंडपीठ ने माना कि आरोपी यूपी का रहने वाला है और उसके राजस्थान में चल रहे केस में अनुपस्थित रहने की भी संभावना है। लेकिन प्रार्थी को अनिश्चितकाल के लिए हिरासत में रखने का कोई औचित्य नहीं है। ऐसे में उसे सशर्त जमानत पर रिहा करना उचित है। अदालत ने आरोपी पर शर्त लगाई कि वह भविष्य में ट्रायल कोर्ट के समक्ष उपस्थित होगा। वहीं, अब राज्य सरकार जमानत रद्द करवाने के लिए 4 नवंबर को रिव्यू पीटिशन दायर करेगी। अब अतिरिक्त महाधिवक्ता शिवमंगल शर्मा इस मामले में पैरवी करेंगे। इसके बाद सूबे के विधि मंत्री जोगाराम पटेल ने बड़ा बयान देते हुए कहा कि सरकारी अधिवक्ता की चूक से गौ तस्कर की हुई जमानत हुई है। वकील ने सुप्रीम कोर्ट में उचित ढंग से पैरवी नहीं की। अब सरकार ने पूरे मामले को गंभीरता से लिया है। जोगाराम पटेल ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट में गौ तस्कर की जमानत खारिज करवाने के लिए रिव्यू पिटिशन लगाई है। उन्होंने कहा कि गो तस्करी को लेकर प्रदेश में किसी भी प्रकार छूट नहीं दी जाएगी। नेता विपक्ष टीकाराम जूली ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा कि गाय के नाम पर राजनीति करने वालों को इस मामले में अपनी जवाबदेही तय करनी होगी। 'मुंह में राम, बगल में छूरी' यह है बीजेपी वालों की असलियत है।

# सड़क हादसा, बाइक सवार दादा, दोहिते और पोती की मौत

पाली, , 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाली के साण्डेराव फोरलेन हाइवे पर तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीन जनों की मौके पर मौत हो गई, जिनमें एक वृद्ध सहित 10 साल की लड़की और 7 साल का लड़का शामिल है। एक अन्य बच्चा घायल है, जिसका बांगड़ हॉस्पिटल में उपचार जारी है।

सांडेराव थानाधिकारी लक्ष्मण सिंह ने बताया कि ढोला के पास एक ट्रेलर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बाइक सवार वृद्ध और तीन बच्चे उछलकर सिर के बल नीचे गिर गए। दो बच्चों और वृद्ध की मौके पर मौत हो गई और 4 साल का बच्चा गंभीर घायल हो गया। उसे प्राथमिक उपचार के बाद पाली रेफर किया। पुलिस ने सभी शवों को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। पुलिस अज्ञात वाहन चालक की तलाश में जुटी है।

हादसे में पाली के गुड़ा एंदला थाना क्षेत्र के नवा गुड़ा गांव ढलाराम पुत्र पूनाराम प्रजापत, उनकी 10 साल की पोती खुशबु पुत्री रमेश प्रजापत, दोहिता कार्तिक उर्फ कीर्तन पुत्र दिनेश प्रजापत निवासी बागड़ी (सांडेराव) की मौत हो गई। वहीं बागड़ी निवासी 4 साल का दोहिता चिराग पुत्र दिनेश प्रजापत घायल हो गया। रिश्तेदार सोनाराम ने बताया कि दीपावली की छुट्टियां होने के कारण ढलाराम अपने दोहित चिराग और कार्तिक को लेने बागड़ी आए थे। उनको लेकर वो वापस नवागुड़ा जा रहे थे। इस दौरान यह हादसा हो गया।

# फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर ठगी करने वाली महिला गिरफ्तार, नौकरी के नाम पर ऐंठे लाखों रुपये

चूरू, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। तारानगर तहसील में फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर लाखों रुपये ऐंठने वाली अन्जु शर्मा आखिरकार असली पुलिस के हत्थे चढ़ ही गई। मामला तारानगर का है, जहां पर निकटवर्ती ग्राम देवगढ़ की महिला अन्जु शर्मा पिछले काफी समय से दिल्ली पुलिस की महिला उप निरीक्षक बताकर वीआईपी सुविधा लेने की आदी व बेरोजगार युवक और युवतियों को सरकारी नौकरी में भर्ती कराने के एवज में लाखों रुपये एंठने वाली महिला की साहवा पुलिस ने गोपनीय रूप से जांच करवाई तो असलियत सामने आ गई। जिला पुलिस अधीक्षक जययादव द्वारा चलाए जा रहे वांछित अपराधियों एवं



संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ अभियान के तहत राजगढ़ डीएसपी किशोरीलाल, तारानगर डीएसपी रोहित सांखाला और साहवा थानाधिकारी अल्का विश्नोई के नेतत्व में उक्त अभियान चलाया गया था।

बताया जाता है कि उक्त नकली और फर्जी दिल्ली की थानाधिकारी आलीशान जीवनयापन करती थी और फर्जी थानेदार बनकर चूरू, हनुमानगढ़, फतेहाबाद, सिरसा, पानीपत के कई युवा और युवतियों को सरकारी नौकरी में भर्ती का झांसा देकर करोड़ों रुपये ठग चुकी हैं। जब इस फर्जी पुलिस अधिकारी की साहवा थानेदार अल्का विश्नोई ने गोपनीय जांच करवाई तो तो शक हुआ और इसको दस्तायाब किया गया। पूछताछ में नकली पुलिस अधिकारी अन्जु शर्मा ने बताया कि वह पिछले तीन साल से दिल्ली में रहकर अपने रिश्तेदारों, परिवारजनों, पड़ोसियों को दिल्ली पुलिस में और अन्य जगहों पर सरकारी नौकरी दिलवाने के नाम करोड़ों रुपये की ठगी कर चुकी है।

# ट्रेन को बेपटरी करने की साजिश
## 2 महीने में 5वीं बार सामने आया ऐसा मामला

बारां, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। बारांराजस्थान में दिवाली से पहले ट्रेन को बेपटरी करने की साजिश का मामला सामने आया है। कोटा-रूठियाई सेक्शन के अंता रेलवे स्टेशन के समीप पटरी पर अज्ञात लोगों ने पत्थर रख दिए। रात करीब 10 बजकर 21 मिनट पर ट्रैक से गुजर रही इन्दौर-कोटा इंटरसिटी (22984 अप ट्रेन) के ड्राइवर को पत्थर दिखाई देने पर उसने सूझबूझ से काम लिया। इससे गंभीर हादसा होने से टल गया। बता दें कि राजस्थान में करीब 2 महीने के अंदर ट्रेन पलटाने की साजिश का यह 5वां मामला सामने आया है।

पटरी पर पत्थर रखा मिलने की सूचना पर रेलवे अधिकारियों में हड़कंप मच गया। सूचना पर अन्ता के वरिष्ठ खंड अभियंता रोशन सिंह व बारां से आरपीएफ पोस्ट प्रभारी राजेन्द्र कुमार मय जाप्ते के मौके पर पहुंचे तथा घटनास्थल की जानकारी लेकर उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट दी। इस मामले में अन्ता सेक्शन के वरिष्ठ खंड अभियंता रोशन सिंह की ओर से अन्ता पुलिस थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। रिपोर्ट पर पुलिस ने जांच शुरू की है।

**ड्राइवर की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा**

अन्ता थाना प्रभारी दिग्विजय सिंह व रेलवे सूत्रों ने बताया कि सोमवार रात करीब 10.21 बजे इंदौर-कोटा ट्रेन ट्रेक से गुजर रही थी। इसी दौरान ट्रेन ड्राइवर को पटरी पर करीब 7-8 किलो वजनी पत्थर रखा दिखा दिया। इस पर ड्राइवर ने सूझबूझ से काम लेते हुए ब्रेक लगा दिए। इससे गाड़ी की गति धीमी हो गई, लेकिन फिर भी पत्थर व्हील को छू गया। इससे पत्थर के टुकड़े हो गए और हादसा टल गया। तत्काल लोको पायलट अर्जुन सिंह ने कंट्रोल रूम व अन्ता स्टेशन मास्टर को सूचना दी। इसके बाद सेक्शन इंजीनियर रोशन सिंह की ओर से अज्ञात जनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई। फिलहाल, मामले की जांच की जा रही है।

इससे पहले 2 अक्टूबर को बीकानेर शहरी क्षेत्र में चौखूंटी ओवरब्रिज के नीचे रेल पटरी की जॉइंट प्लेट खुली मिली थी। यहां जागरुक लोगों के शोर मचाने पर प्लेट खोल रहे युवक भाग छूटे थे। 8 सितंबर की रात अजमेर के सरधना और बांगड़ ग्राम रेलवे स्टेशन के बीच रेलवे ट्रैक पर सीमेंट के ब्लॉक रखकर ट्रेन को बेपटरी करने की साजिश हुई थी। ट्रेन का इंजन सीमेंट ब्लॉक को तोड़ते हुए आगे निकल गया था। हालांकि, बड़ा हादसा टल गया था। 28 अगस्त को बारां के छबड़ा में मालगाड़ी के ट्रैक पर बाइक का स्क्रैप फेंका गया था। मालगाड़ी का इंजन बाइक के कबाड़ से टकरा गया था। हालांकि, कोई जनहानि नहीं हुई थी। 23 अगस्त को पाली में अहमदाबाद-जोधपुर वंदे भारत एक्सप्रेस के ट्रैक पर सीमेंट के ब्लॉक रखे गए थे। लेकिन, कोई जनहानि नहीं हुई थी।

# बाड़े में आग लगने से 2 लाख का चारा जला
## समय रहते ग्रामीणों ने आग पर पाया काबू

केकड़ी, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। केकड़ी जिले के ग्राम सांपला में राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल के पीछे एक बाड़े में आग लगने से 2 लाख रुपए का चारा जल कर राख हो गया। अचानक आग की लपटें देखकर हड़कंप मच गया और ग्रामीण आग बुझाने दौड़ पड़े। जिसके हाथ, जो बाल्टी, बर्तन आया, उसमें पानी भर-भरकर आग बुझाने के जतन किये गए। इसी दौरान पता चलते ही गांव के पानी सप्लाई करने वाले टैंकर भी मौके पर पहुंच गए, जिनकी मदद से आखिरकार आग पर काबू पा लिया गया। अन्यथा आग फैलने का खतरा पैदा हो गया था। समीप ही स्थित हायर सेकंडरी स्कूल में भी आग पहुंचने व फर्नीचर वगैरह जलने से बड़ा नुकसान होने की आशंका बन गई थी। दोपहर का समय होने के कारण ग्रामीणों को आग बुझाने के इंतजाम जुटाने में आसानी रही। दीपावली पर्व की तैयारियों में अपने-अपने घरों की साफ सफाई व सजावट करने में जुटे लोग अचानक आग लगने की इस घटना से अस्त व्यस्त हो गए। ग्रामीणों की सजगता के कारण समय रहते आग बुझा लेने से आग विकराल रूप धारण न कर सकी, जिससे आसपास के मकानों में नुकसान होने से बच गया। आग लगने की चपेट में आये बाड़े के समीप ही अन्य बाड़े व आवासीय मकान बने हुए हैं।

# आरोपी को पकड़ने गई पुलिस टीम पर हमला

दौसा, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। गुर्जर सीमला गांव में धोखाधड़ी मामले के एक आरोपी को पकड़ने गई पुलिस टीम के साथ आरोपी और उसके परिजनों ने धक्का-मुक्की कर मारपीट कर दी। इस दौरान एक पुलिसकर्मी की वर्दी भी फाड़ दी, वहीं दो पुलिसकर्मियों के चोट लगी है। इस पर आरोपी व उसके परिजनों के खिलाफ राजकार्य में बाधा और मारपीट का मामला दर्ज कराया गया। पुलिस ने आरोपी पति-पत्नी को गिरफ्तार कर एक नाबालिग बालिका को निरुद्ध किया है।

सिकंदरा थाना प्रभारी सूणीलाल ने बताया कि जिले में एरिया डॉमिनेशन की कार्रवाई की जा रही है। इसके चलते सिकंदरा थाने में धोखाधड़ी के मामले में वांछित आरोपी सरदार सिंह गुर्जर को पकड़ने के लिए हैड कांस्टेबल लीलाराम जाब्ते के साथ गुर्जर सीमला पहुंचे। पुलिस को देखकर घर के बरामदे में खड़ा आरोपी भागने लगा, लेकिन उसे दबोच लिया। इस दौरान आरोपी को छुड़ाने के लिए आरोपी की पत्नी मीरा देवी, नाबालिग पुत्री और बेटे जीतराम ने पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया।

इससे हैड कांस्टेबल लीलाराम व श्रीकृष्ण के हाथ और पेट में चोट आई। एक कांस्टेबल की वर्दी फाड़ दी। मेहंदीपुर बालाजी थाना प्रभारी गौरव प्रधान ने बताया कि मामले की सूचना मिलने पर जाप्ता मौके पर पहुंचा। राजकार्य में बाधा और पुलिसकर्मियों से मारपीट का मामला दर्ज किया। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में सरदार सिंह और उसकी पत्नी मीरा देवी को गिरफ्तार किया है व नाबालिग पुत्री को निरुद्ध किया गया है।

# तलाई में नहाने गए 2 मासूम की डूबने से मौत

बारां, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। कवाई थाना क्षेत्र के कुंडी गांव के पास स्थित तलाई में नहाने गए दो मासूम बच्चों की डूबने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कुंडी गांव से मुसई गुजरान व उग्रपुरा जाने वाले रास्ते पर गांव के पास स्थित तलाई में करीब 4-5 बच्चे नहाने गए थे, इस दौरान दो बच्चे तलाई में नहाने के लिए उतरे और पानी में डूब गए। तलाई के बाहर बैठे छोटे बच्चों ने जब यह बात राहगीरों को बताई तो ग्रामीण वहां पहुंचे और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद तलाई में डूबे दोनों मासूम बच्चों को बाहर निकाला।

कुंडी निवासी 10 वर्षीय भुवनेश पुत्र लक्ष्मीचंद जाति कुशवाह व 6 वर्षीय हेमराज पुत्र बाल किशन जाति कुशवाह को कवाई स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हेड कांस्टेबल भंवर सिंह गुर्जर ने बनाया की सूचना पर स्वास्थ्य केंद्र पहुंच कर दोनों मृतकों का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

# 11 साल बाद मुंबई में टेस्ट मैच खेलेंगे रोहित शर्मा

## आखिरी बार शतक जड़कर दिलाई थी जीत



मुंबई, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत और न्यूजीलैंड की टीमों के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी मैच 1 नवंबर से खेला जाएगा. दोनों टीमें 1 नवंबर से मुंबई के ऐतिहासिक वानखेड़े स्टेडियम में आमने-सामने होंगी. शुरुआती दो मैच गंवा चुकी टीम इंडिया की नजर इस सीरीज को जीत के साथ खत्म करने पर होगी. वहीं, भारतीय खिलाड़ियों पर क्लीन स्वीप को टालने की जिम्मेदारी भी रहने वाली है. हालांकि, ये मैच भारत के एक खिलाड़ी के लिए काफी खास रहने वाला है. ये खिलाड़ी 11 साल के बाद मुंबई के इस मैदान पर टेस्ट मैच खेलने उतरेगा.

**मुंबई में 11 साल बाद टेस्ट मैच खेलेगा ये खिलाड़ी**

रोहित शर्मा एंड कंपनी मुंबई टेस्ट मैच जीतकर लाज बचाना चाहेगी. वहीं, रोहित के लिए ये मुकाबला काफी खास होगा. वह अपने होम ग्राउंड पर 11 साल के बाद कोई टेस्ट मैच खेलेंगे. उन्होंने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में आखिरी टेस्ट मैच 2013 में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेला था, ये टेस्ट मैच सचिन तेंदुलकर के करियर का भी आखिरी टेस्ट मैच भी था. इसके बाद से ही रोहित शर्मा इस मैदान पर कोई टेस्ट मैच खेलने नहीं उतरे हैं, लेकिन अब उनका ये लंबा इंतजार खत्म होने वाला है.

रोहित शर्मा ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में अपने पिछले टेस्ट मैच के दौरान एक शानदार शतक जड़ा था. उन्होंने मुकाबले की पहली पारी में 127 गेंदों पर नाबाद 111 रन की पारी खेली थी. इस पारी के दौरान रोहित ने 11 चौके और 3 छक्के जड़े थे. उस सीरीज में रोहित के बल्ले से कुल 288 रन देखने को मिले थे, इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज भी चुना गया था.

**वानखेड़े में टीम इंडिया का शानदार रिकॉर्ड**

मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में टीम इंडिया ने अभी तक 26 टेस्ट मैच खेले हैं. इस दौरान भारतीय टीम को 12 मैचों में जीत मिली है और 7 मैचों में हार का सामना करना पड़ा है, वहीं 7 मुकाबले ड्रॉ भी रहे हैं. अच्छी बात ये भी है कि टीम इंडिया ने पिछले 12 सालों में मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में कोई भी टेस्ट मैच नहीं हारा है. भारतीय टीम ने इस मैदान पर अपना पिछला टेस्ट मैच साल 2021 में न्यूजीलैंड के खिलाफ ही खेला था, तब भारत ने 372 रनों के अंतर से मैच अपने नाम किया था.

# 'फाइनल तक नहीं पहुंचने का दुख लेकिन कांस्य जीतने की खुशी'

## जूनियर हॉकी टीम के कप्तान का बयान



नई दिल्ली, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय जूनियर पुरूष हॉकी टीम के कप्तान आमिर अली ने स्वीकार किया कि सुल्तान जोहोर कप के फाइनल के लिये क्वालीफाई नहीं कर पाने से वह दुखी हैं लेकिन कहा कि खाली हाथ लौटने से कांस्य पदक काफी अच्छा है। भारत ने तीसरे और चौथे स्थान के मुकाबले में न्यूजीलैंड को शूटआउट में हराकर मलेशिया के जोहोर बाहरू में हुए जूनियर टूर्नामेंट में कांस्य पदक जीता।

अली ने कहा, 'गोल औसत के आधार पर फाइनल से बाहर रहने का हमें दुख है, लेकिन एक टीम के रूप में हमने तय किया कि पीछे मुड़कर देखने का कोई फायदा नहीं है। हमने कांस्य पदक के मुकाबले पर फोकस करने का फैसला किया और खुद से वादा किया कि हम खाली हाथ नहीं लौट सकते।' भारत पूरे टूर्नामेंट में अंकों के आधार पर शीर्ष पर रहा लेकिन आस्ट्रेलिया से 0-4 से हार के बाद गोल औसत में ब्रिटेन से एक गोल से पिछड़कर फाइनल में जगह नहीं बना सका। जूनियर टीम के कोच के तौर पर महान गोलकीपर पी आर श्रीजेश का यह पहला टूर्नामेंट था। अली ने कहा, 'हमें श्री भाई ( श्रीजेश) से बेहतर मेंटोर नहीं मिल सकता था। वह लगातार हमसे कहते रहे कि मैचों का मजा लो और हमने दबाव लिये बिना खेला। हमने गोल गंवाने के बाद वापसी की और वे मैच जीते भी।' अब भारतीय जूनियर टीम की नजरें जूनियर एशिया कप खिताब जीतने पर लगी है जो अगले साल होने वाले एफआईएच जूनियर विश्व कप का क्वालीफाइंग टूर्नामेंट है। जूनियर एशिया कप 26 नवंबर से ओमान में खेला जाएगा।

# टीम इंडिया के साथ केकेआर के लिए भी काम कर रहे गौतम गंभीर ?

नई दिल्ली, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। टीम इंडिया के पूर्व दिग्गज ओपनर गौतम गंभीर के मेंटॉर रहते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल 2024 का खिताब जीता था. उनकी इस सफलता को देखते हुए बीसीसीआई ने गंभीर को ही टीम इंडिया का नया हेड कोच बनाने की ठानी. उम्मीदें तो यही थी कि गंभीर के आने से टीम इंडिया नई सफलताएं छुएगी लेकिन उसकी स्थिति तो बिगड़ने लगी है. न्यूजीलैंड के हाथों टेस्ट सीरीज में हार ने 12 साल से चले आ रहे वर्चस्व को खत्म कर दिया. जिस तरह के फैसलों के कारण ये दिन देखना पड़ा, उससे गंभीर पर भी सवाल उठ रहे हैं. अगर ये काफी नहीं था तो अब गंभीर पर नए आरोप लगने लगे हैं कि क्या वो टीम इंडिया के कोच हैं या कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटॉर? क्या वो एक ही वक्त पर दोनों टीमों के लिए काम कर रहे हैं?

भारत और न्यूजीलैंड के बीच 1 नवंबर से मुंबई के वानखेडे स्टेडियम में टेस्ट सीरीज का आखिरी मैच शुरू होगा. इस मुकाबले से ठीक पहले टीम मैनेजमेंट ने एक ऐसा फैसला लिया है, जिसने सबको चौंका दिया है और इसके कारण ही गंभीर सवालों के घेरे में आ गए हैं. असल में खबर सामने आई कि तीसरे टेस्ट मैच के लिए दिल्ली के तेज गेंदबाज हर्षित राणा को भारतीय स्क्वॉड में शामिल कर लिया गया है. सिर्फ इतना ही नहीं, ये भी तय माना जा रहा है कि हर्षित इस टेस्ट मैच में अपना डेब्यू भी कर सकते हैं. इस एक खबर के कारण गंभीर सवालों के घेरे में आ गए हैं.

**गंभीर पर क्यों उठ रहे सवाल ?**

इस वक्त आईपीएल रिटेंशन को लेकर गहमा-गहमी है और 31 अक्टूबर को रिटेंशन की डेडलाइन है. यानि 31 अक्टूबर तक हर टीम को अपने रिटेन किए गए 6 खिलाड़ियों (या उससे कम) के नाम बताने हैं. रिटेंशन के नियमों के तहत कोई भी टीम अगर किसी अनकैप्ड खिलाड़ी (जिसने इंटरनेशनल क्रिकेट न खेला हो) को रिटेन करना चाहती है तो उसे सिर्फ 4 करोड़ रुपये में रिटेन कर सकती है. हर्षित राणा ने अभी तक टीम इंडिया के लिए डेब्यू नहीं किया है,



यानि वो अभी तक अनकैप्ड हैं. ऐसे में कोलकाता नाइट राइडर्स उन्हें अनकैप्ड खिलाड़ी के तौर पर रिटेन कर सकती है, जो लगभग तय माना जा रहा है क्योंकि पिछले सीजन में हर्षित ने अपने प्रदर्शन से काफी प्रभावित किया था और टीम को चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई थी.

गौतम गंभीर पर सवाल उठने की असली वजह यही है. अगर हर्षित राणा ने रिटेंशन से पहले टीम इंडिया के लिए डेब्यू कर लिया होता तो कोलकाता को उन्हें रिटेन करने के लिए 4 करोड़ रुपये से ज्यादा ही रकम खर्च करनी पड़ती लेकिन अनकैप्ड खिलाड़ी के रूप में रिटेन करने पर फ्रेंचाइजी के काफी पैसे बच जाएंगे, जिसका फायदा वो मेगा ऑक्शन में उठा सकती है.

**कहीं सिर्फ संयोग तो नहीं ?**

इस फैसले को सिर्फ एक संयोग मानकर अनदेखा भी नहीं किया जा सकता क्योंकि इसके तार एक पिछले घटनाक्रम से जुड़े हैं. इसी महीने भारत और बांग्लादेश के बीच टी20 सीरीज खेली गई थी, जिसमें हर्षित राणा भी टीम इंडिया का हिस्सा थे. उस सीरीज में नीतीश कुमार रेड्डी और मयंक यादव ने पहले मैच में ही डेब्यू कर लिया था और तीनों मैच खेले थे. ऐसे में माना जा रहा था कि तीसरे टी20 में हर्षित भी डेब्यू कर सकते हैं लेकिन 12 अक्टूबर को हुए इस मुकाबले से ठीक पहले अचानक उन्हें बीमार बता दिया गया, जिससे वो सेलेक्शन के लिए उपलब्ध नहीं थे. लेकिन अगले ही दिन वो बेंगलुरु में भारतीय टेस्ट टीम के साथ ट्रेनिंग कैंप में मौजूद थे और एकदम फिट दिख रहे थे.

उस वक्त भी गंभीर को लेकर इस तरह के सवाल उठे थे कि वो आईपीएल रिटेंशन को ध्यान में रखते हुए हर्षित को 31 अक्टूबर तक डेब्यू नहीं करवाना चाहते. हालांकि तब इस तरह की बातें सिर्फ हल्के-फुल्के मजाक में कही जा रही थीं लेकिन अचानक हर्षित को रणजी ट्रॉफी के बीच से बुलाकर मुंबई टेस्ट के लिए टीम इंडिया में शामिल करने के फैसले ने इस मजाक को गंभीर आरोप में बदल दिया है. सोशल मीडिया पर भी कई यूजर बीसीसीआई से ये सवाल कर रहे हैं कि क्या गंभीर का अपनी पुरानी फ्रेंचाइजी को फायदा पहुंचाने वाला फैसले 'हितों के टकराव' यानि 'कॉनफ्लिक्ट ऑफ इंटरेस्ट' नहीं है?

**काबिलियत पर नहीं, इरादों पर संदेह**

हर्षित राणा निश्चित रूप से एक अच्छे तेज गेंदबाज हैं, जो अपनी रफ्तार के अलावा उछाल से भी बल्लेबाजों को परेशान करते हैं. साथ ही बल्लेबाजी में भी योगदान देते हैं. उन्हें बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए भी चुना गया है और मुंबई टेस्ट के लिए बुलाए जाने से ठीक पहले उन्होंने रणजी ट्रॉफी मैच में एक पारी में 5 विकेट लेकर और फिर अर्धशतक जमाकर दिल्ली को जीत भी दिलाई. ऐसे में उनकी काबिलियत पर कोई शक नहीं है. ऐसे में अगर गंभीर हर्षित को वाकई टीम इंडिया में डेब्यू के लिए तैयार मानते हैं तो सीरीज के आखिरी मैच तक इंतजार नहीं करना पड़ता. अब अगर आईपीएल रिटेंशन के ठीक एक दिन बाद हर्षित राणा सच में मुंबई टेस्ट में अपना डेब्यू करते हैं तो ये बतौर कोच गंभीर की नीयत और उनके तौर तरीकों को कठघरे में खड़ा कर देगी, जो भारतीय क्रिकेट टीम के लिए अच्छी खबर नहीं है.

# एआईएफएफ ने जमीनी स्तर पर खेल को बढ़ावा दिया

## एएफसी 'प्रेसिडेंट रेकग्निशन अवार्ड' जीता



नई दिल्ली, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) को सियोल में एएफसी (एशियाई फुटबॉल महासंघ) वार्षिक पुरस्कारों के दौरान जमीनी स्तर पर फुटबॉल को बढ़ावा देने के लिए प्रतिष्ठित 'प्रेसिडेंट रेकग्निशन अवार्ड' में रजत पदक से सम्मानित किया गया।

एआईएफएफ ने पिछले साल दोहा में आयोजित एएफसी वार्षिक पुरस्कारों में कांस्य पदक हासिल किया था। एएफसी के ग्रासरूट चार्टर (जमीनी स्तर पर खेल को बढ़ावा देने के संबंध में) के तहत एआईएफएफ को रजत स्तर की सदस्यता से नवाजा गया है।

राष्ट्रीय महासंघ की तरफ जारी बयान में कहा कि एआईएफएफ को जमीनी स्तर पर खेल के विकास, दीर्घकालिक टिकाऊ कार्यक्रम, क्षेत्रीय भागीदारी को बढ़ावा देने और देश भर में विभिन्न हितधारकों के साथ मजबूत साझेदारी के प्रति प्रतिबद्धता दिखाने का श्रेय मिला है। एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे ने महासंघ की ओर से पुरस्कार स्वीकार किया।

# एटीपी फाइनल्स टूर्नामेंट में बोपन्ना-एब्डेन ने जगह बनाई, ये जोड़ियां भी लेंगी हिस्सा

तूरिन, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत के स्टार रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के उनके जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन ने सत्रांत होने वाले प्रतिष्ठित एटीपी टेनिस फाइनल्स में जगह बना ली है। नथानील लेमोंस और जैकसन विथ्रो की जोड़ी के पेरिस मास्टर्स से बाहर होने के साथ बोपन्ना और एब्डेन ने टूर्नामेंट में जगह बना ली। तूरीन में होने टूर्नामेंट में बोपन्ना और एब्डेन के अलावा वेस्ली कूलहोफ और निकोला निकोला मैकटिक, केविन क्राविट्ज और टिम पुएट्ज, हैरी हेलियोवारा और हेनरी पेटेन, मार्सेलो अरेवालो और मेट पाविच, मार्सेल ग्रेनोलर्स और होरासियो जेबालोस, साइमन बोलेली और आंद्रिया वावासोरी और मैक्स पुर्सेल और जोर्डन थॉम्पसन की पुरुष युगल जोड़ियां हिस्सा लेंगी।



एटीपी फाइनल्स का आयोजन इनाल्पी एरेना में 10 से 17 नवंबर तक होगा जिसमें दुनिया की सिर्फ शीर्ष आठ जोड़ियां हिस्सा लेंगी। बोपन्ना और एब्डेन ने सत्र की शानदार शुरुआत करते हुए ऑस्ट्रेलिया ओपन का खिताब जीता था। भारतीय खिलाड़ी इस दौरान 43 साल 331 दिन की उम्र में दुनिया का नंबर एक बनने वाला सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बना। बोपन्ना और एब्डेन ने इसके बाद मियामी ओपन का भी खिताब जीता। भारत और ऑस्ट्रेलिया की जोड़ी ने इसके अलावा एडीलेड में फाइनल और रोलां गैरो में सेमीफाइनल में भी जगह बनाई।

बोपन्ना और एब्डेन ने लगातार दूसरे साल एटीपी फाइनल्स के लिए क्वालिफाई किया। ये दोनों 2023 में तूरीन में सेमीफाइनल में पहुंचे थे जहां उन्हें ग्रेनोलर्स और जेबालोस के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। बोपन्ना की नजरें अपने पहले एटीपी फाइनल्स खिताब पर टिकी हैं। वह इससे पहले 2012 में महेश भूपति और 2015 में फ्लोरिन मर्जिया के साथ मिलकर फाइनल में जगह बना चुके हैं। उन्होंने सबसे पहले 2011 में ऐसा उल हक कुरैशी के साथ मिलकर इस टूर्नामेंट में जगह बनाई थी।

# 'कैप्टन कोहली' की होगी आईपीएल 2025 में वापसी !

## फिर आरसीबी का कप्तान बनना चाहते हैं विराट

मुंबई, , 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। आईपीएल 2025 सीजन के लिए खिलाड़ियों के रिटेंशन को लेकर लगातार हलचल जारी है लेकिन इन सबके बीच सबसे ज्यादा चौंकाने वाली और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु फैंस को खुश करने वाली खबर आ रही है. तीन सीजन पहले तक आईपीएल में बेंगलुरु के कप्तान रहे विराट कोहली एक बार फिर से टीम का नेतृत्व करते दिख सकते हैं. आईपीएल रिटेंशन की डेडलाइन से पहले ये बड़ा दावा सामने आया है, जिसके मुताबिक कोहली फिर से बेंगलुरु की कप्तानी करने का मन बना चुके हैं. अब ऐसा होगा या नहीं, ये नवंबर में होने वाली मेगा ऑक्शन के बाद ही सामने आएगा.

कोहली ने जताए इरादे- रिपोर्ट

विराट कोहली की कप्तानी को लेकर ये दावा किया गया है



ईएसपीएन-क्रिकइंफो के एक वीडियो में, जहां आईपीएल रिटेंशन को लेकर बातें की जा रही थी. इस वीडियो में ये बताया गया है कि विराट कोहली ने RCB मैनेजमेंट के सामने अपने दिल की बात रखी है और एक बार फिर से टीम की कप्तानी करने की इच्छा जाहिर की है. कोहली लगातार 9 सीजन तक RCB के कप्तान थे लेकिन खिताबी सफलता नहीं मिलने के कारण उन्होंने 2021 सीजन के बाद इस्तीफा दे दिया था. इसके बाद से ही फाफ डुप्लेसी ने लगातार 3 सीजन टीम की कमान संभाली.

**आरसीबी को कप्तान की तलाश**

अगले सीजन के लिए बेंगलुरु की ओर से डुप्लेसी को रिटेन किए जाने की संभावनाएं बेहद कम नजर आ रही हैं. ऐसे में लगातार दावा किया जा रहा है कि आरसीबी मेगा ऑक्शन के जरिए केएल राहुल, ऋषभ पंत या श्रेयस अय्यर में से किसी एक को खरीदकर टीम का कप्तान बनाने पर विचार कर रही है. इसमें भी राहुल का नाम सबसे आगे है, जिन्होंने करियर के शुरुआत में कुछ सीजन में बेंगलुरु में बिताए भी थे. लेकिन अब इस ताजा रिपोर्ट से सारे दावे गलत साबित होते दिख रहे हैं. अगर कोहली ने वाकई कप्तानी की इच्छा जाहिर की है तो इसकी बात की संभावना कम ही है कि RCB उन्हें मना करेगी क्योंकि कप्तानी के रिकॉर्ड के बावजूद कोहली फ्रेंचाइजी की पहचान रहे हैं.

**9 साल में नहीं जीत पाए खिताब**

अगर विराट के आईपीएल में कप्तानी के रिकॉर्ड की बात करें तो उन्होंने 2013 सीजन में पूरी तरह से कप्तानी की जिम्मेदारी संभाली थी लेकिन वो एक बार भी टीम को खिताब नहीं जिता पाए. उनकी कप्तानी में फ्रेंचाइजी ने सिर्फ 2016 में ही एक बार फाइनल खेला था, जहां उसे सनराइजर्स हैदराबाद से हार का सामना करना पड़ा था. कोहली ने कुल मिलाकर 143 मैचों में कप्तानी की, जिसमें से टीम को सिर्फ 66 में जीत मिली जबकि 70 में हार झेलनी पड़ी. जहां तक पिछले 3 सीजन की बात है तो डुप्लेसी की कप्तानी में टीम ने 2022 और 2024 में प्लेऑफ का सफर तय किया लेकिन 2023 में टीम इससे चूक गई थी.

# स्मृति मंधाना ने शतक ठोक रचा इतिहास, तोड़ डाला बड़ा रिकॉर्ड

अहमदाबाद, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे और निर्णायक वनडे मुकाबले में स्मृति मंधाना ने शानदार शतक लगाया. इस शतक के साथ ही उन्होंने एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया. स्मृति मंधाना ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 100 रन बनाए और उन्होंने टीम इंडिया की जीत भी तय की. मंधाना का ये शतक इसलिए खास है क्योंकि वो अब टीम इंडिया के लिए सबसे ज्यादा वनडे शतक लगाने वाली महिला खिलाड़ी बन गई हैं. उन्होंने मिताली राज का रिकॉर्ड तोड़ा, जिनके नाम 7 शतक थे.

मंधाना का कमाल

स्मृति मंधाना ने न्यूजीलैंड के खिलाफ शतक लगाकर एक और बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया है. मंधाना भारत की पहली महिला क्रिकेटर हैं जिन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट में 10 शतक लगाए हैं. मंधाना का ये शतक इसलिए भी खास है क्योंकि उनकी इस पारी ने टीम इंडिया को न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में 2-1 से जीत दिलाई. मंधाना ने शतक जड़ने के लिए काफी संभलकर



बल्लेबाजी की. उन्होंने 73 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया. इस दौरान उनके बल्ले से 4 चौके ही निकले, मतलब उन्होंने दौड़कर काफी रन बटोरे. अर्धशतक पूरा होने के बाद मंधाना ने 6 चौके और लगाए और वो 121 गेंदों में शतक तक पहुंच गईं.

हरमनप्रीत के साथ की मैच जिताऊ साझेदारी

मंधाना ने कप्तान हरमनप्रीत कौर के साथ भी बेहतरीन साझेदारी की. मंधाना और हरमनप्रीत कौर के बीच 116 गेंदों में 118 रनों की साझेदारी हुई. इस साझेदारी के दम पर ही टीम इंडिया ने आसानी से ये मैच जीत लिया. शुरुआत की बात करें तो 233 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए शेफाली वर्मा सस्ते में निपट गई थीं.

इसके बाद मंधाना ने यास्तिका भाटिया के साथ 104 गेंदों में 76 रन जोड़े. भाटिया के आउट होने के बाद कप्तान हरमनप्रीत कौर ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी कर पूरी तरह से मैच भारत के पक्ष में कर दिया. हरमनप्रीत ने सिर्फ 54 गेंदों में अर्धशतक लगाया और वो 59 रन पर नाबाद रहकर टीम को मैच जिताकर पवेलियन लौटीं.

# 19 साल के स्पिनर के 'जादू' ने दिलाई बांग्लादेश को ऐतिहासिक जीत

खेल डेस्क, , 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। 30 अक्टूबर का दिन बांग्लादेश क्रिकेट टीम के लिए बेहद खास दिन होता है। टीम ने आज से आठ साल पहले इसी दिन इंग्लैंड के खिलाफ ऐतिहासिक टेस्ट मैच अपने नाम किया था। यह पूरी ताकत के साथ मैदान पर उतरी किसी बड़ी टीम पर बांग्लादेश की पहली जीत थी। टीम की इस जीत के स्टार ऑफ स्पिनर मेहदी हसन थे, जो इस टेस्ट से तीन दिन पहले 19 साल के हुए थे। उन्होंने मैच में दिग्गज ऑलराउंडर शाकिब अल हसन के साथ मिलकर टीम को इंग्लैंड के खिलाफ ऐतिहासिक जीत दिलाई थी। इस जीत के दम पर बांग्लादेश ने चटगांव में पिछड़ने के बाद दो मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर की।

मैच में इंग्लैंड को बांग्लादेश से 273 रनों का चुनौतीपूर्ण टारगेट मिला था। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज एलिस्टर कुक और बेन डकेट के बीच शतकीय साझेदारी हुई, जिससे टीम चाय से पहले मजबूत स्थिति में थी और जीत की ओर बढ़ रही थी। हालांकि लंच के बाद कहानी पूरी तरह बदल गई। यहां 19 साल के मिराज ने इंग्लैंड के टॉप ऑर्डर को पूरी तरह तहस-नहस कर दिया। कुक-डकेट की जोड़ी के पवेलियन जाने के बाद इंग्लैंड के बाकी बल्लेबाज बांग्लादेश के स्पिनरों का सामना नहीं कर सके। दोनों बल्लेबाज फिफ्टी पूरी होने के बाद आउट हुए। आलम यह था कि इन दोनों के अलावा इंग्लैंड का कोई अन्य बल्लेबाज 30 रन भी नहीं बना पाया। इंग्लिश टीम के खिलाफ चटगांव टेस्ट में कुल सात विकेट लेने वाले मेहदी इस मैच में भी इंग्लैंड के लिए बुरा सपना साबित हुए। उन्होंने इस पूरे मैच में 12 विकेट लिए। उनको यहां शाकिब का अच्छा साथ मिला, जिन्होंने एक ओवर में तीन विकेट चटकाकर इंग्लैंड की कमर तोड़ दी। शाकिब ने दूसरी पारी में चार विकेट अपने नाम किए, जिसमें जो रूट और बेन स्टोक्स के बेशकीमती विकेट शामिल हैं।




Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.